दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶

3 | राजधानी — शहर की सरकार में हिस्सेदारी ....

4 | अभिव्यक्ति — हैदराबाद के बलात्कारियों को...

9 | मनोरंजन/व्यापार — इस स्टार को अपना 'पति' और...

11 | खेल — भड़के मियांदाद, बोले- इमरान...

www.navpradesh.com — रायपुर, शनिवार 7 दिसम्बर, 2019, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-292 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए — छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

निर्भया, गुड़िया और दिशा सहित उन तमाम दिवंगत बेटियों की आत्मा को असीम शांति मिली होगी। हैदराबाद के हैवानो को कुत्ते की मौत मारकर हैदराबाद पुलिस ने शौर्य दिवस की सार्थकता सिद्ध कर दी। हैदराबाद पुलिस को दिल से सलाम। इसे कहते है खुदाई इंसाफ। न वकील, न दलील, न अपील, फैसला ऑन द स्पॉट। एनकाउंटर करने वाली हैदराबाद पुलिस टीम को जिस तरह लोगों ने सिर माथे पर बिठाया है, उसे देखते हुए सरकार भी उन पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करें। पूरे देश की पुलिस को हैदराबाद पुलिस को अपना रोल मॉडल बनाना चाहिए और दरिंदो को इसी तरह ठिकाने लगाना चाहिए।

फर्जी मुठभेड़ में 17 निर्दोष आदिवासियों की मौत की जिम्मेदारी होगी तय

राम-राम के बाद रमन सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर/रायपुर। सारकेगुड़ा फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व सीएम रमन सिंह, मुकेश गुप्ता, तत्कालीन बस्तर आईजी लांगकुमेर, सीआरपीएफ डीआईजी एस. एलांगो, एसपी प्रशांत अग्रवाल, टीआई इब्राहिम खान और 190 सीआरपीएफ कोबरा जवानों के खिलाफ के 17 पीड़ित परिवार ग्रामीणों ने बासागुड़ा थाने में शिकायत दर्ज ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

- 7 साल बाद थाना पहुंचा पूर्व सीएम समेत 7 अफसरों का नाम
- 190 सीआरपीएफ जवानों के खिलाफ भी मृतक परिवार पहुंचे
- एफआईआर के लिए अड़े, पुलिस की ना
- न्यायिक जांच रिपोर्ट में जवानों को चूक का दोषी पाया गया है

राजनीति नहीं, अनुशंसा के आधार पर होनी चाहिए कार्रवाई-डॉ.रमन सिंह

सारकेगुडा फर्जी एनकाउंटर मामले में पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के खिलाफ बासागुड़ा थाने में शिकायत की गई है। इस पर रमन सिंह ने कहा कि मसले पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, बल्कि न्यायिक जांच आयोग की अनुशंसा के आधार पर सरकार को कार्रवाई करना चाहिए। उन्हों ने कहा कि यह मामला 2012 का है। तब सरकार में रहते हुए हमने ही न्यायिक जांच आयोग का गठन किया था। न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट आ गई है। आयोग ने जो अनुशंसाएं की हैं, अब सरकार को इन अनुशंसाओं के मुताबिक कार्रवाई करना चाहिए। इस मसले पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

एक मामले में दो एफआईआर कैसे होगी, विधिक सलाह लेंगे-आईजी सुंदरराज

इस मामले में पूर्व में ही एफआईआर दर्ज है, चालान जमा हो चुका है। एक ही प्रकरण में दो एफआईआर कैसे होगी। फिर भी हम विधि विभाग से मार्गदर्शन मांगेंगे। शासन को भी पत्र भेजकर इस मामले में विधिक सलाह और निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पीड़ित परिवार ने सुबह से दोपहर तक बासागुड़ा थाना में गाया रघुपति राघव राजा राम...

फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व सीएम रमन सिंह सहित तत्कालीन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने ग्रामीण बासागुड़ा थाना परिसर में धरने पर बैठ गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार और सोनी सोढ़ी के साथ ग्रामीण 'रघुपति राघव राजा' भजन गाते हुए थाना ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

हैदराबाद गैंगरेप एनकाउंटर: 30 मिनट में क्या-क्या हुआ पुलिस ने बताया, शूटआउट से शॉक्ड, सैल्यूट फिर तारिफ के बाद सवाल?

'किस्सा खत्म'

सुबह 5.45 से 6.15 के बीच

- 2 पुलिसकमी घायल, एक की हालत गंभीर है
- आरोपियों ने पुलिस के हथियार छीने, पत्थरों से किया हमला
- 'मानवाधिकार संगठन, एनएचआरसी के जो भी सवाल हैं, हम उसका जवाब देने को तैयार'

हैदराबाद (वार्ता)। हैदराबाद में आज सुबह डॉक्टर गैंगरेप के आरोपियों का एनकाउंटर किन परिस्थितियों में हुआ इसके बारे में पुलिस ने पूरी जानकारी दी। साइबराबाद के पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार ने एनकाउंटर वाली जगह से ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपियों ने पुलिस के हथियार छीनकर भागने की कोशिश की थी। इसके बाद पुलिस को गोली चलानी पड़ी।

30 मिनट चला एनकाउंटर, आरोपियों ने फायरिंग की

पुलिस ने बताया, 'हमने साइंटिफिक्र तरीके से जांच की और उसके बाद ही चारों आरोपियों को अरेस्ट किया गया था। पुलिस का कहना है कि पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी की गई और इसी के तहत 10 दिन की न्यायिक हिरासत कोर्ट ने दी। 4 और 5 दिसंबर को आरोपियों से पूछताछ की गई। आज सुबह सीन रीक्रिएशन के लिए हम हम चारों आरोपियों को लेकर गए। वहां आरोपी आरिफ और चिंताकुटा ने पुलिस से हथियार छीने। आरोपियों ने डंडे और पत्थर से पुलिस पर ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

एनकाउंटर के बाद सरकार की तारीफ

एनकाउंटर के बाद पिता ने तेलंगाना सरकार को बधाई देते हुए कहा, 'मेरी बच्ची को मरे 10 दिन हो गए। मेरी बच्ची की आत्मा को अब शांति मिलेगी। मैं तेलंगाना सरकार को बधाई देता हूं।' पीड़िता की बहन ने भी खुशी जताई है और इसे एक उदाहरण बताया है।

'हर सवाल का जवाब देने को तैयार'

सज्जनार ने बताया कि जब आरोपी हथियार छीनकर भागने लगे तो घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें चेतावनी भी दी, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इस गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं। सज्जनार ने मानवाधिकार आयोग या किसी अन्य संगठन के सवालों पर दो टूक अंदाज में कहा कि हम हर सवाल जवाब देने के लिए तैयार हैं।

आरोपी की मां ने कहा था- 'जला दो'

'दिशा' के साथ हुई इस घटना से हैदरबाद समेत देश के दूसरे हिस्सों में भी उबाल थी। रेप-हत्याकांड के आरोपियों को फांसी पर लटकाने की मांग की जा रही थी। पीड़िता के परिजन तो मौत की सजा की मांग कर ही रहे थे, एक आरोपी केशवुलू की मां ने भी कहा था कि जैसा आरोपियों ने पीड़िता के साथ किया, उन्हें भी वैसे ही जला दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'मेरी भी एक बेटी है। मुझे पीड़िता के परिवार का दर्द पता है।'

पीड़िता के पिता, अब मेरी बच्ची की आत्मा को मिलेगी शांति

रेप और फिर निर्मम हत्या के चारों आरोपियों शुक्रवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में मारे गए। इस कार्रवाई पर पीड़िता के पिता ने सरकार को बधाई देते हुए कहा है कि उनकी बेटी की आत्मा को शांति मिलेगी। पुलिस का कहना है कि वह आरोपियों को सीन रीकंस्ट्रक्ट करने के लिए मौका-ए-वारदात पर ले गई थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस दौरान वह हथियार लेकर भागने की कोशिश कर रहे थे और पुलिस पर फायरिंग भी की। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें चारों आरोपी मारे गए। वहीं दरिंदगी का शिकार हुई वेटनरी डॉक्टर के पिता ने कहा, 'मेरी बच्ची को मरे 10 दिन हो गए। मेरी बच्ची की आत्मा को अब शांति मिलेगी। मैं तेलंगाना सरकार को बधाई देता हूं।'

उन्नाव पीड़िता ने अपने भाई से कहा-

'मैं बच तो जाऊंगी न? मैं मरना नहीं चाहती हूं'

- उन्नाव रेप विक्टिम की हालत बेहद गंभीर
- अस्पताल में वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से लड़ रही है जंग

नई दिल्ली/उन्नाव (ए.)। उन्नाव रेप विक्टिम की हालत बेहद गंभीर है। दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में वह वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है, लेकिन भयानक दर्द में भी वह अपने गुनहगारों के लिए कड़ी सजा मांग रही है। उसने अपने भाई से भी कहा कि उसके गुनहगारों को छोड़ना नहीं। सफ्दरजंग अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उसे बचाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। पीड़िता का कहना है कि वह मरना नहीं चाहती है। सफ्दरजंग अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सुनील गुप्ता ने बताया, 'पीड़िता को जब लखनऊ से दिल्ली शिफ्ट किया गया तो वह थोड़ी होश में थी और बार-बार एक ही बात कह रही थी, मैं बच तो जाऊंगी न? मैं मरना नहीं चाहती हूं।' उसने अपने भाई से भी कहा, उसके गुनहगारों को छोड़ना नहीं।

72 घंटे बेहद नाजुक- डॉक्टर

डॉ. सुनील गुप्ता ने बताया कि पीड़िता के अंग काम कर रहे हैं, लेकिन वह अभी बेहोशी की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, 'हम उसे बचाने की हर कोशिश कर रहे हैं। लेकिन शुरुआत के 72 घंटे बेहद नाजुक होते हैं। अभी वह बेहोश है और हम ज्यादा कुछ नहीं कह सकते हैं।'

योगी ने दिए इलाज में मदद के आदेश

पुलिस के अनुसार, पांच आरोपियों की पहचान शुभम, शिवम, हरिशंकर, उमेश और राम किशोर के रूप में हुई है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले में संज्ञान लेते हुए पीड़िता के इलाज में मदद और आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई के आदेश दिए।

बढ़ते दुष्कर्म मामले पर सीएम भूपेश बघेल का सीएस मंडल को निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में दुष्कर्म के बाद दर्दनाक तरीकों से महिलाओं को मारने का मामला देखते हुए शासन ने अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्य सचिव आरपी मंडल को दो सप्ताह में महिलाओं की सुरक्षा के लिए संयुक्त योजना बनाने का सख्त निर्देश दिया है। जिसमें इंटीग्रेटेड प्लान के जरिए प्रदेश की महिलाएं सुरक्षित रहें। ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

- सुरक्षा के लिए 2 सप्ताह में बनेगा सिक्योरिटी इंटीग्रेटेड प्लान

खास खबर

निर्भया: गृह मंत्रालय ने दया याचिका को खारिज करने की गुजारिश की

नई दिल्ली। हैदराबाद रेप केस के आरोपियों के एनकाउंटर के बीच निर्भया रेप केस मामले में बड़ी खबर आई है। इसमें गृह मंत्रालय ने दोषी द्वारा दायर दया याचिका को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के पास भेज दिया है। हालांकि, गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से इस याचिका को खारिज करने की भी गुजारिश की है। बता दें कि याचिका कि यह फाइल दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल से होते हुए गृह मंत्रालय पहुंची थी। मंत्रालय द्वारा अपनी सिफारिश राष्ट्रपति को भेजना प्रक्रिया का हिस्सा है। अब राष्ट्रपति दया याचिका का निपटारा करेंगे। अगर राष्ट्रपति दया याचिका खारिज कर दें उसके बाद मुजरिम को फांसी पर लटकाने का रास्ता साफ होता है। अगर अब इस याचिका को खारिज कर दिया जाता है तो फिर संबंधित कोर्ट इन चारों को फांसी पर लटकाए जाने के लिए डेट वॉरंट जारी करेगा। दया याचिका के निपटारे में गैर वाजिब देरी के आधार पर मुजरिम चाहे तो दोबारा सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सकता है।

नाकाबिल लोगों के हाथ में भारत की अर्थव्यवस्था: चिदंबरम

रांची (ए.)। झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस और साझीदार पार्टियों के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने पहुंचे पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम ने बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने केंद्र की बीजेपी सरकार को नाकाबिल बताते हुए कहा कि उसकी नीतियों के चलते देश की अर्थव्यवस्था भारी संकट में है और राष्ट्रीय विकास दर पांच प्रतिशत के भी नीचे जाने की आशंका है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था भारी संकट में है।

स्वयंभू बाबा नित्यानंद का पासपोर्ट रद्द, नए की भी अर्जी खारिज

नई दिल्ली (ए.)। विवादास्पद भगोड़े स्वयंभू बाबा नित्यानंद को लेकर भारत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने विवादास्पद स्वयंभू बाबा नित्यानंद का पासपोर्ट रद्द कर दिया है और नये पासपोर्ट की उसकी याचिका भी खारिज कर दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने यह भी कहा कि मंत्रालय ने विदेशों में स्थित सभी मिशनों और पोस्टों को नित्यानंद के बारे में

भगोड़े नित्यानंद ने बनाया अपना देश

भगोड़े नित्यानंद उर्फ राजशेखरन की तलाश कर ही रही थी कि खबर आई कि दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के मध्य में इक्काडोर के पास एक द्वीप को खरीदकर उस पर एक नया देश हिंदू राष्ट्र कैलाश बसा दिया है। अब उसके पास उसका खुद का पासपोर्ट भी है। कथित देश कैलाश की वेबसाइट के मुताबिक यह सीमा रहित राष्ट्र है।

हैदराबाद: मुठभेड़ पर बोले असदुद्दीन ओवैसी- 'मैं एनकाउंटर के खिलाफ हूं'

नई दिल्ली (ए.)। हैदराबाद में महिला वेटनरी डॉक्टर से गैंगरेप और हत्या करने वाले चारों आरोपियों को शुक्रवार की सुबह तेलंगाना पुलिस ने एनकाउंटर के दौरान ढेर कर दिया। हैदराबाद गैंगरेप के आरोपियों के एनकाउंटर पर हैदराबाद से सासंद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का बड़ा बयान आया है। असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में गैंगरेप के आरोपियों के एनकाउंटर पर कहा कि मैं इस एनकाउंटर के खिलाफ हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां तक कि राष्?ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस एनकाउंटर का संज्ञान लिया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी दी है।

विपक्ष सोमवार को महिला के पक्ष में बोलने की क्या सजा देगा: स्मृति

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में उन्नाव रेप केस पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कहा कि वह इस घटना से 'स्तब्ध' हैं और अब देखना है कि विपक्ष उन्हें महिला के पक्ष में बोलने की क्या सजा देता है। लोकसभा के घटनाक्रम पर स्मृति इरानी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'बांह चढ़ाकर मारने की भावमुद्रा के साथ एक पुरुष सांसद मेरी तरफ आए, जिसके बाद एक युवा सांसद ने कहा कि मैं बोली ही क्यों... मैं इससे स्तब्ध हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैं बीजेपी की कार्यकर्ता हूं कि मैं देखना चाहूंगी कि सदन में सोमवार को महिला के पक्ष में बोलने की विपक्ष मुझे और क्या सजा देने वाला है।' यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस के दो सांसदों को माफी मांगनी चाहिए या उन्हें निलंबित ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

गरमा-गरम

हकीकत — कोरबा जिले का मामला, अग्रगमन संस्था में पढ़ रहे 19 बच्चे ऐसे जिन्हें नहीं मिल सके 70 फीसदी मार्क

डीएमएफ का हर साल सवा करोड़ खर्च, नहीं सुधर रहा रिजल्ट

संस्था में पढ़ रहे इस साल 11वीं, 12वीं के विज्ञान संकाय के कुल 54 विद्यार्थियों में से 19 विद्यार्थी ऐसे भी रहें जो 70 फीसदी से कम अंक ही पा सकें। 90 प्रतिशत से अधिक अंक एक भी विद्यार्थी को नहीं मिल पाया। इससे कोचिंग संस्थान पर ही सवालिया निशान लग गया है।

ईश्वर चंद्रा

कोरबा। जिले के प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ाने की जिला प्रशासन की पहल कारगर साबित होते नहीं दिख रही है। इस पहल के तहत हर साल डीएमएफ की करीब सवा करोड़ की राशि खर्च करने पर भी विद्यार्थियों का रिजल्ट नहीं सुधर पा रहा है। दरअसल 10वीं में 70 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास मद (डीएमएफ) के माध्यम से अग्रगमन संस्था दो साल पहले शुरू की थी। इस संस्था में विद्यार्थियों को 11वीं, 12वीं के साथ ही आईआईटी जेईई, नीट, पीएमटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाती है।

संस्था के संचालन की जिम्मेदारी एक निजी कोचिंग संस्थान को दी गई है। इस पहल पर हर साल 1 करोड़ 24 लाख 28 हजार खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन रिजल्ट में सुधार■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

इस तरह होता है बच्चों पर खर्च

सत्र 2018-19 में अग्रगमन में 130 बच्चों का चयन हुआ है। नि:शुल्क कोचिंग देने वाली अनुबंधित संस्था कोटा को 90 लाख रुपए वार्षिक जिला प्रशासन देता है। जबकि वहां पढ़ने वाले चयनित प्रति बच्चे को भोजन के नाम पर प्रति माह 1500 रुपए व 200 रुपए तेल, साबुन के लिए दिए जाते हैं। यह पहल वर्ष 2016-17 में तत्कालीन कलेक्टर पी दयानंद ने शुरू की थी।

कोटा से अनुबंध का उद्देश्य

किसी भी छात्र के 70 फीसदी से कम अंक न हो। हर साल बच्चे जेईई, नीट आदि प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार हो सकें।

...और हकीकत

2019 में 27 बच्चों ने जेईई मेंस की परीक्षा दी, 14 ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया। जबकि 12वीं में 54 में से 19 बच्चों का प्राप्तांक 70 प्रतिशत से नीचे रहा।

एकलव्य आवासीय विद्यालय निकल आगे

दूसरी ओर एकलव्य आवासीय विद्यालय में जहां अतिथि व्याख्याता पढ़ाते हैं, वहां के बच्चे आगे निकल गए हैं। इस साल 10वीं में एक छात्र ने तो प्रदेश में टॉपटेन में जगह बनाई है। साथ ही 90 प्लस 6 बच्चे आए हैं। गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने 130 बच्चों की पढ़ाई के लिए संस्था को सवा करोड़ का भुगतान किया है। अग्रगमन में 11वीं व 12वीं तो एकलव्य में 6वीं से 10वीं तक के बच्चे पढ़ते हैं।

एकलव्य आवासीय विद्यालय में 10वीं की स्थिति

कुल छात्र-	90 से 100-	80 से 90-	70 से 80
57-	6-	22-	17

दोनों का उद्देश्य अलग-अलग

एकलव्य व अग्रगमन दोनों संस्थाओं का उद्देश्य अलग-अलग है। एकलव्य में सिर्फ स्कूली शिक्षा दी जाती है जबकि अग्रगमन में स्कूली शिक्षा के साथ प्रतियोगिता (जेईई, नीट) परीक्षाओं की भी तैयारी कराई जाती है। संस्था का फोकस प्रतियोगी परीक्षा की ओर अधिक होता है, इसी उद्देश्य से अनुबंधित भी किया है। खर्च की बात करें तो दोनों संस्थाओं के मामले में यह समान ही है।

-सतीश कुमार पांडेय,
जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा

हैदराबाद गैंगरेप मर्डर

जिस फ्लाइओवर के नीचे डॉक्टर से दरिंदगी, वहीं बन गए गोलियों के शिकार

सीन के रीकंस्ट्रक्शन के लिए लेकर पहुंची थी पुलिस आरोपियों ने भागने की कोशिश की और एनकाउंटर में मारे गए

■ हैदराबाद पुलिस ने एनकाउंटर में डॉक्टर से गैंगरेप और हत्या के सभी चारों आरोपियों को ढेर कर दिया है

■ इन चारों आरोपियों को पुलिस ने नैशनल हाइवे 44 पर ठीक उसी जगह मार गिराया,

हैदराबाद (ए.)। हैदराबाद में वेटनरी डॉक्टर के गैंगरेप और मर्डर के 10 दिन बाद चारों आरोपी पुलिस एनकाउंटर में मारे गए। हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर वी.सी सज्जनार ने इन आरोपियों के ढेर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि इन लोगों ने उस वक्त भागने की कोशिश की थी, जब इन्हें मौका-ए-वारदात पर क्राइम सीन दोहराने के लिए ले गई थी। कमिश्नर वीसी सज्जनार ने कहा कि यह घटना सुबह 3 बजे से 6 के बीच की है। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर में गैंगरेप और मर्डर के आरोपी मोहम्मद आरिफ, नवीन, शिवा और चेन्नाकेशवुलु मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि मैं मौके पर पहुंच गया हूं और जल्द ही अन्य जानकारियां भी साझा की जाएंगी। यह भी संयोग है कि ये सभी आरोपी पुलिस एनकाउंटर में ठीक उसी जगह मारे गए, जहां 10 दिन पहले महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी की गई थी।

हथियार छीनकर किए फायरिंग तो सेल्फडिफेंस में मारा

शम्शाबाद के डीसीपी प्रकाश रेड्डी ने कहा कि हैदराबाद पुलिस आरोपियों को क्राइम स्पॉट पर लेकर आई थी ताकि सीन रीक्रिएट किया जा सके। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस के हथियार छीनकर फायरिंग की। इस पर पुलिस ने आत्मरक्षा में गोलीबारी की और सभी चारों आरोपी मारे गए।

हथियार लेकर भाग रहे थे आरोपी-कानून मंत्री

तेलंगाना के कानून मंत्री इंद्रकरण रेड्डी ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया से पहले ही भगवान ने उन्हें सजा दे दी। आरोपियों ने भागने की कोशिश की थी तो मार गिराया। इससे हैदराबाद समेत पूरे देश में खुशी है। उन्होंने यह दावा भी किया कि वह पुलिस के हथियार लेकर भागने की कोशिश कर रहे थे।

क्यों किया जाता है सीन का रीकंस्ट्रक्शन

पुलिस सभी चारों आरोपियों को लेकर सीन रीकंस्ट्रक्शन के लिए पहुंची थी। पुलिस की ओर से सीन रीकंस्ट्रक्शन की कार्रवाई इसलिए की जाती है ताकि घटना की पूरी कड़ियों को जोड़ा जा सके और मौका-ए-वारदात के हर ऐंगल को जांचा परखा जा सके। पुलिस की ओर से यह जांच अदालती कार्रवाई में भी महत्पवूर्ण होती है और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के लिहाज से भी इसे अहम माना जाता है।

यूपी के पूर्व डीजीपी बोले, हैदराबाद पुलिस की कार्रवाई सहीं

हैदराबाद पुलिस की इस पूरी कार्रवाई को यूपी के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने सही करार दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में पुलिस के पास कोई विकल्प नहीं बचता है। एक टीवी चैनल से बातचीत करते हुए उन्होंने हैदराबाद पुलिस को बधाई भी दी।

निर्भया कांड के बाद फिर देश में था गुस्सा

गौरतलब है कि हैदराबाद कांड के बाद से पूरे देश में रेप के आरोपियों के खिलाफगुस्सा था और सरकार से ऐसी वारदातों पर कानून को और कड़ा करने की मांग की जा रही थी। 16 दिसंबर, 2012 को दिल्ली में निर्भया के गैंगरेप के बाद से पूरे देश में गुस्सा था और उसके बाद यह दूसरा मौका था, जब हैदराबाद समेत पूरे देश में लोग सड़कों पर उतरे।

बच्चियों ने पुलिस को बोला धन्यवाद

गैंगरेप और मर्डर कांड के आरोपियों के एनकाउंटर को लेकर हैदराबाद समेत पूरे देश में लोग खुशी जता रहे हैं। हैदराबाद में बस से स्कूल जाती बच्चियों का भी एक विडियो सामने आया है, जिसमें वह रोड पर खड़ी पुलिस को हाथ हिलाकर धन्यवाद करती दिखाई दीं।

कब हुआ, कैसे हुआ और कैसे मार गिराए गए गैंगरेप और मर्डर के चारों आरोपी

हैदराबाद (वार्ता)। महिला डॉक्टर के गैंगरेप और हत्या की घटना से दहले हैदराबाद के लिए शुक्रवार की सुबह कुछ अलग थी। सुबह उठे तो लोगों को पहली खबर इस गैंगरेप और हत्याकांड के चारों आरोपियों के एनकाउंटर की मिली। एकबारगी तो किसी को इस पर यकीन नहीं हुआ। आखिर यह एनकाउंटर किस वक्त और कैसे हुआ, इसे लेकर हैदराबाद ही नहीं बल्कि पूरे देश की दिलचस्पी है।

सुबह करीब 3 बजे का वक्त

पुलिस चारों आरोपियों मोहम्मद आरिफ, नवीन, शिवा और चेन्नाकेशवुलु को लेकर घटनास्थल पर सीन के रीकंस्ट्रक्शन के लिए पहुंची थी। पुलिस का मकसद था कि सीन का रीकंस्ट्रक्शन करके घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके ताकि उसके लिए पूरे मामले को समझना आसान हो और जांच हो सके।

'आरोपियों ने पुलिस से छीने हथियार'

पुलिस के मुताबिक इसी दौरान मौका देखकर आरोपियों ने पुलिसकर्मियों से हथियार छीन लिए और उन पर फायरिंग की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक यह पूरी घटना उसी जगह पर हुई, जहां आरोपियों ने महिला डॉक्टर

के साथ दरिंदगी की थी।

दरिंदगी वाली जगह

हैदराबाद पुलिस के कमिश्नर वीसी सज्जनार ने कहा कि यह घटना सुबह 3 बजे से 6 के बीच की है। यह भी संयोग है कि ये सभी आरोपी पुलिस एनकाउंटर में ठीक उसी जगह मारे गए, जहां 10 दिन पहले महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी की गई थी।

'जवाबी गोलीबारी में मारे गए चारों'

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने घटनास्थल से भागने की कोशिश की, इस पर पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। आरोपियों की ओर से हथियार छीनने की पुष्टि शम्शाबाद के डीसीपी प्रकाश रेड्डी ने भी की। एनकाउंटर की बाद की एक तस्वीर भी जारी की गई है। इसमें एक आरोपी के हाथ में पिस्टल दिख रही है।

■ इस एनकाउंटर में दो पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की खबर है।

■ पुलिस के मुताबिक यह पूरा सनसनीखेज घटनाक्रम सुबह करीब 6:30 बजे हुआ था।

एनकाउंटर पर क्या बोला बॉलिवुड

नई दिल्ली (ए.)। बॉलिवुड सिलेब्स ने भी इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एनकाउंटर पर प्रतिक्रिया देते हुए बॉलिवुड के दिग्गज कलाकार अनुपम खेर ने ट्विटर पर लिखा, 'चारों रेपिस्टों को एनकाउंटर में मार गिराने के लिए मुबारक हो और जय हो तेलंगाना पुलिस। चलो अब जितने भी लोगों ने ऐसा घिनौना अपराध करने वालों के खिलाफ आवाज उठाई थी और उनके लिए खतरनाक से खतरनाक सजा चाही थी, मेरे साथ जोर से बोलो जय हो।'

ऋषि कपूर ने ट्वीट कर तेलंगाना पुलिस की तारीफकी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'ब्रावो तेलंगाना पुलिस, मेरी बधाइयां।'

ऐक्ट्रेस रकुलप्रीत ने भी तेलंगाना पुलिस के कदम का सपॉर्ट करते हुए कहा, 'आप रेप जैसा क्राइम करके कितनी दूर भाग सकते हैं। शुक्रिया तेलंगाना पुलिस'

इसी तरह एनकाउंटर के सपॉर्ट में ऐक्ट्रेस सोनल चौहान ने लिखा, 'मुझे पता है कि इस मामले पर काफी डिबेट शुरू होगी लेकिन क्या मैं आपको धन्यवाद और सैल्यूट कर सकती हूं तेलंगाना पुलिस। आप हमारे रियल हीरो हैं। हमें आप पर गर्व है। न्याय किया गया है।'

ऐक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने भी हैदराबाद मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की वकील करुणा नंदी का ट्वीट शेयर किया है जिसमें इस एनकाउंटर पर सावल उठाए गए हैं।

हैदराबाद एनकाउंटर की संसद में गूंज, कांग्रेस बोली-

वहां उड़ा दिया, उन्नाव में क्यों छोड़ रहे

कांग्रेस ने एक तरह से समर्थन किया और उन्नाव की घटना पर सवाल खड़ा किए

-रेप के मामलों पर चर्चा के बीच राम मंदिर का जिक्र करने पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने जताया ऐतराज

नई दिल्ली (ए.)। हैदराबाद में महिला डॉक्टर का गैंगरेप कर हत्या करने के आरोपियों के मुठभेड़ में मारे जाने के साथ ही उन्नाव की पीड़िता का मसला भी संसद में गूंजा। हैदराबाद में आरोपियों के एनकाउंटर का मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने एक तरह से समर्थन किया और उन्नाव की घटना को लेकर सवाल खड़े किए। लोकसभा में कांग्रेस के लीडर अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि एक तरफ हैदराबाद में गैंगरेप के आरोपियों को पुलिस ने भागने पर गोली से उड़ा दिया तो उन्नाव में जमानत दे दी गई।

उन्होंने कहा, 'एक तरफदेश में राम का मंदिर बन रहा है और दूसरी तरफ देश में सीता मैया को जलाया जा रहा है। यह फिलहाल हिंदुस्तान की असलियत है। आखिर इतनी ताकत आरोपी कैसे जुटा पाते हैं। आरोपियों ने जमानत पर छूटने के 4 दिन बाद इस घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने पीड़िता को आग लगा दी। भागते दौड़ते महिला ने शरण ली और फिर अस्पताल में दाखिल कराया गया।'

बीएसपी बोली, पुलिस ने क्यों नहीं किया बेल का विरोध

उन्नाव में गैंगरेप पीड़िता को जिंदा जलाने की कोशिश का मुद्दा बीएसपी के सांसद दानिश अली ने भी उठाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस मामले में आरोपियों की जमानत का विरोध नहीं किया था। आखिर ऐसा क्यों किया गया।

बीजेपी की सहयोगी अनुप्रिया पटेल ने भी जताई चिंता

बीजेपी की सहयोगी पार्टी अपना दल की सांसद अनुप्रिया पटेल ने भी इस मामले को उठाते हुए कहा कि हैदराबाद का मसला अभी खत्म भी नहीं हुआ है कि अब उन्नाव का मसला सामने आ गया।

राम मंदिर के जिक्र पर स्मृति इरानी ने जताया ऐतराज

हालांकि केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने रेप की घटनाओं का जिक्र करते हुए राम मंदिर का नाम लेने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान और महिला सुरक्षा के विषय को सांप्रदायिक रंग देना दुखद है। आज एक सांसद यहां पर बंगाल से मंदिर का नाम ले रहे थे और एक सांसद ने यहां उन्नाव और हैदराबाद की बात तो की, लेकिन मालदा पर चुप्पी साध ली।

मीनाक्षी लेखी बोलीं, पुलिस हथियार सजाने के लिए नहीं

उनके बाद बोलने खड़ी हुईं दिल्ली की बीजेपी सांसद मीनाक्षी लेखी ने हैदराबाद के एनकाउंटर पर कहा, 'जैसी करनी, वैसी भरनी।' उन्होंने कहा कि यदि अपराधी इस तरह से भागेंगे तो फिर पुलिस को हथियार सजाने के लिए नहीं दिए गए हैं। पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन हुआ है, कुछ लोग इस पर अवसरवादी राजनीति कर रहे हैं। मुझे दुख होता है कि मैं दिल्ली में रहती हूं, लेकिन दिल्ली सरकार तीन साल तक उस फाइल पर बैठी रहती है।

जया ने कहा, 'बहुत देर हो गई, देर आए दुरुस्त आए'

राज्यसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए जया बच्चन ने संसद परिसर में बोली उन्होंने एनकाउंटर पर ज्यादा कुछ नहीं बोला। मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा, 'देर आए दुरुस्त आए... बहुत देर हो गई... बहुत ज्यादा देर हो गई।' उन्नाव गैंगरेप के दोषियों के साथ भी ऐसा ही होना चाहिए तो उन्होंने कहा कि मैं इस पर कुछ नहीं बोलूंगी।

आंकड़े साल 2013 में ऐसे अपराधों के 3.9 लाख केस दर्ज हुए थे जो कि 2017 में बढ़कर 3.59 लाख हो गए

निर्भया: तेजी से बढ़े हैं महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले

■ इन मामलो में 10 फीसदी मामले रेप के होते हैं, सबसे ज्यादा रेप के मामले एमपी में दर्ज

■ रेप के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे और राजस्थान तीसरे नंबर पर है

नई दिल्ली (ए.)। हैदराबाद में रेप और हत्या का मामला, उन्नाव में रेप पीड़िता को आग लगाना या फिर कठुआ केस, इन सभी जघन्य अपराधों से साफहोता है कि देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। 26 साल की जानवरों की डॉक्टर जब अपने घर लौट रही थी तो गैंगरेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई। उन्नाव की रेप पीड़िता जब कोर्ट जा रही थी तो रास्ते में ही पांच लोगों ने उसकी हत्या करने की कोशिश की। उनमें से दो रेप के आरोपी थे।

रेप पीड़िता 90 फीसदी जल गई और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भी 8 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की गई। इतने केस तो लोगों के सामने आ गए लेकिन आंकड़ों की बात करें तो दरिंदगी के मामलों की फेहरिस्त लंबी है। 2017 की एनसीआरबी की रिपोर्ट से पता चलता है कि साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 3.59 मामले दर्ज किए गए। साल 2016 में 3.38 ऐसे केस दर्ज हुए थे। महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध में 10 फीसदी मामले रेप के हैं। 2017 में 32,559 रेप केस दर्ज हुए थे। इसमें मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 5,562 मामले दर्ज हुए। वहीं 4,246 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे नंबर पर और राजस्थान (3,305) तीसरे स्थान पर रहा।

कोई भी इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता कि बहुत सारे ऐसे भी रेप के मामले होते हैं जो सामने नहीं आते क्योंकि पीड़िता का परिवार ही इन्हें बेइज्जती के डर से दबा देता है। जो लोग हिम्मत दिखाते हैं वे न्याय के लिए वर्षों कोर्ट के चक्कर लगाते रहते हैं। जैसे कि निर्भया केस के सात साल बाद भी दोषियों को फांसी नहीं हुई है।

10 दिन बाद एनकाउंटर ढेर हुए चारों आरोपी

बता दें कि हैदराबाद में वेटनरी डॉक्टर के गैंगरेप और मर्डर के 10 दिन बाद चारों आरोपी पुलिस एनकाउंटर में मारे गए। हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर वी.सी सज्जनार ने पुष्टि करते हुए कहा कि इन लोगों ने उस वक्त भागने की कोशिश की थी, जब इन्हें मौका-ए-वारदात पर क्राइम सीन दोहराने के लिए ले गई थी। कमिश्नर वीसी सज्जनार ने कहा कि यह घटना सुबह 3 बजे से 6 के बीच की है।

जया ने की थी लिंचिंग सजा की मांग

राज्यसभा में तो समाजवादी पार्टी की सांसद और बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जया बच्चन तो इस घटना से इस कदर आक्रोशित थीं कि उन्होंने बलात्कारियों को भीड़ के हवाले कर डालने का सुझाव दे डाला। राज्यसभा के सभापति जया के इस सुझाव से थोड़ा हैरान नजर आए।

चोर, तो लिख गया- 'बहुत कंजूस है रे तू...'

एमपी के शाजापुर में सरकारी इंजिनियर के घर में घुसकर चोरी का प्रयास

शाजापुर (ए.)। मध्य प्रदेश के शाजापुर में एक सरकारी इंजिनियर के घर रात में चोरी का प्रयास हुआ। हालांकि चोर के हाथ कुछ खास कामयाबी नहीं लगी और उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। खाली हाथ जाने से नाराज चोर ने एक नोट में मकान मालिक को 'कंजूस' लिखा और चिपकाकर चला गया। ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग में इंजिनियर प्रवीन सोनी काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। सुबह जब उनका नौकर सोकर उठा, तो उसे ये नोट चिपका मिला। नोट में लिखा था, 'बहुत कंजूस है रे तू। खिड़की तोड़ने की मेहनत भी नहीं मिली, रात खराब हो गई।' बता दें कि प्रवीन का घर एक जज और जॉइंट कलेक्टर के घर के बगल में ही है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पूरा घर अस्त-व्यस्त था। अलमारियां खुली हुई थीं और कपड़े उलझे हुए थे। घर का सारा सामान भी इधर-उधर बिखरा था। मेज पर रखी प्रवीन की डायरी खुली हुई थी जिसके पहले पेज पर ही यह नोट चिपका था। एसपी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवीन सोनी अभी काम के सिलसिले में बाहर ही हैं, मगर उनकी शिकायत पर शाजापुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर के सुराग के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने नोट को एक हैंडराइटिंग एक्सपर्ट को भी भेजा है।

शहर की सरकार में हिस्सेदारी के लिए दावेदारों का कहर

भाजपा में निकाय चुनाव टिकट से नाउम्मीदी के बाद बवाल

आधी रात 10 की घोषित टिकट कटी, सुबह मंडल को बंडल देने वाला टेप जारी

- महिला मोर्चा तो गुस्से में पहले से ही था,
- अब लेनदेन वाला ऑडियो वायरल हुआ

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विधानसभा में हार और लोकसभा में संतोषजनक जीत के बाद भाजपा में नगरीय निकाय चुनाव में दावेदारी को लेकर पार्टी कार्यकर्ता उबल रहे हैं। कांग्रेस से 48 घंटे पहले रायपुर समेत कई बड़े शहरों के दावेदारों की सूची जारी कर बाजी मारने वाली बीजेपी को आधी रात 10 घोषित प्रत्याशियों का नाम बदलना पड़ गया। इसके बाद रात को ही संगठन कार्यालय में नाराज प्रत्याशी टिकट देने के बाद सूची बदलने को लेकर बवाल करते रहे। इसी तरह महिला मोर्चा ने भी शुक्रवार को दिनभर अपनी नाराजगी का इजहार पार्टी संगठन नेताओं से किया। हालाकि आज नामांकन फार्म लेने और जमा करने की अंतिम तारीख थी जिसका वक्त भी अब खत्म हो गया। ऐसे में जिन कार्यकर्ताओं को मेहनत करने के बाद भी टिकट नहीं मिली तो वे नाराज होकर टिकट वितरण के जिम्मेदारों पर लेनदेन का आरोप भी लगाए। भाजपा मंडल के नेता का नोट बंडल देने वाला एक ऑडियो वायरल हो गया। इस कथित वायरल ऑडियो में कितनी सत्यता है यह हम दावा नहीं करते, लेकिन इसके वायरल होते ही जो टिकट से वंचित रह गए वे उबल पड़े। अपील के बाबजूद टिकट नहीं मिलने से नाराज दावेदारों ने समर्थकों संग कुशाभाऊ परिसर मेँ जोरदार नारेबाजी की। मोतीलाल नेहरू वार्ड से गोपेश साहू की टिकट काटी गई है। गोपेश की जगह अशोक सिन्हा को टिकट दिया गया है। आरोप है कि गोपेश को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया था, जिसके बाद उन्होंने प्रचार भी शुरू कर दिया, इसी बीच अपील समिति के सामने अशोक साहू ने अपील की, जिसके बाद समिति ने गोपेश का टिकट काटकर अशोक को उम्मीदवार बना दिया। इसके बाद गोपेश साहू के समर्थक हंगामा करने बीजेपी दफ्तर पहुंच गए। हालांकि उन्होंने देर रात तक समझाने के बाद वे लौट गए। परंतु सुबह होते ही फिर सभी पार्टी दफ्तर में जमकर अपना गुस्सा निकालते रहे।

मंडल अध्यक्ष को चाहिए नोट का बंडल

पैसों की डिमांड करने वाला कथित ऑडियो आज चर्चा का केंद्र रहा। वायरल ऑडियो में मंडल अध्यक्ष पार्षद प्रत्याशी से कहता है कि टिकट के पहले बंडल (पैसा) आना चाहिए। तभी तो चुनाव प्रचार में खर्चा करेंगे। तुम दावेदारी अच्छे से करोगे तभी तो टिकट मिलेगा. बंडल का व्यवस्था करो. पर्यवेक्षक को भी खर्चा देना पड़ता है. तुम अपना टिकट फाइनल समझो। एकात्म परिसर में बैठक है, वहां अपने समर्थकों के साथ पहुंच जाना।

कांग्रेस में निकाय चुनाव के दावेदारों से बचने ऐसे पैंतरेबाजी

मांगने वालों ने आंखों में काटी रात, जिन्हें देना था उनको फोन से दे दी गई टिकट

- सिर्फ तोड़फोड़ और बवाल रोकने किया ऐसा
- जुनेजा की अनसुनी, सत्यनारायण की चली जिद

रायपुर। इस बार भाजपा से ज्यादा कांग्रेसी नेताओं को टिकट बांटने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सरकार बनाने के बाद से ही कांग्रेस की दावेदारी चाहने वालों की भीड़ इतनी बढ़ गई है कि संगठन और पार्टी के आला नेता सभी दावेदारों से बेजार थे। इसलिए पहली बार कांग्रेस लीडरों ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए खुद को कमरे में बंद कर लिया था। वहीं कांग्रेस भवन के बाहर पुलिस सुरक्षा मुस्तैद करवा दी गई थी। उम्मीद थी की रायपुर समेत बिलासपुर और दुर्ग की सूची गुरुवार की रात तक जारी होगी। इसलिए टिकट के दावेदार समर्थकों समेत कार्यालय परिसर में मजमा लगाए बैठे थे। नामों का ऐलान बस बाकि था और सूची पर सहमति बना ली गई थी। रायपुर की 70 सीटों में से वैसे तो 20 सीटों पर बहस के बाद फैसला हुआ। लेकिन सबसे ज्यादा विवाद मदर टेरेसा वार्ड के एक प्रत्याशी के लिए विधायक कुलदीप जुनेजा ने विरोध किया। खासा विरोध के बाद भी श्री जुनेजा को नेताओं ने अनसुना कर उनके समर्थक को टिकट देने से पैनल में इंकार कर दिया। इसी तरह विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पूर्व पार्षद की मुखालिफत की। सबसे चर्चित मोवा इलाके के पार्षद को टिकट नहीं देने के लिए अड़े रायपुर ग्रामीण विधायक की जिद के सामने पैनल को झुकना पड़ा और जीत के लिए जाने जाने वाले पार्षद की टिकट ही वहां से काट दी गई। नाम फाइनल होने के बाद दूसरी बड़ी चुनौती थी सूची जारी करने को लेकर। क्योंकि पैनलिस्ट को मालूम था कि जिन्हें टिकट नहीं मिलेगी वो या उनके समर्थक पूर्व की भांति फिर तोड़फोड़ या उग्रता दिखा सकते हैं। इसलिए रूलिंग पार्टी के नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद अनूठा उपाय निकाला ताकि नाराजगी भी न झेलनी पड़े और काम भी बन जाए। क्योंकि गुरुवार की देर रात तक मीडिया से लेकर सभी को कांग्रेस की सूची का इंतजार था। बाद में रात बीतती गई और सभी ने आंखों में रात काटी। पर लिस्ट आज दोपहर 12 बजे के बाद ही सार्वजनिक की गई।

फोन पर बोले, नामांकन फार्म रख लो

जानकारी के मुताबिक टिकट कटने से गुस्साए लोगों को भनक तक नहीं लगी और जिनका नाम फाइनल हुआ उन्हें इतनी गोपनीयता से फोन पर टिकट मिलने की सूचना दी गई। यह सब इतने खूफिया तरीके से भरोसेमंद पैनलिस्ट ने दिया कि खबर पार्टी के ही कईयों को नहीं पता चली। हालांकि 24 से 30 नामों का खुलासा मीडिया को हो चुका था। जिसमें सभी नगरीय निकाय के दिग्गजों की टिकट, दावेदारी का मालूम होने के बाद मैसेज सोशल मीडिया में वायरल होने लगा था। परंतु लिस्ट पार्टी से घोषित नहीं होने की वजह से उम्मीदवार तो तैयार हो गए थे पर उसे मानने वाले भरोसा नहीं किये।

न्यूज गैलरी

पॉवर कंपनी में अंतर्क्षेत्रीय शतरंज-कैरम स्पर्धा का आयोजन

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के मुख्यालय डंगनिया परिसर मे स्थित बैडमिंटन हाल मे अंतरक्षेत्रीय शतरंज एवं कैरम स्पर्धा का आयोजन किया गया है। 07 दिसम्बर तक चलने वाली इस स्पर्धा में प्रदेषभर की 10 क्षेत्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं। स्पर्धा के उद्धाटन अवसर पर कार्यपालक निदेशक वित्त एवं केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला के महासचिव एमएस चैहान ने कहा कि खेल भावना से बेहतर प्रदर्शन करते हुये खिलाड़ीगण नेशनल टीम को लक्ष्य बनाये। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, पीके गिरदौनिया, मुख्य अभियंता आरए पाठक, जीएम (एचआर) वीके साय विशेष रूप से उपस्थित थे।

करोड़ों का सरिया खरीदकर दिया फर्जी चेक, मामला दर्ज

रायपुर। करोड़ों रुपये का सरिया खरीदकर फर्जी चेक देकर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट आमानाके थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रामा पावर स्टील प्राइवेट लिमिटेड ग्राम तेंदूआ में सहायक जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत अमित मिश्रा 54 वर्ष पिता किरणेश मिश्रा निवासी रामकुटिर परसुलीडीह सड्डू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविकुमार जैन व लवकुमार जैन निवासी गुड़गांव हरियाणा ने रामा पॉवर स्टील प्राइवेट लिमिटेड से 217 टन सरिया खरीदा था।

बटरेल का आंगनबाड़ी केंद्र हुआ कुपोषण मुक्त

- मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत लगातार मेहनत कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कायम की मिसाल

नवप्रदेश संवाददाता

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ता और सहायिका को किया सम्मानित

रायपुर। प्रदेश को कुपोषण मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के जमीनी नतीजे मिलने लगे हैं। जहां अच्छा कार्य हो रहा है उसकी प्रशंसा स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही है। दुर्ग जिले के बटरेल आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और 4 के पूरी तरह कुपोषण मुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री ने केन्द्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सम्मानित किया है।

बटरेल आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और 4 में सतत मेहनत और मानिटरिंग कर तीन बच्चों को कुपोषण के दायरे से बाहर निकाला गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने बटरेल में आयोजित कार्यक्रम में बटरेल क्रमांक 1 की कार्यकर्ता श्रीमती कौशल्या शर्मा एवं सहायिका श्रीमती डोमेश्वरी साहू तथा बटरेल क्रमांक 4 की कार्यकर्ता श्रीमती शैलबाला कौशिक एवं सहायिका श्रीमती दीपिका साहू को सम्मानित किया। इन कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सुपोषण अभियान के अंतर्गत बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने न केवल कुपोषित बच्चों के पोषण का ध्यान रखा बल्कि नियमित गृहभेंट आदि के माध्यम से अभिभावकों को भी जागरूक किया ताकि वे घर में भी बच्चों का उचित ख्याल रख सके।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण मिशन के अंतर्गत बच्चों को एक्सट्रा सप्लीमेंट दिये जा रहे हैं। कुपोषित बच्चों को गुड़ और मूंगफली से बनी चिक्की प्रदान किया जा रहा है। 0 से 3 साल तक के बच्चों को चिन्हांकित कर इन्हें विशेष रूप से भोजन कराया जा रहा है। इसके लिए व्यापक जनभागीदारी के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि व्हाटसएप के माध्यम से नियमित रूप से अधिकारियों द्वारा सुपोषण अभियान की मानिटरिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के माध्यम से भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इससे जमीनी नतीजे बेहतर हो रहे हैं।

राजपत्रित अधिकारी संघ ने संगठन को मजबूत बनाने किया समन्वयकों नियुक्ति

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष कमल वर्मा ने प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ को एक सूत्र में बाधने व ब्लाक स्तर तक संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु प्रत्येक विभाग से संचालनालय स्तर के एक अधिकारी को समन्वयक नियुक्त किया है। जिन अधिकारियों को समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है वे श्रीमती हर्षा पौराणिक संयुक्त संचालक जनसंपर्क विभाग, दिलीप अग्रवाल संयुक्त आयुक्त विकास आयुक्त, के. एल. रवि अपर संचालक कोष लेखा एवं पेंशन, डॉ एन. आर. बेक उप संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विद्याधर पटेल उप संचालक महिला एवं बाल विकास, अविनाश तिवारी सहायक संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा एवं संस्थागत वित,पुरूषोत्तम सोनी उप संचालक खाद्य एवं औषधी प्रशासन, एन. के. चंद्राकर अपर संचालक रेशम व हाथ करघा, दिनेश तिवारी उप संचालक आर्थिक एवं सांख्यिकीय, आर. के. झा उप संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास, एम. पी. साहू कार्यपालन अभियंता मुख्य विद्युत निरीक्षक, श्रीमती नीलम एल्मा संयुक्त संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, डी. पी. टावरी उप पंजीयक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रितेश सिदार सहायक संचालक नाप तौल विभाग, एनएस नाग संयुक्त संचालक मछली पालन विभाग, भूपेन्द्र पांडे अपर संचालक उद्यानिकी विभाग, डॉ टीकम सरजाल सहायक पशु चि.अधि.पशुपालन विभाग पंकज वर्मा संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग, व्हीआर. भूरे. कार्यपालन अधिकारी मुख्य तकनीकि परीक्षक, जयप्रकाश रथ उप संचालक लोक शिक्षण विभाग, डीपी. तिवारी सहा. श्रमायुक्त श्रम विभाग, बीपी. कश्यप उप संचालक उच्च शिक्षा विभाग, डॉ एम. एफ. कुरैशी अपर संचालक तकनीकि शिक्षा विभाग, संजय गौड़ उपायुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, नरेन्द्र कुमार वर्मा उपायुक्त वाणिज्यिक कर विभाग, मोहम्मद फयाद अंसारी उपसंचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, अतुल कुमार माल्वे प्रभारी अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, एमके. गुप्ता संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, पीबी. काशी संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास एवं सूडा विभाग, यूके. कुरैशी उप संचालक खनिज विभाग, एके. श्रीवास कार्यपालन अभियंता प्रमुख अभियंता सिचाई विभाग, दिलीप सिंह सोलंकी सहा. अभियंता प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, आरके. चंद्रवंशी, संयुक्त संचालक कृषि विभाग, एमआर ध्रुव संयुक्त संचालक लोक अभियोजन विभाग, एसपीएस श्रीवास्तव सहा.आबकारी अधिकारी शामिल हैं।

कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तिवारी दंपत्ति के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर आज सुबह रायपुर जिले के कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मोहम्मद आरिफएच. शेख ने रायपुर निवासी एवं जहाज के चीफमैक्निकल इंजीनियर श्री विजय तिवारी के भनपुरी स्थित घर पहुंचकर उनके छोटे भाई श्री पवन तिवारी तथा दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी पहुंचकर विजय तिवारी की पत्नि अंजु तिवारी के भाई श्री एस. पी. उपाध्याय से मुलाकात की। उन्होंने नाइजीरिया के बोन्नी आफ्शोर टर्मिनल के पास से एंग्लों ईस्टर्न शिप मैनेजमेंट कंपनी के जहाज में सवार 19 लोगों को अगवा किये की घटना पर संवेदना व्यक्त किया और कहा कि शासन-प्रशासन उनके परिवार के इस कठिनाई के समय में उनके साथ है और राज्य शासन द्वारा जो भी सहयोग या मदद की जरूरत होगी वह किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव (गृह) को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है और राज्य शासन इस संबंध में भारतीय दूतावास के साथ-साथ भारत सरकार के गृह एवं अन्य संबंधित विभागों के संपर्क में है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से बातचीत करते हुए श्री तिवारी दंपत्ति के परिजनों ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी परसो मुम्बई के अंधेरी स्थित कंपनी के माध्यम से मिली। अपहरणकर्त्ताओं ने जहाज के इस दम्पत्ति सहित 19 लोगों को बंधक बनाया है लेकिन जहाज को छोड़ दिया है।

नशीली टेबलेट के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल 195 नग जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार चूम्मन पटेल थाना खमतराई जिला रायपुर (छ.ग.) 2. पप्पू ऊर्फप्रकाश चौहान 26 वर्ष पिता रमेश चौहान निवासी आरबीएच कालोनी डब्ल्यूआरएस रायपुर व चुम्मन पटेल 26 वर्ष पिता तरूण पटेल भनपुरी कबीर आश्रम के पास थाना खमतराई निवासी को परिक्रमा पथ सुलभ के पास बुढापारा में नशीली कैप्सूल बेचे जाने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान

मान्यताओं का दस्तावेजीकरण, आस पास की चीजों से दी जाएगी विज्ञान और गणित के सिद्धांतों की जानकारी

लोक संस्कृति में छिपे हैं कई वैज्ञानिक आधार

रायपुर। हमारी संस्कृति के कई ऐसे रंग हैं जिनके पीछे वैज्ञानिक आधार छिपा हुआ है। परम्पराओं और लोक मान्यताओं के छिपे इन्ही वैज्ञानिक तथ्यों को स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को परिचित कराया जाएगा। प्रदेश में इन गतिविधियों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए पांच जिलों बस्तर, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर और सूरजपुर का चयन किया गया है। चयनित जिलों में वहां की सांस्कृतिक मान्यताओं और लोक परम्पराओं का सूक्ष्म अध्ययन कर इनमें छिपे वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी से विद्यार्थियों और आम लोगों को परिचित कराया जाएगा। इन प्रयासों से बच्चों में अपने पूर्वजों के ज्ञान पर आदर का भाव विकसित होगा।

लोक परम्पराओं और मान्यताओं का अध्ययन कर दस्तावेजीकरण किया जाएगा तथा वैज्ञानिक तथ्यों की व्याख्या की जाएगी। यही नहीं गणित जैसे नीरस विषय को बच्चों के अनुसार ग्राहय बनाने के लिए भी नई तकनीकों के लिए सहायक सामग्री का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण खेलों के जरिए से भी गणित सिखाने की पद्धति विकसित की जाएगी। बच्चों को दिए जाने वाले खेल खिलौने में छिपे विज्ञान के सिद्धांतों को भी समझाया जाएगा। हमारे आस-पास विभिन्न उपकरणों जैसे बैलगाड़ी, मिंजाई कार्य में लगने वाले उपकरणों में लीवर, जड़त्व, घूर्णन आदि के सिद्धांत को खेल-खेल में सिखाया जाएगा। स्कूली बच्चों को बताया जाएगा कि उत्पालवकता के सिद्धांत से कैसे तालाब में तैरा जा सकता है। इसी प्रकार हमारे आस-पास विज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों को सीखने और समझाने के लिए कई प्रकार की वस्तुओं में विज्ञान को सरल और सहज ढंग से समझाने में मदद मिलेगी। गणित विज्ञान के जानकारों की एक लर्निंग कम्यूनिटी भी गठित की जाएगी। इस यह कम्यूनिटी की विशेषज्ञता इस मायने में होगी कि राज्य के विद्यार्थियों को कैसे बाल वैज्ञानिक के रूप में इंस्पायर किया जाए। बच्चों को विज्ञान की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जाएगी।

कांग्रेस ने रायपुर समेत प्रदेश भर से 30 छात्र नेताओं को दिया टिकट

- एनएसयूआई और युवक कांग्रेस ने कहा सालों किया संघर्ष

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस ने रायपुर से 3 और पूरे प्रदेश भर से 30 छात्र नेताओं को इस बार पार्षद उम्मीदवार बनाकर जनप्रतिनिधि बनने का मौका दिया है। इस पर एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का आभार जताया है। इसके साथ ही सभी प्रत्याशियों की प्रचण्ड बहुमत से जिताने का दावा किया है।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि यह चयन पिछले 5 वर्षो में एनएसयूआई के संघार्षो का पर्याय है। वर्तमान मुख्यमंत्री और कांग्रेस के विपक्ष दौर के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल ने कोरिया से कोन्टा तक एन.एस.यू.आई के संघर्षो को स्वयं देखा हैं. इस चुनावी वर्ष से संगठनिक आंकड़ों के अनुसार एन.एस.यू.आई कार्यकर्ताओं को 30 से अधिक सिटों पर प्रत्याशी बनाया गया हैं. जो कि युवा पीढ़ी पर मुख्यमंत्री और पीसीसी अध्यक्ष के विश्वास को दर्शाता हैं. आज तक छात्र नेताओं को महत्व किसी राजनितिक संगठन ने नहीं दिया हैं. इस निर्णय से संगठन व पूरे सुबे के छात्र नेताओं के उत्साह का महौल बन गया हैं। राजधानी रायपुर में ही 3 सीटों पर प्रत्याशी बनाया गया हैं, जिसमें जिला कार्यकारी अध्यक्ष भक्कुराम कश्यप विनोद (69 माधवराव सप्रे वार्ड), कृष्णा सोनकर (66 वामानराव लाखे वार्ड), तुषार पाण्डेय (68 डॉ. खुबचंद बघेल वार्ड) है। इसी प्रकार राजनांदगांव जिले में राजा यादव, ऋषि शास्त्री, प्रियंक जैन, महासमुन्द से निखिलकांत साहु, रमीज रजा, रायगढ़ से उस्मान बेग, आरिफ हुसैन, सरगुजा संभाग से प्रतिक सिंह, सतिश बारी, नौशाद खान, विकल झा, अंकुर दास सहित पुरे प्रदेश के 30 छात्र नेताओं को पार्टी ने जनप्रतिनिधित्व का अवसर दिया हैं।

संपादकीय

हैवानों के साथ हुआ इंसाफ

हैदराबाद के हैवानों के साथ खुदाई इंसाफ हो गया। चारो अरोपी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मरे गए। हैदराबाद पुलिस उन चारों आरोपियों को अल सुबह पांच बजे घटना स्थल पर लेकर गई थी जहां इन आरोपियों ने भागने की कोशिश और पुलिसकर्मियों पर हमला किया। मुख्य आरोपी आरीफ ने एक पुलिसकर्मी की पिस्तौल छिन कर गोलिया चलाई वहीं अन्य आरोपियों ने पत्थरबाजी की नतीजतन पुलिस ने इन चारों आरोपियों को गोली मार दी। इसे ही कहते है कुदरत का कानून। ये चारो दरिंदे उसी जगह मारे गए जहां उन्होने पीड़िता को रेप के बाद जिंदा जला दिया था। हैदराबाद पुलिस के इस एनकाउंटर का पूरा देश स्वागत कर रहा है। हैदराबाद में तो लोगों ने खासकर महिलाओं ने पुलिसकर्मियों पर फूल बरसाए, उन्हे मिठाई खिलाई और पठाखें फोड़ कर खुशी मनाई। सोशल मीडिया पर भी सभी एक स्वर में हैदराबाद पुलिस को सलाम कर रहे है। साइना नेहवाल जैसी खिलाड़ी और अनुपम खेर व विवेक ओबेराय जैसे अभिनेता भी हैदराबाद पुलिस की तारीफ कर रहे है। बसपा प्रमुख मायावती से लेकर भाजपा नेत्री उमा भारती ने भी हैदराबाद पुलिस की इस कार्यवाही की प्रशंसा की है। पीड़िता के परिवार और निर्भया के परिवार ने भी पुलिस की इस कार्यवाही को न्यायाचित बताया है और कहा है कि इससे उन्हे बड़ी राहत मिली है। पूरे देश में यह मांग उठ रही है कि रेप और हत्या के आरोपियों को इसी तरह खत्म किया जाना चाहिए। वहीं ओवैसी जैसे कई नेता है जो इस एनकाउंटर का विरोध कर रहे है। पुलिस की इस कार्यवाही पर सवालिया निशान लगा रहे है। चारो आरोपियों के मारे जाने पर पूरे देश में खुशी का माहौल है। सरकार को चाहिए कि उन पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करें न कि उन्हे प्रताड़ित किया जाए। पुलिस ने जो भी किया है उसका सारा देश एक स्वर में स्वागत कर रहा है और उन पुलिसकर्मियों को सैल्युट कर रहा है। जनभावना को सरकार समझे। हैवानों को जल्द से जल्द उसके किए की सजा दिलाने नए कानूनी प्रावधान करें। पूरा देश यह चाहता है कि मानवत को शर्मसार करने वाले दरिंदों को तत्काल फांसी की सजा देने का प्रावधान किया जाए। नई दिल्ली की निर्भया का केस इसका ज्वलंत उदाहरण है। छः साल बाद भी निर्भया को इंसाफ नहीं मिला है। उसके हत्यारे आज भी जिंदा है और जेल में मुफ्त की रोटियां तोड़ रहे है। सरकार और न्यायालय ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें कि ऐसे अपराधियों को जल्द से जल्द और कड़ी से कड़ी सजा मिले।

विचार

सरकार पर दारोमदार

रिजर्व बैंक ने साल की आखिरी द्विमासिक मौद्रिक नीति में ब्याज दरें घटाने से तो मना कर ही दिया, इस वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान भी 6.1 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी पर ला दिया। इससे पहले रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार पांच बार रीपो रेट में कटौती की थी। रीपो रेट वह दर है जिस पर आरबीआई बैंकों को कर्ज देता है। जीडीपी ग्रोथ के ताजा आंकड़े बता रहे थे कि जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 4.5 फीसदी पर खिसक आई है, जो पिछले छह साल का सबसे निचला स्तर है। इसलिए उम्मीद जताई जा रही थी कि रिजर्व बैंक रीपो रेट में थोड़ी और कमी लाकर आर्थिक गतिविधियां तेज करने में सरकार का हाथ बंटा सकता है। लेकिन एक तो पिछली पांच कटौतियां आर्थिक विकास के मोर्चे पर कुछ खास फायदा नहीं दे सकीं, दूसरे, लगातार कटौतियों के बाद अब रिजर्व बैंक के पास पीछे जाने की गुंजाइश भी नहीं रह गई थी। खुदरा महंगाई दर का अनुमान उसने 4.7 से 5.1 प्रतिशत के बीच रखा है। ऐसे में रीपो रेट को मौजूदा 5.15 प्रतिशत से नीचे लाना नकारात्मक ब्याज दरों के खतरनाक दायरे में प्रवेश करने जैसा था। हालांकि आगे महंगाई नीचे जाने की स्थिति में आरबीआई ने अपने विकल्प खुले रखे हैं। केंद्रीय बैंक ने उम्मीद जताई है कि सरकार द्वारा पहले ही उठाए जा चुके कुछ कदमों के चलते अगली तिमाही में बेहतर नतीजे देखे जा सकते हैं, लेकिन उसके वक्तव्य में आए ब्यौरे अर्थव्यवस्था की नाजुक स्थिति की ओर ही इशारा करते हैं। ग्रोथ रेट बेशक, इससे पहले भी पांच फीसदी से नीचे गई है। इस लिहाज से मौजूदा स्थितियों को अभूतपूर्व नहीं कहा जा सकता। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय अर्थव्यवस्था आज कुछ उसी तरह की चुनौतियों का सामना कर रही है जो 21वीं सदी के इन दो दशकों में सबसे कठिन मानी जाती रही हैं।

टेक ज्ञान

जियों का 251 वाला वाउचर नहीं हुआ महंगा

नई दिल्ली। रिलायंस जियो के नए टैरिफ प्लान आज से लागू हो गए हैं। नए प्लान पहले से 40% तक महंगे हैं, लेकिन कंपनी का दावा है कि वह इसमें दूसरे कंपनियों के मुकाबले 300% ज्यादा बैनिफिट ऑफर कर रही है। रिलायंस जियो ने नए टैरिफ को लागू करने के बाद भी पुराने 251 रुपये वाले डेटा वाउचर में कोई बदलाव नहीं किया है।

जियो की तरफ से ऑफर किया जाने वाला यह सबसे बेस्ट प्लान्स में से एक है। तो आइए जानते हैं क्या हैं इस वाउचर में मिलने वाले बेनिफिट और कैसे यह प्लान आपके डेटा की जरूरत को पूरा करता है। 251 रुपये वाले इस डेटा वाउचर में यूजर्स को रोज 2जीबी डेटा ऑफर किया जा रहा है। प्लान की वैलिडिटी 51 दिन की है।

हैदराबाद के बलात्कारियों को त्वरित सजा

उपेन्द्र प्रसाद

> सोशल मीडिया में इस मुठभेड़ के फर्जी होने की संभावना का जिक्र होने पर एक व्यक्ति की प्रतिक्रिया थी कि यदि यह मुठभेड़ असली है और वास्तव में पुलिस का हथियार छीनकर अपराधी फायरिंग कर भागने की कोशिश में पुलिस के हाथों मारे गए, तो पुलिस को दस बार नमन। और यदि पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ में उन चारों को मार गिराया, तो फिर उनको 100 बार नमन। यानी यदि मुठभेड़ फर्जी था, तो इसके लिए वे पुलिस के प्रति और भी ज्यादा प्रशंसा भाव रखते हैं। यह सिर्फ एक व्यक्ति की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि देश की सामूहिक सोच है। और यह सामूहिक सोच इस बात का सबूत है कि लोगों का न्याय व्यवस्था या साफ शब्दों में कहें, तो अदालतों और अदालती व्यवस्था से विश्वास उठ गया है।

एनकाउंटर तो अदालती व्यवस्था का भी हुआ है

देश के लोग बहुत खुश हैं कि हैदराबाद के बलात्कारियों के साथ पुलिस ने त्वरित न्याय कर डाला। एक मुठभेड़ में उन चारों को मौत के घाट उतार डाला। लोग इसी तरह की मांग कर रहे थे। कोई उन्हें जल्द से जल्द फांसी पर लटकता हुआ देखना चाहता था, तो कोई चाहता था कि जिस जगह उन्होंने अपराध को अंजाम दिया, उसी जगह ले जाकर उन्हें गोली से उड़ा दिया जाना चाहिए। एक कथित बलात्कारी की मां का तो यहां तक कहना था उनके बेटे और अन्य तीन बलात्कारियों को उसी स्थान पर ले जाकर जलाकर मार डालना चाहिए, जिस तरह से उन्होंने उस महिला डॉक्टर को जलाकर मारा था।

बहरहाल हैदराबाद पुलिस ने लोगों की इच्छा पूरी कर दी। वे उन्हें जला नहीं सकते थे और न ही फांसी पर चढ़ा सकते थे। उनके हाथों में फांसी का फंदा अथवा पेट्रोल नहीं होता, बल्कि बंदूकें होती हैं और उन्होंने बंदूकों का इस्तेमाल कर उन चारों को मार डाला। यदि पुलिस के वर्सन को मानें तो वे वहां सीन को दुहराने के लिए ले गए थे। इस तरह सीन को दुहराना पुलिस जांच की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसके तहत वारदात के स्थल पर मुजरिमों को ले जाकर पुलिस यह देखना चाहती है कि वारदात को किस तरह अंजाम दिया जाता है। यह जानकर मुजरिमों के खिलाफ अदालत में केस को पुख्ता करती है।

पुलिस का कहना है कि जब वे वहां वारदात के स्थल पर ले गए, तो उन्होंने पुलिस जवानों में से किसी एक की बंदूक छीन ली और फायरिंग करते हुए वहां से भागने की कोशिश करने लगे। उसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस को भी उन पर गोलियां

चलानी पड़ी और पुलिस की गोलियों से वे मारे गए। अब पुलिस का यह वर्सन सही भी हो सकता है और गलत भी हो सकता है। लेकिन दोनों स्थितियों में एक बात तो तय है और वह यह है कि चारों बलात्कारी मारे गए और जनभावना संतुष्ट हो गई। हैदराबाद पुलिस की जयजयकार हो रही है। घटनास्थल पर लोगों ने पुलिस पर फूल बरसाए। 10 दिन के अंदर ही न्याय हो गया और जैसी सजा लोग चाहते थे, वैसी सजा उन्हें मिल गई।

यह तो मसले का एक पहलू है। यह वह पहलू है, जिसे देखकर हमें खुशी होती है और हम पुलिस की वाहवाही करते हैं, लेकिन एक दूसरा पहलू भी है, जो बहुत भयावह है और वह पहलू है न्याय व्यवस्था से लोगों का भरोसा उठ जाना। यही कारण है कि मुठभेड़ असली हो या फर्जी, इससे लोगों को फर्क नहीं पड़ता। वे अब यह मानने को तैयार नहीं कि अदालतों में न्याय हो पाता है या समय पर न्याय हो पाता है। यदि वे ऐसा सोच रहे हैं, तो इसमें गलत भी नहीं है। दिल्ली में निर्भया ज्योति सिंह के बलात्कारी हत्यारों को अभी तक सजा नहीं मिली है, जबकि घटना के 7 साल हो चुके हैं या होने वाले हैं। नीचे से ऊपर की सारी अदालतों ने उन्हें फांसी की सजा सुनाई है, लेकिन अभी भी उन्हें फांसी पर लटकाया जाना बाकी है। यह हाल है उस निर्भया कांड के अपराधियों की जिनके कारण पूरा देश आंदोलित हो गया था और जिन मामलों में कोई खास सामूहिक प्रतिक्रिया नहीं होती, उनके बारे में तो बात करना ही बेकार है। अधिकांश मामलों में बलात्कारियों का कुछ भी नहीं होता और एकाध मामले में दशकों बाद सजा सुनाई जाती है। कई मामले में तो बलात्कार पीड़िताओं को बाद में भी हमले का सामना करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में अभी हाल में ही बलात्कार की शिकार एक लड़की को किरासन तेल डालकर जला दिया गया और 90 फीसदी जली वह सफदरजंग अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। उन्नाव में ही एक बलात्कार पीड़िता के अनेक पारिवारिक सदस्यों की हत्या तक कर दी गई। विधायक सेंगर से पीड़ित उस लड़की की घटना भी देश की एक बहुचर्चित घटना है और उसमें सुप्रीम कोर्ट तक ने हस्तक्षेप किया उस लड़की को मरने से बचाने के लिए। जल्द फैसला सुनाने का भी आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दे रखा है, लेकिन सेंगर कांड में भी सजा बहुत दूर की चीज है। इन सबके कारण लोगों का विश्वास क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम से उठ गया है। यह कोई नई चीज नहीं है। बहुत पहले से विश्वास उठा हुआ है, लेकिन आज जब हिन्दुस्तान रेपिस्तान में तब्दील होता जा रहा है, तो लोगों का धैर्य समाप्त हो रहा है और वे पुलिस से ही त्वरित इंसाफ की उम्मीद कर रहे हैं और हैदराबाद पुलिस ने त्वरित इंसाफ कर भी दिया। अब उन्हें पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने के लिए अदालत में अपराधियों के खिलाफ आरोप पत्र नहीं दाखिल करने होंगे। उन्हें कोई सबूत भी नहीं पेश करना होगा कि बलात्कार और हत्या उन चारों ने ही किया था। उन्होंने खुद कोर्ट में जाकर गवाही भी देनी नहीं पड़ेगी। पुलिस के वकीलों को बचाव पक्ष के दलीलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस तरह से पुलिस ने न केवल बलात्कारी हत्यारों को एनकाउंटर किया है, बल्कि अदालती प्रक्रिया का भी एनकाउंटर कर डाला है, लेकिन इसके लिए हमारी न्याय व्यवस्था ही जिम्मेदार है। न्यायपालिका हमारे लोकतंत्र का एक स्तंभ है। इसलिए इसका एनकाउंटर हमारे लिए भयावह होना चाहिए। *(संवाद)*

महिलाओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए

तारकेश्वर मिश्र

> महिलाओं के मन में व्याप्त असुरक्षा का भाव किसी भी स्थिति में अच्छा नहीं है। उसे दूर करने के लिए जो भी करना पड़े वह किया जाना चाहिए। लेकिन इसमें ज्यादा देर ठीक नहीं होगी क्योंकि पानी सिर से ऊपर गुजरने की स्थिति में आ चुका है और लोगों की नाराजगी इस हद तक बढ़ती जा रही है कि सड़क से संसद तक ये मांग उठने लगी है कि दुष्कर्मियों को कानून की अदालत की बजाय जनता के हवाले कर दिया जाए जिससे उन्हें उनके किये की सजा जल्दी से जल्दी दी जा सके। महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार को इस दिशा में त्वरित कार्यवाही करते हुए बेटियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना चाहिए। इसमें समाज को भी आगे बढ़कर अपना योगदान देना होगा।

हमारे देश की सबसे बड़ी समस्या क्या है ? आज की तिथि में यदि इस प्रश्न का जवाब देश के बच्चों से पूछा जाए तो उनका एकमत जवाब होगा-बलात्कार। निस्संदेह, बलात्कार एक राष्ट्रीय कोढ़ जैसी समस्या है, और इस समस्या के कारण देश की महिलाओं, युवतियों, किशोरियों और यहां तक कि तीन-चार वर्ष की बच्चियों के साथ ही पूरे देश को पड़ोसी देशों के साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ में तक शर्मसार होना पड़ा है। दिल्ली में निर्भया कांड से लेकर हैदराबाद में निर्भया कांड तक अमानवीय कृत्यों की लंबी फेहरिस्त है। कड़े कानून बनाने से लेकर दोषियों को सजा देने तक की बात हो रही है, लेकिन कानून का डर दिखाई नहीं दे रहा है। स्थिति में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिला है। असल में महिला सुरक्षा का मुद्दा बड़ा सवाल है जो सारे समाज के सामने मुंह बाये खड़ा है। महिलाओं को बराबरी की भले ही जितनी बातें हो रही हों, लेकिन नारी आज भी शोषण का शिकार है, ये कटु सच्चाई है।

इन तमाम नकरात्मक खबरों के बीच गत दिवस सोशल मीडिया पर उप्र के हरदोई शहर से एक अच्छी खबर आई। रात में सड़क पर अकेले जा रही एक युवती को देखकर गश्त पर निकले पुलिस अधीक्षक ने अपनी गाड़ी रोककर उससे बात की और तब पता चला कि वह एक होटल में कर्मचारी है और अपनी पारी खत्म होने के बाद घर लौट रही थी। पुलिस अधीक्षक फौरन उक्त होटल गए और उसके प्रबंधन को फटकारते हुए आदेश दिया कि रात में किसी महिला कर्मचारी के घर लौटने की स्थिति में उसे सुरक्षित घर पहुंचाने हेतु वाहन उपलब्ध करवाया जावे। हालांकि होटल मालिक इस आदेश का कितना पालन करेंगे ये कह पाना कठिन है लेकिन छोटी सी यह खबर किसी अच्छी व्यवस्था की शुरुवात बन सकती है। वैसे कॉल सेंटर, एयर लाइंस, टीवी चैनल सहित सितारा होटलों में रात को घर लौटने वाले कर्मचारियों, खास तौर पर महिला कर्मियों के लिए ऐसी सुविधाएं हैं लेकिन कम आय वाली नौकरियों में इस तरह की बात सोचना भी सपना है। बहरहाल हरदोई की उक्त घटना के बाद गत दिवस पंजाब सरकार ने भी कुछ फोन नम्बरों की जानकारी देते हुए ये आदेश जारी कर दिया कि रात्रि में किसी अकेली महिला का फोन आने पर उसको पुलिस वाहन में घर छोडने की व्यवस्था की जावे। निश्चित रूप से ये एक आदर्श स्थिति होगी जिससे पुलिस की छवि सुधरने के साथ ही शासन और प्रशासन में आम जनता का भरोसा बढ़ेगा। एक टीवी चैनल की पत्रकार ने गत रात्रि लखनऊ में कुछ घंटे विभिन्न बस स्टाप वगैरह पर गुजारने के बाद अपने जो अनुभव सुनाये उनके मुताबिक उसे

किसी सार्वजनिक स्थान पर कहीं भी पुलिस नहीं दिखाई दी। पास खड़े पुरुषों द्वारा अभद्र टिप्पणियां भी उसे सुननी पडीं। हैदराबाद की घटना के बाद देश भर में महिलाओं की जो रोषपूर्ण प्रतिक्रियाएं सुनाई दे रही हैं उनमें पुलिस व्यवस्था में कमी की शिकायत भी आम है। इसका दूसरा पहलू ये भी है कि बढ़ती आबादी के अनुपात में पुलिस बल उतना नहीं बढ़ा। किसी नेता या अन्य विशिष्टजन के आगमन पर उसकी सुरक्षा के लिए तो पुलिस की व्यवस्था कर दी जाती है लेकिन आम जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। पुलिस के पास वाहन आदि की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है।

ऐसे में पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं को घर पहुंचाने के लिए पुलिस वाहन की सुविधा देने का फरमान कितना कारगर हो सकेगा ये बड़ा सवाल है। इसके साथ ये भी सोचने वाली बात है कि क्या हमारे देश की पुलिस इतनी विश्वसनीय है कि रात के समय सुरक्षित घर लौटने के लिए अकेली महिला बेखौफ उसकी मदद ले सके। उल्लेखनीय है कि देश के अनेक थानों में पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं के साथ आपत्तिजनक व्यवहार किये जाने की घटनाएँ प्रकाश में आती रही हैं। और फिर अपराधियों से पुलिस की संगामित्ती भी जगजाहिर है। हो सकता है पंजाब की देखासीखी कुछ और राज्य भी महिलाओं को रात के समय पुलिस वाहन की सुविधा देने की घोषणा कर दें। हालांकि इस व्यवस्था की सफलता पर अनगिनत प्रश्नचिन्ह हैं। फिर भी इसका स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि समाज का वातावरण जिस तरह से दूषित होता जा रहा है उसके मद्देनजर महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दिल्ली गैंग रेप कांड और इसके बाद जो कुछ भी हुआ है, वह कई मायनों में अभूतपूर्व है। इस नृशंसतम घटना के बाद कहा जा रहा है कि देश 'जाग' गया है, 125 करोड़ देशवासी जाग गए हैं, लेकिन सच्चाई इसके कहीं आसपास भी नहीं है। न देश अन्ना के आंदोलन के बाद जागा था, और न ही अब जागा है। हमारी आदत है, हम आधुनिक सुख-सुविधाओं के साथ आराम तलब होते चले जा रहे है। हम पहले जागते नहीं, और कभी देर से जाग भी गए, तो वापस जल्दी ही सो भी जाते हैं। यदि जाग गए होते तो घटना के ठीक बाद बस से नग्नावस्था में फेंके गए युवक व युवती को यूं घंटों खुद को लपेटने के लिए कपड़े की गुहार लगाते हुए घंटों वहीं नहीं पड़े रहने देते। और तब ना सही, करोड़ों रुपए की मोमबत्तियां जलाने/गलाने के बाद ही सही, जाग गये होते तो अब देश में कोई बलात्कार न हो रहे होते, जबकि दिल्ली की घटना के बाद तो देश में जैसे बलात्कार के मामलों की (या मामलों के प्रकाश में आने की) बाढ़ ही आ गई है। इसका अर्थ तो यह हुआ कि कि देश की बड़ी आबादी को दिल्ली के कांड की जानकारी ही नहीं है, और देश की अन्य समस्याओं, भूख, गरीबी, बेकारी, बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार के बीच वह अपने लिए दो जून की रोटी जुटाने में सो ही नहीं पाता, तो जागेगा क्या। हैदराबाद, बक्सर और उन्नाव में जो कुछ हुआ उससे मानवता का सिर शर्म से झुक जाता है। बलात्कार की समस्या को समग्रता से समझें तो मानना होगा हमारी बहुत सी समस्याएं लगती तो शारीरिक हैं, लेकिन होती मानसिक हैं। बलात्कार भी एक तरह से तन से पहले मन की बीमारी है। और इसकी जड़ में समाज के अनेक-शिक्षा, लिंग, सामाजिक-आर्थिक स्तर के विभेद जैसे अनेक कारण भी हैं। कानून, पुलिस और न्यायिक व्यवस्था का प्रभाव तो बहुत देर में आता है। आधुनिकता के फेर में युवा पीढ़ी में खुलापन आने के साथ उसकी आड़ में जिस तरह का उन्मुक्त व्यवहार देखने मिल रहा है वह चिंता का कारण है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्याज बन मैं भी कभी बाजार में

प्याज बन मैं भी कभी बाजार में आ जाऊं, डालर को मैं पछाड़ अखबार में आ जाऊं। कभी मेरी भी चापलूसी कर लिया करो यारों, क्या पता मैं भी कभी सरकार में आ जाऊं।

संजय सिंह राजपूत

आत्मा को शांति मिली

आज आत्मा को शांति मिल गई। मुबारक हो सभी को।मारे गए दरिंदे। ऐसे ही मरेंगे सभी हैवान। बहुत खुश हूँ आज। सैल्यूट हैदराबाद पुलिस।बिल्कुल सही किया वरना यह न्याय व्यवस्था इन्हें जरूर बचा लेती।-

– दिव्या राकेश शर्मा

खास पाती | लौट जाऊं किस दहलीज से

आज वो चुप है जिन्हे कल मुस्कराते देखा । मैंने भी मासूम कली को मुरझाते देखा ।। जिनकी बेबाकी के कायल थे लोग यहां मैंने संसद में कल उनको जम्हाते देखा ।। बेटी तो बेटी है तुम जुल्म क्यों करते हो लोगो को बेटी पर रौब जमाते देखा ।। मोम बत्तियां लेकर चलने वालों को ही मैंने बेटियों को आग लगाते देखा ।। रुखसत कैसे करता होगा बाप उसे जिसको खूंखार नजर से छुपाते देखा ।। लौट जाओ दहलीज से कहता हूं मै लाडो जिस्म के प्यासे चंद दरिंदो को आते देखा ।। कोई सुबह का निकला शाम को कैसे पहुंचे रास्तों को ताक में जाल बिछाते देखा ।। निकल सको तो घर से मेरे निकल जाओ मैंने दर्द के मेहमानों को आते देखा ।। कौन कहां कितना बेबस है सुन लो पंकज मोम बत्तियां लेकर जाते लाशे देखा ।। – पंकज कुमार मिश्रा

ज़िन्दगी यूं ही हमें आजमाती रही

ज़िन्दगी यूं ही हमें आजमाती रही और उम्र भी पल-पल जाती रही जिंदा रहे तो बस तुम्हारे लिए चुनांचे याद तुम्हारी आती रही ज़िगर के पास जो हरदम रहती थी तस्वीर वो तेरी लुभाती रही मुश्किलों का दौर तो बहुत आया ज़िंदगी यूं ही मगर गुनगुनाती रही सूरते हाल तो बदले नहीं थे मगर जवानी सदा ही गुदगुदाती रही। - जे डी कुदाल

कभी नहीं देखा कभी नहीं सुना

कभी नहीं देखा कभी नहीं सुना कभी नहीं कहा क्योंकि देखने वाली आँखे बंद किये जीते रहे उम्र भर जिन कानो से सुनना था बंद किये रहे उम्र भर और ताले लगाये रहे जुबान और होठों पर क्योंकि जानवर बन जन्म लिया और जानवर न देखते न सुनते न कहते। - सीमा राय द्विवेदी

मुझे तेलंगाना पुलिस पर गर्व है

आज मैं खुश हूं । मुझे तेलंगाना पुलिस पर गर्व है। बस यही होना चाहिए नहीं तो बाकि सभी रेपिस्ट के जैसे ये भी नबालिग घोषित कर दिए जाते और सालों - साल केस चलता रहता । जो रेप करने की मानसिकता रखते हैं और दरिंदगी की हद तक अंजाम देते हैं वो नबालिग नहीं हो सकते। अतः तुरंत सजा दी जानी चाहिए तभी हमारी बेटियां सुरक्षित होंगी और लफंगे प्रजाति के लोगों में डर होगा। - सत्या शर्मा कीर्ति

डॉ प्रियंका को तो मिला न्याय

डॉ प्रियंका को तो मिला न्याय करके ढेर अपराधी काश हो अंत हर वहशी का अंत ऐसा ही जो समझते खिलौना नारी की अज़्मत को ताकि जड़ से ही मिट सकें ये अपराध और अपराधी।। – मीनाक्षी सुकुमारन

कुछ यादों से रिश्ता आज भी है

बेशक अतीत की कुछ यादों से रिश्ता आज भी है। गुमसुम लबों पर दर्द भरी मुस्कुरान आज भी है।। ऐ इश्क़ तुझसे बाकी नही कोई सरोकार दूर तलक फिर भी। दिल में न ख़त्म होने वाली कोई आस आज भी है।

कमलकांत डोंगरे

सारे जगत को देने वाले मैं क्या तुझको भेंट चढ़ाऊँ

सारे जगत को देने वाले मैं क्या तुझको भेंट चढ़ाऊँ, जिसके नाम से आए खुशबू मै क्या उसको फूल चढ़ाऊँ वो तैरते तैरते डूब गये, जिन्हे खुद पर गुमान था। और वो डूबते डूबते भी तर गये.. जिन पर तू मेहरबान था।। – पितांबर श्रीवास्तव

लघु कथा

शर्त

'शर्त है मैं तुझसे पहले घर पहुँचूंगी ।फिर तुझे पिक्चर दिखानी होगी मुझे' ऐसा कहते हुए खिलखिलाकर श्रद्धा स्कूटी दौड़ाने लगी। मैं भी उसके साथ साथ चलने लगी।दसवीं में साथ साथ पढ़ते थे हम ।दोनों अपनी ही धुन में जा रहे थे उधर सामने से दो मोटर साईकल भी बहुत तेजी से आ रही थी। दो किशोर ही चला रहे थे शायद वो भी रेस कर रहे थे । हम चारों की एक दूसरे से बुरी तरह भिड़ंत हो गई ।मैं थोड़ा दूर थी तो टक्कर जोर से नहीं लगी । बस वहीं गिर गई ।पर श्रद्धा उछल कर सड़क की रेलिंग से टकराई । उसका सर फट गया था । एक लड़का सड़क पर ही गिरा पर पीछे से तेजी से आ रहे वाहन ने उसे कुचल दिया । दूसरे लड़के के सर से भी खून बह रहा था । मैं सड़क पर पड़ी सब देख रही थी पर उठ नहीं पा रही थी। फिर बेहोश हो गई। जब होश आया तो अस्पताल में थी। पता चला श्रद्धा की भी वहीं पर मृत्यु हो गई। उफ्फ कैसी शर्त थी ये ,ज़िन्दगी ही हार गई।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1825 - भाप से चलने वाला पहला जहाज 'इंटरप्राइज' कोलकाता पहुंचा। 1856 - देश में पहली बार आधिकारिक रूप से 'हिंदू विधवा' का विवाह कराया गया। 1941 - जापानी विमानों ने हवाई स्थित पर्ल हार्बर में अमेरिकी बेड़े पर हमला किया जिसमें 2043 लोग मारे गये। 1944 - जनरल रादेस्कू ने रोमानिया में सरकार का गठन किया। 1970 - पश्चिम जर्मनी और पोलैंड के बीच संबंध सामान्य हुए। 1972 - अमेरिका ने चंद्रमा के लिये अपने अभियान के तहत अपोलो-17 का प्रक्षेपण किया। 1983 - मैड्रिड एयरपोर्ट पर दो जेट विमानों के आपस में टकराने से 93 लोगों की मौत। 1995 - दक्षिण एशिया वरीयता व्यापार समझौता (साप्टा) प्रभावी। 1995 - भारत ने संचार उपग्रह इनसेट-2सी का प्रक्षेपण किया।

न्यूज गैलरी

विशेष सचिव टोप्पो होंगे निर्वाचन प्रेक्षक

दुर्ग। नगर पालिका निर्वाचन 2019 एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान राजेश सुकुमार टोप्पो विशेष सचिव को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। निर्वाचन 2019-20 के संचालन एवं प्रेषण के लिए सहयोग हेतु लाजनिंग अधिकारी अरविंद पाटले आबकारी विभाग, अधीक्षक देवव्रत देवांगन निगम भिलाई, शीघ्रलेखक सुरेश निर्मलकर वन मंडल अधिकारी, डाटा एण्ट्री आपरेटर रजनीश डडसेना समाज कल्याण विभाग दुर्ग व वाणिज्यक कर विभाग के संजय राजपूत भृत्य के रूप मे कार्य करेंगे।

सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

भिलाई। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज जोन 1 अंतर्गत आने वाले वार्ड 9 कोहका पुरानी बस्ती की सकरी गलियों में जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सड़क किनारे की सफाई व्यवस्था दूर से ही प्रतीत हो जाती है परंतु अंदरूनी इलाके में सफाई व्यवस्था देखने के लिए आयुक्त स्वयं पहुंच रहे हैं जहां पर वाहनों की आवाजाही होना मुश्किल है उन इलाकों में भी आयुक्त जाकर सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर रहे हैं। उन्होंने आज सुपेला घड़ी चौक के समीप पर बड़े नाले की सफाई की जानकारी प्राप्त की तथा वार्ड 9 कोहका पुरानी बस्ती की सकरी गलियों में पहुंचे।

भाजपा विधानसभा में 15 सीटों पर सिमटी

निगम चुनाव में भी 15 का आंकड़ा नहीं कर पाएगी पार : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनावों में पूरे प्रदेश में जबर्दस्त जीत का दावा करते हुए कांग्रेस विधायक अरूण वोरा ने आज कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहित के फैसलों के कारण पूरे प्रदेश के सभी निकायों में कांग्रेस की जीत पक्की है। वोरा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह भाजपा का सफाया हुआ था, प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में भी उसी तर्ज पर नतीजे आएंगे। विधानसभा चुनाव में भाजपा 90 में से 15 सीटों पर जीत पाई थी। दुर्ग नगर निगम में 60 में भाजपा 15 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी। वोरा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि न सिर्फप्रदेश बल्कि पूरे देश में भाजपा से लोगों का भरोसा उठ चुका है। छत्तीसगढ़ में 15 साल तक भाजपा सरकार ने राज किया लेकिन विकास कार्य ठप रहे। डेढ़ दशक में भाजपा सरकार ने आम जनता के हित में एक भी कल्याणकरी फैसला नहीं किया। यही हाल देश में सत्तारूढ़ मोदी सरकार का है। बेतहाशा महंगाई बढ़ने और अर्थव्यवस्था चौपट होने के कारण देश बर्बादी के कगार पर है। आम जनता का भरोसा भाजपा से उठ चुका है। वोरा ने कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेश के सभी नागरिकों के राशन कार्ड बनाकर सस्ती दर पर अनाज उपलब्ध कराने की सार्वभौम योजना शुरू की। बिजली बिल हाफकरने का वादा पूरा कर आम जनता को बड़ी राहत देने का फैसला किया। किसानों के हित में भूपेश सरकार के फैसले पूरे देश में उदाहरण बन चुके हैं। शहरी इलाकों में चौमुखी विकास के साथ सिटी फारेस्टए सौंदर्यीकरण, शहरी विकास का आधारभूत ढांचा विकसित करने के फैसले किए हैं। पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इन फैसलों के कारण प्रदेश की जनता में कांग्रेस सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसी विश्वास से नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी। वोरा ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद दुर्ग का विकास पूरी तरह ठप रहा। लोगों को साफपानी भी नहीं मिल पाया। शहर के इतिहास में पहली बार दूषित पेयजल की सप्लाई से दर्जनों लोगों की मौतें हुई। शहर में विकास के लिए अरबों रुपए मिलने का दावा किया गया लेकिन विकास कहीं दिखाई नहीं देता। बोरखनन जैसे कार्य भी राज्यसभा सदस्य मोती लाल वोरा की सांसद निधि और उनकी स्वयं की विधायक निधि से कराना पड़ा। वोरा ने सवाल किया कि राजधानी से विकास के लिए जारी अरबों रुपए से शहर का विकास क्यों नहीं हो पाया। आम जनता इन सवालों के साथ अब कांग्रेस को शहरी सत्ता सौंपेगी ताकि शहरों का चौतरफा विकास हो सके।

अवैध होर्डिंग पर चला बुलडोजर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्रांतर्गत चंद्रा मौर्य चौक पर लगे अवैध होर्डिंग को हटाने की कार्यवाही की गई तथा 4 नग लोहे का एंगल, लोहे की पाइप एवं फेम जप्त किया गया। नोडल अधिकारी एके द्विवेदी के द्वारा तोड़फोड़ दस्ता के माध्यम से निगम क्षेत्र अंतर्गत लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाने का कार्य पूर्व में भी किया गया है। चंद्रा मौर्या चौक के समीप लगे 1 होर्डिंग्स को ध्वस्त किया। इससे पूर्व 29 से अधिक और अवैध होर्डिंग के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। राजस्व विभाग द्वारा नंबर का स्टीकर जारी किया है जो कि वैध होर्डिंग पर लगाए हैं एवं जो होर्डिंग अवैध है उन पर स्टीकर नहीं लगा हुआ है ऐसे होर्डिंग पर कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि जहां.जहां भी अवैध होर्डिंग लगे हैं उन स्थलों से होर्डिंग लगाने वाले लोग स्वयमेव हटा ले अन्यथा कार्यवाही की जावेगी।

नपा परिषद के 24 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर पालिका परिषद के चुनाव में भाजपा के सभी 24 प्रत्याशीयों नें जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजमहंत सांवलाराम डाहरे के नेतृत्व में आज हजारों के संख्या में बाजे गाजे के साथ दुर्गा मंदिर वार्ड क्र.15 में पूजा अर्चना कर शनिदेव मंदिर से होते हुए वार्ड क्र.14, 05, 06, 01 होते हुए नपा के बगल में सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पुजा अर्चना कर नगर पालिका में अपना नामांकन भरे। वार्ड क्र. 1 से सुनीता कुर्रे, वार्ड क्र. 2 घनश्याम सिन्हा, वार्ड 3 मनोज पटेल, वार्ड 4 उमाकांत साहू, वार्ड 5 विकास सोनकर, वार्ड 6 विनोद बंजारे, वार्ड 7 चंद्रिका साहू, वार्ड 8 आजूराम वर्मा, वार्ड 9 राजकुमार वर्मा, वार्ड 10 राकेश पाण्डेय, वार्ड 11 आयुषी पाण्डेय, वार्ड 12 गायत्री गोस्वामी, वार्ड 13 खिलेश्व ठाकुर, वार्ड 14 योगेश साहू, वार्ड 15 रागिनी निषाद, वार्ड 16 रवि साहू, वार्ड 17 रेशम बंजारे, वार्ड 18 पी.प्रवीन राव, वार्ड 19 लोकेश साहू, वार्ड 20 अमरीका बाई ध्रुव, वार्ड 21 छबिकुमार यादव, वार्ड 22 ओंकार मारकण्डेय, वार्ड 23 अरूणा साहू, वार्ड 24 आरती साहू प्रत्याशी है। जिसमें पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, महामंत्री खिलावन साहू, फणेन्द्र पाण्डेय, अर्जुन सचदेव, प्रमोद अग्रवाल, पुरूषोत्तम देवांगन, यशवंत ठाकुर, जितेन्द्र वर्मा रिंकी अग्रवाल, पीएन दुबे, माखन कोसरिया, विश्वनाथन, गोल्डी गोस्वामी, राजूनिषाद, दिलीप पटेल, सुरेश शुक्ला, नारायण रेड्डी, रामा रेड्डी, सुशीुल शर्मा, सुषमा जेठानी, बिंदु शर्मा, राजदीप नामदेव, खिलावन वर्मा, मुकेश अग्रवाल, पार्थो बाग, योगोश, काव्या, ईश्वर ठाकुर, संजय शर्मा, बिजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, रीता पाण्डेय सहित कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित हुए।

तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ता सीएसआईटी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में जबसे कदम रखा है, तब से नित नये आयाम तय करते हुए अपनी एक विशेष पहचान बरकरार रखी हुई है। तकनीकी शिक्षा एवं इनोवेशन में सीएसआईटी लगातार उड़ान भरता जा रहा है। अपनी इस उड़ान में सीएसआईटी ने अनेक ऊंचाईयॉ हासिल की है। इसी कड़ी में हाल ही में एमएचआरडी (भारत सरकार) द्वारा जारी सूची में सीएसआईटी द्वारा नित नये इनोवेषन के लिए थ्री स्टार रेटिंग से नवाजा गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्रपति षिवाजी इंस्टीट्यूट

आफ टेक्नोलॉजी सन् 1999 में अजय प्रकाश वर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च कोटि की इंजीनियरिंग शिक्षा यहां के विद्यार्थियों को मिल सके इसी उद्देष्य को लेकर इस कालेज की नींव रखी गई थी। सीएसआईटी में एकाडेमिक क्षेत्र के अलावा विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया जाता है। सीएसआईटी में स्थापित इनोवेशन काऊंसिल के तत्वाधान में विद्यार्थियों के टेक्नोलॉजिकल आइडियॉस को मूर्तरुप प्रदान किया गया है जिसे विद्यार्थी स्टार्ट-अप में तब्दील कर चुके हैं। सीएसआईटी के एमएचआरडी (भारत सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त इंस्टीट्यूट इनोवेषन काउंसिल का अनवरत प्रयास रहता है विद्यार्थी उसके माध्यम से अपने इनोवेटिव आडियॉस को साकार होते हुए देखे।

आखिरी दिन नामांकन दाखिल करने लगा रेला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिले के लिए प्रत्याशियों का रैला लगा रहा। खासकर दुर्ग नगर पालिक निगम के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने भारी उत्साह दिखाया। कांग्रेस-भाजपा व कई निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा रैली की शक्ल में गाजे-बाजे के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों ने सामूहिक रुप से विधायक अरुण वोरा व कांग्रेस नेता राजेन्द्र साहू के अगुवाई में नामांकन भरा। इस दौरान अजय मिश्रा, शिवाकांत तिवारी, राधेश्याम शर्मा, परमजीत सिंह भुई, कमलनारायण रुंगटा, संजू धनकर के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद थे। जिससे कलेक्ट्रेट परिसर पूरी तरह चुनावी माहौल से रंगा रहा। करीब 60 से अधिक प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए। कांग्रेस प्रत्याशी लिखन साहू वार्ड 1, अब्दुल गनी वार्ड 8, सुष्मिता साहू वार्ड 10, देवीश्री साहू वार्ड 16, तेज बहादूर बंछोर वार्ड 17, निर्मला साहू वार्ड 18, राजकुमार नारायणी वार्ड 25, सत्यवती वर्मा वार्ड 26, मनीष बघेल वार्ड 27, मासूब अली वार्ड 28, रामकली यादव वार्ड 29, भोला महोबिया वार्ड-30, मदन जैन वार्ड 31, धीरज बाकलीवाल वार्ड 32, हमीद खोखर वार्ड 41, कमला शर्मा वार्ड 46, राकेश शर्मा वार्ड 49, पोषण साहू वार्ड 51, एमन साहू वार्ड 52, भोजराम यादव वार्ड 53, निखिल खिचरिया वार्ड 59, जयश्री जोशी वार्ड 60, सुरेन्द्र बजाज वार्ड 8, संजय सिंह वार्ड 21, संदीप निर्मलकर वार्ड-27, ओमप्रकाश सेन वार्ड 28, रागिनी देवी सोनी वार्ड 37 एवं निर्दलीय प्रत्याशी नीता जैन वार्ड 38 से नामांकन पत्र जमा किए।

अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही

भिलाई। अवैध प्लाटिंग को रोकने की कार्यवाही निगम भिलाई.चरौदा क्षेत्र में की गई। नगर तथा ग्राम निवेश एवं निगम चरौदा के संयुक्त दल द्वारा उमदा वार्ड 6 में अवैध प्लाटिंग हटाने का कार्य किया। नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 37/1 के अंतर्गत परदेशी राम वर्मा व अन्य पांच भू.स्वामी खसरा नं.442/1, रकबा 0.280 हेक्टेयर तथा कामता प्रसाद, पिता रामसहाय खसरा नं. 388/1 रकबा 0.738 हेक्टेयर को 07 दिवस के भीतर अवैध प्लाटिंग को हटाने हेतु नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा नोटिस दिया। इसके बावजूद भी भूमि विकास, अवैध प्लाटिंग को नहीं हटाया गया।

पदुमनगर के गीता जयंती में शामिल होंगे सीएम बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बोलबम समिति पदुमनगर भिलाई 3 के द्वारा गीता जयंती महोत्सव का आयोजन 8 दिसम्बर को शिव मंदिर के समीप किया जा रहा है। आयोजन के बारे में पंडित यूके ने बताया कि मानव कल्याण के लिये यह जयंती मनाई जा रही है। चारो वर्ण में कोई भेद नही है। गीता का रहस्य इतना है कि जितनी इसमें डूबोगे उतना ही ज्ञान प्राप्त होता है। विश्व में जितनी भी भाषायें है उन सभी में गीता को लिखा जा चुका है। सभी पुस्तकों में सिर्फ गीता जयंती मनाई जाती है। समिति के संयोजक ने कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में बताया कि गीता जयंती में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहपरिवार शामिल होंगे। प्रातः 9 बजे से श्री कृष्ण का अभिषेक पुरूषुवत से पूजन विष्णु शहस्त्र नाम से तुलसी वर्षा गीता ज्ञान यज्ञ हवन एवं गीता का पाठ के बाद 2 बजे गीता का प्रवचन किया जायेगा। आचार्य झम्मन शास्त्री भाठापारा, राम प्रताप शास्त्री बेमेतरा, संतोष अवस्थी रिसाली, गजानंद अवस्थी पंहडोर सहित अन्य मौजूद रहेगें।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./260/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री धनऊराम आ. श्री कार्तिक राम निवासी नवागांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 197/12 रकबा 0.010 हें/ 1050 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका राखी गोस्वामी आ. नागेन्द्र गिरी गोस्वामी साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 119/1/5 रकबा 0.005 हे. जो उसके स्व. हीराबाई गोस्वामी के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19.12.2019 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./259/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री शिवकुमार साहू आ. टीकम साहू निवासी उरला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 215/15 रकबा 0.007 हें/ 798 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

मिड कार्पोरेट शाखा रायपुर
सूरज टावर, रामसागर पारा, मेन रोड रायपुर-492001
फोन: 0771-2293422, फैक्स: 0771-000000000
E-Mail: br.7853@syndicatebank.co.in

अचल संपत्तियों की विक्रय हेतु विक्रय सूचना

परिशिष्ट IV-A [नियम 8(6) परंतुक देखें]

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन के सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के तहत अचल संपत्तियों की ई-नीलामी सूचना जारी की जा रही है।

सामान्य जन को एवं विशेषतः ऋणियों और जमानतदारों को यह सूचित किया जाता है कि सिन्डिकेट बैंक के पास बंधक रखी गई निम्न संपत्तियों का रचनात्मक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, का विक्रय **"जहाँ है, जैसी है, जो भी है"** के आधार पर ₹ 6976423.03 (रुपये उनहत्तर लाख छिहत्तर हजार चार सौ तेईस और तीन पैसा मात्र) की बकाया, ब्याज प्रभार व लागत के साथ वसूली के लिये **दिनांक 31.12.2019** को नीलामी किया जाएगा।

लेनदार का नाम - मेसर्स आदर्श डीजल, पार्टनर - (1) श्री विशाल चौहान, पिता-श्री देवेन्द्र बहादुर चौहान, निवास-122, सेक्टर 3, दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर। **(2) श्रीमती निवेदिता सिंह, पति-श्री रंजन प्रताप सिंह,** निवास-ब्लॉक सी-101, प्रथम तल, विनित इस्टेट, शंकर नगर, रायपुर एवं **जमानतदार-श्रीमती प्रीति चौहान, पति-श्री विशाल चौहान,** निवास-122, सेक्टर 3, दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़। **आरक्षित मूल्य - ₹ 50,00,000/-** (रुपये पचास लाख मात्र) एवं **बयाना राशि - ₹ 5,00,000/-** (रुपये पांच लाख मात्र)।

संपत्ति का विवरण

मालिक श्रीमती निवेदिता सिंह, पति-श्री रंजन प्रसाद सिंह। छत के साथ फ्लैट नं.-बी-403, बी-404, और बी-405, चतुर्थ तल पर स्थित, ब्लॉक बी, व्ही-3, धरोहर, श्रीराम नगर के पास, वार्ड नं. 29, शंकर नगर, खसरा नं 507/4, 519/1, 507/15, 520, 507/13, 519/2, 507/16, तहसील व जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। **निर्मित क्षेत्रफल : 2584** वर्गफुट, सुपर बिल्ट अप एरिया: 3331 वर्गफुट। **चौहद्दी : पूर्व-** खुला, **पश्चिम-** खुला, **उत्तर-** लॉबी, **दक्षिण-** खुला।

विक्रय की नियम व शर्तों की विवरण के लिये, कृपया बैंक की वेबसाइट www.syndicatebank.in पर जाएँ।

दिनांक : 06.12.2019 स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी, सिंडिकेट बैंक

आन्ध्रा बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)

एमएसएमई भिलाई नगर ब्रान्च
ए-16, सेन्ट्रल एवेन्यु, स्मृतिनगर, भिलाई-490020

कब्जा सम्बन्धित सूचना (स्थायी सम्पत्ति हेतु)

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठित तथा प्रतिभूति हित का **प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002)** के अधीन **आन्ध्रा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा** 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित कर्जदार को निम्नांकित सारणी के अनुरुप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से **60 दिन** के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन **आन्ध्रा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा** को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	सम्पत्ति का विवरण	मांग राशि (आगामी ब्याज देय व वसूली योग्य है)	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि
1.	**ऋणी- अजय खण्डारे पिता- चम्पत खण्डारे,** पुनाराम कामले 1002, वार्ड नं. 7, कोहका, गारंटर/सह-ऋणी **अजय खण्डारे पिता- चम्पत खण्डारे,** पुनाराम कामले 1002, वार्ड नं. 7, कोहका	प्लॉट नं. 05 में स्थित खुली भूमि, खसरा नं. 1065/3 (मूल खसरा नं. 1065/1 भाग), प.ह.नं. 19, रिलायन्स टावर के पास, पुरानी बस्ती, कुरुद, क्षेत्रफल 1550 वर्गफुट में स्थित अजय खण्डारे (संपत्ति की मालिक) की आवासीय संपत्ति। **चौहद्दी : पूर्व-** मायाराम की भूमि, **पश्चिम-**सड़क, **उत्तर-** प्लॉट नं. 06, **दक्षिण-** प्लॉट नं. 04 (अरुण विश्वकर्मा की भूमि)।	₹ 11,50,225/- (रुपये ग्यारह लाख पचास हजार दो सौ पचीस मात्र) 04.09.2019 को अनुबंध के तहत आगामी ब्याज के साथ	04.09.2019 / कब्जा सूचना की तिथि 02.12.2019
2.	**ऋणी- अरुण विश्वकर्मा** मकान नं. 1293, टाटालाईन, कोहका, भिलाई, भिलाई-490023 गारंटर/सह-ऋणी **पुष्पा विश्वकर्मा,** एलआईजी-31, कैलाश नगर, हाउसिंग बोर्ड, भिलाई (छ.ग.)	प्लॉट नं. 04 में स्थित खुली भूमि, खसरा नं. 1065/3 (मूल खसरा नं. 1065/1 भाग), प.ह.नं. 19, रिलायन्स टावर के पास, पुरानी बस्ती, कुरुद, क्षेत्रफल 1550 वर्गफुट में स्थित अरुण विश्वकर्मा (संपत्ति की मालिक) की आवासीय संपत्ति। **चौहद्दी : पूर्व-**मायाराम की भूमि, **पश्चिम-** 20 फुट चौड़ी सड़क, **उत्तर-** प्लॉट नं. 05, **दक्षिण-** प्लॉट नं. 03 संयोगिता विश्वकर्मा की भूमि)।	₹ 12,91,488/- (रुपये बारह लाख इक्यान्बे हजार चार सौ अठासी मात्र) 04.09.2019 अनुबंध के तहत आगामी ब्याज के साथ	04.09.2019 / कब्जा सूचना की तिथि 02.12.2019
3.	**ऋणी- अशोक कुमार विश्वकर्मा,** मकान नं. 1293, टाटालाईन कोहका, भिलाई, भिलाई-490023। गारंटर/ सह-ऋणी **विश्वेश्वरी विश्वकर्मा पति- राजेश कुमार,** क्वा.नं. 6ए, गली 15बी, सेक्टर-2, भिलाई-490006	प्लॉट नं. 11 में स्थित खुली भूमि, खसरा नं. 1065/3 (मूल खसरा नं. 1065/1 भाग), प.ह.नं. 19, क्षेत्रफल 1550 वर्गफुट, रिलायन्स टावर के पास स्थित अशोक विश्वकर्मा (संपत्ति की मालिक) की आवासीय संपत्ति। **चौहद्दी : पूर्व-**गंगा प्रसाद की भूमि, **पश्चिम-** 20 फुट चौड़ी सड़क, **उत्तर-** राम आशीष बिहारी, **दक्षिण-** प्लॉट नं. 10।	₹ 11,50,225/- (रुपये ग्यारह लाख पचास हजार दो सौ पचीस मात्र) 04.09.2019 को अनुबंध के तहत आगामी ब्याज के साथ	04.09.2019 / कब्जा सूचना की तिथि 02.12.2019
4.	**ऋणी- नितिन रामभल,** 12/8, नेहरु नगर, भिलाई, भिलाई-490020 गारंटर/सह-ऋणी **ब्रिजेश त्रिपाठी,** बी-21, नेहरु नगर, भिलाई (छ.ग.)	प्लॉट नं. 09 में स्थित खुली भूमि, खसरा नं. 1065/3 (मूल खसरा नं. 1065/1 भाग), प.ह.नं. 19, क्षेत्रफल 1550 वर्गफुट, रिलायन्स टावर के पास पुरानी बस्ती, कुरुद में स्थित नितिन रम्भाल की शहरी भूमि। **चौहद्दी : पूर्व-**मयाराम की भूमि, **पश्चिम-** सड़क, **उत्तर-** प्लॉट नं. 10, **दक्षिण-** प्लॉट नं. 08।	₹ 16,28,112/- (रुपये सोलह लाख अट्ठाईस हजार एक सौ बारह मात्र) 04.09.2019 को अनुबंध के तहत आगामी ब्याज के साथ	04.09.2019 / कब्जा सूचना की तिथि 02.12.2019
5.	**ऋणी- संयोगिता विश्वकर्मा,** फ्लैट नं. 1293, हनुमान मंदिर के पास, कोहका, भिलाई (छ.ग.) गारंटर/सह-ऋणी **अखिल विश्वकर्मा,** एलआईजी-31, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, भिलाई (छ.ग.)	प्लॉट नं. 03 में स्थित खुली भूमि, खसरा नं. 1065/3 (मूल खसरा नं. 1065/1 भाग), प.ह.नं. 19, रिलायन्स टावर के पास पुरानी बस्ती, कुरुद में स्थित नितिन रम्भाल की शहरी भूमि। **चौहद्दी : पूर्व-** मयाराम की भूमि, **पश्चिम-** सड़क, **उत्तर-** प्लॉट नं. 4, **दक्षिण-** प्लॉट नं. 1 और 2.	₹ 13,92,434/- (रुपये तेरह लाख बयानवे हजार चार सौ चौंतीस मात्र) 04.09.2019 को अनुबंध के तहत आगामी ब्याज के साथ	04.09.2019 / कब्जा सूचना की तिथि 02.12.2019

दिनांक : 06.12.2019, स्थान : भिलाई (छ.ग.)

प्राधिकृत अधिकारी, आन्ध्रा बैंक

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SUNITA HARISH SADHWANI W/O HARISH KUMAR SADHWANI निवासी CONTRACTOR COLONY , SHASTRI NAGAR, CAMP-1, WARD-18, G.E. ROAD, SUPELA, BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490023 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SUNITA SADHWANI W/O HARISH KUMAR SADHWANI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SUNITA SADHWANI W/O HARISH KUMAR SADHWANI से ही जाना पहचाना जावे।

SUNITA SADHWANI
CONTRACTOR COLONY , SHASTRI NAGAR, CAMP-1, WARD-18, G.E. ROAD, SUPELA, BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490023

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं HARISH KUMAR SADHWANI S/O JETHANAND SADHWANI निवासी CONTRACTOR COLONY , SHASTRI NAGAR, CAMP-1, WARD-18, G.E. ROAD, SUPELA, BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490023 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम HARIS KUMAR SADHWANI S/O JETHANAND SADHWANI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम HARIS KUMAR SADHWANI S/O JETHANAND SADHWANI से ही जाना पहचाना जावे।

HARIS KUMAR SADHWANI
CONTRACTOR COLONY , SHASTRI NAGAR, CAMP-1, WARD-18, G.E. ROAD, SUPELA, BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490023

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं NIKITA RAJKUMAR LALWANI D/O RAJKUMAR LALWANI निवासी OM SAI RAM,WARD-18, CAMP-1, SHASTRI NAGAR, SUPELA BHILAI DISTT- DURG CG 490023 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को विवाह पश्चात त्याग कर नया नाम HEER SADHWANI W/O DEEPAK SADHWANI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम HEER SADHWANI W/O DEEPAK SADHWANI से ही जाना पहचाना जावे।

HEER SADHWANI
OM SAI RAM,WARD-18, CAMP-1, SHASTRI NAGAR, SUPELA BHILAI DISTT- DURG CG 490023

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं INDERJIT SINGH S/O DALBIR SINGH निवासी H.NO.-B/25, PHASE-2, WARD NO.-1, SURYA VIHAR, JUNWANI, BHILAI DISTT-DURG CG 490020 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम INDERJEET SINGH S/O DALBIR SINGH रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम INDERJEET SINGH S/O DALBIR SINGH से ही जाना पहचाना जावे।

INDERJEET SINGH
H.NO.-B/25, PHASE-2, WARD NO.-1,SURYA VIHAR, JUNWANI, BHILAI DISTT-DURG CG 490020

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चंद्रिका बाई विश्वकर्मा पिता निवासी हीरुराम विश्वकर्मा बालोद मौजा बघेरा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 201/2 का टु. रकबा 1520 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार लक्ष्मीनारायण पिता बृजलाल से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

जिले में शराब तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी

- विगत एक सप्ताह के भीतर जिले के विभिन्न थानों में 5 प्रकरण हुये पंजीबद्ध
- विभिन्न कंपनियों के 5 नग चारपहिया वाहन किये गये जप्त
- 6 आरोपियों को किया गया है गिरफ्तार

राजनांदगांव। पुलिस महानिदेशक छग डीएम अवस्थी के द्वारा सीमावर्ती राज्यों से अवैध शराब परिवहन, तस्करी की रोकथाम, कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किये जाने पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानन्द एवं उप पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रतनलाल डांगी के निर्देशन में तथा वरिष्ट पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव व अति. पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान तथा जीएन बघेल के मार्गदर्शन में अवैध शराब परिवहन एवं संग्रहण की रोकथाम हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप विगत 1 सप्ताह के भीतर जिले के चिचोला, डोंगरगढ़, बागनदी, साल्हेवारा एवं लालबाग में शराब तस्करों को शराब एवं वाहन सहित पकड़ कर आबकारी एक्ट के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है।

चौकी चिचोला में 26 नवंबर 2019 की देर रात मुखबीर की सूचना पर नाकाबंदी कर 1 बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 07-एमए 8156 जो कि नागपुर की ओर से तेज रफ्तार में आते दिखी जिसे रोकने का प्रयास करने पर चालक द्वारा वाहन को चिचोला ओव्हर ब्रिज के पास छोड़कर चालक भागने लगा जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया, परन्तु अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उक्त वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में मध्य प्रदेश की गोवा व्हीस्की 30 पेटी तकरीबन 259 बल्क लीटर शराब किमती करीब 1,20,000 रूपये का वाहन सहित जुमला किमती तकरीबन 4,70,000 रूपये का जप्त कर अपराध क्रमांक 212/2019 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

थाना डोंगरगढ़ में 26 नवंबर 2019 को प्रातः 4 बजे मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ के द्वारा ग्राम मुरमुंदा के पास नाकाबंदी कर 1 वेगानार कार क्रमांक सीजी 25 डी 9469 में मध्य प्रदेश की विदेशी मदिरा गोवा व्हीस्की 20 पेटी में भरी करीब 180 बल्क लीटर शराब किमती करीब 90,000 रूपये तथा तस्करी हेतु प्रयुक्त उक्त वाहन सहित जुमला किमती करीब 3,90,000 रूपये का आरोपी हिरेन्द्र आ. फकीरा वर्मा उम्र 21 वर्ष साकिन ग्राम सलौनी थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव तथा कमलप्रित सिंह उर्फ विक्की संधु आ. स्व. महेन्द्र सिंह संधु उम्र 28 वर्ष साकिन 32 एकड़ हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जामुल जिला दुर्ग से जप्त कर अपराध क्रमांक 647/2019 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

न्यूज गैलरी

ट्रैक्टर पलटा, युवक घायल

महासमुंद। कोमाखान क्षेत्र के ग्राम मोखा में टैक्टर पलटने से एक मजदूर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गुरूवार सुबह खैरटखुर्द से धान लोड कर खरीदी केंद्र बेचने जा रहे ट्रैक्टर पलटने से ट्राली में बैठे खैरटखुर्द निवासी दिनेश साहू (40) घायल हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

टोनही प्रताड़ना, महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। पटेवा क्षेत्र के पचरी में टोनही प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पुलिस ने गांव की एक महिला के खिलाफ अपराध दर्ज की है। महिला पर आरोप है कि वह अपने पड़ोसी वृद्धा से टोनही कहकर प्रताड़ित किया और उसके साथ मारपीट की। प्रार्थिया जयमती जोशी (62) ने पुलिस से आवेदन सौंपा कर जांच की मांग की थी। पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर की सुबह 9 बजे चित्रा बंजारे उसके घर पहुंची और बाल पकड़कर मारपीट की। जिसे छुड़ाने उसकी नातिन पहुंची। बाद वृद्धा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुरानी रंजिश पर अधेड़ से मारपीट

महासमुंद। पुरानी रंजिश पर खेत से वापस लौट रहे अधेड़ से मारपीट मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बसना क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी रेशमलाल साव (50) ने शिकायत दर्ज कराई है कि 10 नवंबर सुबह साढ़े 10 बजे वह अपनी पत्नी के साथ खेत से लौट रहा था, तभी गांव के बसंत साव, सुरेंद्र साव और अंजोरबाई ने रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने उक्त तीनों के खिलाफ धारा 341, 294, 323, 506/34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अधेड़ ने लगाई फांसी

महासमुंद। तेंदूकोना थाना अंतर्गत भुरकोनी में चार दिसंबर की शाम 5 बजे चमार राम उर्फ बछ्रू पिता अनूप सिंह गोड़ (49) ने घर के सामने पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

महिला से 20 लीटर शराब बरामद

महासमुंद। पुलिस ने एक महिला से 20 लीटर महुआ शराब बरामद की है। आबकारी एक्ट के तहत उन्हे जेल भेज दिया गया। बसना पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बेल्डीह पठार में मंगलीबाई के घर की तलाशी ली गई। जहां बरामदे में एक पीले रंग के जरिकेन में 15 लीटर और एक सफेद जरीकेन में 5 लीटर देशी महुआ शराब मिली। महिला द्वारा क्षेत्र में शराब की आपूर्ति की जाती थी।

भागवत कथा 9 से

महासमुंद। घोघरा (तेंदूकोना) में 9 से 15 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। खुसरूपाली वाले पं धनंजय तिवारी कथावाचन करेंगे। 9 दिसंबर की सुबह शोभायात्रा निकलेगी बाद गौरी पूजा व गौकर्ण कथा होगी।

योग शिविर में मौसमी बीमारियों का उपचार बताया

महासमुंद। बांसकांटा में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार व योग प्रचारक प्रकल्प द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रचारक दीपक वैष्णव ने इस मौसम में होने वाले रोग जैसे अस्थमा, एलर्जी, सर्दी, खांसी, कफ, जोड़ों का दर्द, गठियावात का उपचार, योग व आसनों के संबंध में बताया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा महिलाओं को लाभांवित किया गया।

दुष्कर्म के खिलाफ एबीवीपी ने निकाली आक्रोश रैली, मिला समर्थन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव द्वारा देश-प्रदेश में हो रहे दुष्कर्म के खिलाफ आवाज उठाई विगत् कई दिनों से महिलाओं के अत्याचार के कई मामले सामने आया है। साथ ही छत्तीसगढ़ में बीते 15 दिनों में दुष्कर्म के 7 मामले सामने आया है। रायगढ़ के लैलूंगा क्षेत्र, रायपुर के माना, सरगुजा, अंबिकापुर राजपुर क्षेत्र, बिलासपुर इस घटना को सुनते ही एबीवीपी ने अपना आक्रोश व्यक्त किया ऐसे घटना को सुनते ही किसी का भी हृदय परिवर्तन हो जायेगा ऐसी घटनाएं ने पुरे देश को झझोर कर रख दिया है। इस निमित्त एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने आम छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया।

मुख्य रूप से यह मांग रहा कि ऐसे जघन्य अपराध करने पर आरोपी को तुरंत फांसी दी जाये और जो भी आरोपी का बीच-बचाव करे उन पर भी कठीन कार्यवाही की जाये आम छात्रों का कहना है कि शहर के प्रत्येक स्कूल कॉलेज सार्वजनिक जगह एवं संदेह जगहो पर पेट्रोलिंग बढाई जाये स्कूल बसों पर सीसीटीवी कैमरा और जीपीएस सिस्टम जारी की जाये। जब संगठन ने मौन रैली निकाली तो हैदराबाद में हुए डॉक्टर प्रियंका रेड्डी की घटना ने छात्र संगठन एवं आम छात्रों को झंझोर कर रख दिया और अपनी अक्रोश व्यक्त करते हुए जस्टिस फार प्रियंका रेड्डी बोलने से नहीं रुके। जब ऐसे घटना सामने हो तो नारी शक्ति की बात कही जात है लेकिन अपने ही देश एवं राज्य में अपने ही घर की बहन बेटी असुरक्षित महसूस कर रही हैं साथ ही जब कई छात्रों से बात करने पर पता चला कि असुरक्षित महसूस तो कर ही रहे है साथ ही उन्हें पढाई लिखाई एवं आफिस जाने दुकान जाने यही नहीं घर से निकल में भी झीझक रही हैं इस जघन्य अपराध को जल्द से जल्द रुकने के लिए शासन प्रशासन ने छात्रों को अस्वासन दिया। अगर इस घटना पर कोई कठिन कदम नहीं उठाया गया तो कुल मिलाकर देश का और देश के भविष्य का क्षति।

लोकापर्ण कार्यक्रम में शामिल होंगी विधायक शकुन्तला साहू

लवन। ग्राम पंचायत मह्लिन के ग्राम पंचायत भवन में 09 दिसम्बर दिन सोमवार को शांम 3 बजे मंगल भवन, मुक्ति धाम, आंगन बाड़ी केन्द्र क्र. 02 का लोकापर्ण एवं सी.सी. रोड निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया है। भवनों के लोकापर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक सुश्री शकुन्तला साहू होंगे। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश शंकर जायसवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार बाबूखान, जिला पंचायत सदस्य सुश्री सुमिन्त्रा घृतलहरे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, एल्डरमैन व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री झड़ीराम कन्नौजे व जनपद सदस्य गंगोत्री साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

मैनपुर में नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का आयोजन संपन्न

- नर्तक दलों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

गरियाबंद। गरियाबंद जिले के विकासखण्ड मुख्यालय मैनपुर में आज नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल 2019 अंतर्गत जिला स्तरीय आयोजन संपन्न हुआ। परियोजना सलाहकार मंडल एकीकृत आदिम जाति विकास परियोजना गरियाबंद की अध्यक्ष धनेश्वरी मरकाम के मुख्य आतिथ्य और जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति लोकेश्वरी नेताम की अध्यक्षता में आयोजित इस जिला स्तरीय परम्परागत नृत्य प्रतियोगिता में जिले के आदिवासी विकासखण्ड छुरा, गरियाबंद और मैनपुर में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 10 दलों ने अपनी प्रस्तुति दी। आयोजन में गोंडवाना नर्तक दल जिड़ार मैनपुर, जयसेवा आदिवासी लोक नृत्य दल खड़मा मड़ेली-छुरा, जयसेवा नवयुवक गोड़वाना कर्मा नर्तक दल तांवरबाहरा (गरियाबंद), गोंडवाना के आशीष कर्मा दल गोलामाल मैनपुर, भुंजिया पारम्परिक नृत्य पीपरछेड़ी (गरियाबंद), जयबुढ़ा देव मांदरी नृत्य कोकड़ी-मैनपुर, आंगा देव पुजा आखेट नृत्य छुरा, कमार पारम्परिक नृत्य बरबाहरा (सड़कपरसुली) गरियाबंद, कमार नृत्य देवरी (छुरा) और भुंजिया नृत्य टेवारी गरियाबंद शामिल थे। उक्त दलों के नर्तकों ने आदिवासी पारम्परिक नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों से खुब तालियां बटोरी।

कसडोल में मनाया गया मृदा दिवस

कसडोल। 5 दिसंबर विश्व मृदा दिवस के अवसर पर बलौदा बाजार जिले के उप संचालक कृषि व्ही पी चौबे के मार्गदर्शन में कृषि विभाग कसडोल द्वारा जैविक ग्राम देवरीकला विकासखंड कसडोल में मृदा दिवस मनाया गया। जिसमें देवरीकला सहित आसपास के ग्रामों के किसानों को बुलाया गया। कृषकों को मिट्टी के महत्व, मिट्टी के स्वास्थ्य सधार हेतु उपाय, मिट्टी नमूना लेने की विधि, सिफारिश कार्ड अनुसार उर्वरक उपयोग, जैविक खेती तकनिकी, नराई प्रबंधन, गोठानों में पैरा दान करने, ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन तिलहन फसल लगाने, नाडेप खाद, वर्मी खाद बनाने, गौ मूत्र से जैविक कीटनाशक दवा बनाने की विधि सहित कृषि विभाग की संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके अलावा खेतो में हार्वेस्टर से कटे पैरा न जलाने, उसे पास के गोठानों में दान करने या डी कम्पोजर व टायकोडरमा से जल्दी सडा कर खाद बनाने की उपाय बताया गया।

गरियाबंद जिले के दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों का टीकाकरण

गरियाबंद। गरियाबंद जिला के दुर्गम क्षेत्रों में 2 दिसंबर से विशेष टीकाकरण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत किया जा रहा है । विशेष टीकाकरण सप्ताह के तहत विकासखण्ड गरियाबंद के पहुंचविहीन, दुर्गम क्षेत्र भैंसादादर, बादिमार, उण्डापारा, कामर, भौदीं एवं थुहापानी में शून्य से 05 के बच्चों व गर्भवती माताओं को टीकाकरण किया गया। इसी उद्देश्य से आदिवासी क्षेत्रों दूर दराज कठिन, पहुंचविहीन क्षेत्रों जहां प्रवासी गर्भवती माताओं उसके बच्चें जो टीकाकरण से वंचित है तथा नियमित टीका लगने से छुटे हुए बच्चे को पूर्ण टीकाकरण उसके प्रसव स्थल में पहुंच कर टीकाकृत किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरत्न से मिली जानकारी अनुसार इस अभियान में सेक्टर पीपरछेड़ी से टीम बनाकर सभी पहुंचविहीन, कठिनतम, जंगलों व ईट भट्ठों में प्रवास कर रहे टीका विहीन गर्भवती माताओं व बच्चों को टीका लगाया गया व जागरूक भी किया गया।

विद्युतीकरण कार्य मार्च में पूरा होगा : डीआरएम

महासमुंद। संबलपुर रेल मंडल के डीआरएम प्रदीप कुमार बुधवार को डिवीजन के बड़े रेलवे स्टेशनों का विंडो ट्राली निरीक्षण करते हुए महासमुंद पहुंचे। स्पेशल सेलून में सवार डीआरएम ने सेलून की पीछे विंडो से मंडल अंतर्गत हुए दोहरीकरण, विद्युतीकरण कार्यो का जायजा लेने के साथ ही विभिन्न स्टेशनों में हुए कार्य का भी जायजा लिया।

डीआरएम अपरान्ह पौने चार बजे स्पेशल सेलून से यहां पहुंचे। इससे पूर्व उन्होनें खरियार रोड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य का जायजा लेते हुए महासमुंद पहुंचे। मौके पर उपस्थित अधिकारियों से उन्होने मुख्यालय में कर्मचारियों के लिए बनकर तैयार हो चुके सरकारी क्वार्टर के अलावा स्टेशन में पूरे हो चुके निर्माण कार्य और निर्माणधीन कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होने कहा कि तीन-चार सेक्शनों में कार्य बाकी है जो आगामी मार्च तक पूरा हो जाएगा। मंडल में चल रहे रेलवेलाइन दोहरीकरण कार्य टिटलागढ़ और संबलपुर में कार्य हो चुका है। कार्य पूरा होने से यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। काम में देरी के जवाब में उन्होने कहा कि मांग के अनुरूप मटेरियल और अन्य कारणों से कार्य में विलंब हुआ है।

सरपंच-सचिव संघ ने गिरफ्तारी के मामले में थानेदार को सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। ग्राम पंचायत मोरधा में पीएम आवास को लेकर 420 के मामले में करारोपण अधिकारी, सरपंच और सचिव की गिरफ्तारी के खिलाफ सरपंच और सचिव संघ एकजुट हुए हैं। गुरुवार को इस संबंध में जनपद पंचायत महासमुंद में सरपंच और सचिव संघ की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में इस कार्रवाई को गलत बताया गया। साथ ही उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर इस मामले में चर्चा करने की बात भी कही गई।

बैठक के बाद देर शाम सरपंच, सचिव संघ के पदाधिकारी और करारोपण अधिकारी संयुक्त रूप से जिला पंचायत सीईओ और एसपी से मिलने पहुंचे। हालांकि मुलाकात नहीं होने के बाद उन्होने थाना प्रभारी राकेश खुंटेश्वर से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान संघ ने थाना प्रभारी से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

बीपीएल श्रेणी के बुजुर्गों को नि:शुल्क दिए जाएंगे कृत्रिम अंग

- राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत 9 से परीक्षण और चिन्हांकन शिविर

महासमुंद। राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर का आयोजन 09, 10 और 11 दिसंबर को किया जाएगा। कृत्रिम अंग निर्माण कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा बीपीएल श्रेणी के 60 वर्ष, 60 वर्ष से अधिक के वृद्धजनों को कृत्रिम अंग जैसे दांत, नजर के चश्मे, ट्रायपाड, टेट्रापाड, व्हील चेयर, वाकिंग स्टीक, श्रवण यंत्र, वाकर, एलबो स्टीक, बैसाखी आदि सहायक उपकरण नि:शुल्क प्रदाय किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने इन शिविरों के लिए निर्देश दिए हैं।

उपसंचालक समाज कल्याण धर्मेन्द्र साहू ने बताया कि कैम्प के समय लगने वाले आवश्यक दस्तावेज के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त दुर्बलता/पात्रता प्रमाण पत्र एवं चश्मा हेतु विजन प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड, पेंशन कार्ड (सामाजिक सुरक्षा पेंशन), आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आईडी प्रूफहेतु राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र या जन्म तिथि दर्शित दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

नरेंद्र सिंह ठाकुर हुए सम्मानित

राजनांदगांव। गत 1 दिसंबर को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में दिव्यांगों के हितार्थ कार्य करने वाली संस्था त्रिशला फाउंडेशन के द्वारा सेरेब्रल पॉलिसी बच्चों के जीवनकाल में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया था।

प्रयागराज के कर्नलगंज इंटरकालेज के समीप टैगोर टाऊन में संपन्न हुए इस महती आयोजन में शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनादगांव में मेकेनिक काम इलेक्ट्रिशियन नरेंद्र सिंह ठाकुर को दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे सेवा कार्य हेतु फाउंडेशन कि ओर से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा सम्मानित किया गया।

निर्देश जहां पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं वहां हर दिन के लक्ष्य के अनुसार टोकन जारी किया जाए

नक्सल हिंसा पीड़ित क्षेत्र चिल्हाटी के साथ तीन और केन्द्रों में पहुंचे कलेक्टर

- कलेक्टर मौर्य ने धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी अधिकारियों को दिए निर्देश

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने जिले के ऐसे धान उपार्जन केन्द्रों जहां 10-15 दिन के लिए धान खरीदी हेतु बारदाने उपलब्ध हैं। वहां प्रतिदिन के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप टोकन काटने के निर्देश सहकारी समितियों के प्रभारियों को दिए हैं। श्री मौर्य ने अंबागढ़ चौकी विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र चिल्हाटी, धान खरीदी केन्द्र अंबागढ़ चौकी, धान खरीदी केन्द्र ढाढूटोला (बांधाबाजार) तथा छुरिया विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र कुमरदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूछने पर उपार्जन केन्द्र के प्रभारियों द्वारा पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध होने की जानकारी देने पर कलेक्टर श्री मौर्य ने यह निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मौर्य निरीक्षण के दौरान सभी धान उपार्जन केन्द्र परिसरों में किसानों के बीच जाकर उनसे चर्चा की और धान खरीदी व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी जगह धान तौलाई की प्रक्रिया का भी प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया। श्री मौर्य ने आज भी किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने एक एकड़ में अधिकतम 15 च्ंिटल धान खरीदने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुरूप ही धान के रकबे के अनुसार सभी किसानों से निर्धारित मात्रा में धान की खरीदी की जाएगी। श्री मौर्य ने धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी उपार्जन केन्द्रों के लिए प्रतिदिन टोकन काटने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक जितने भी उपार्जन केन्द्रों का उन्होंने निरीक्षण किया सभी जगह पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं। बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए हर दिन के लक्ष्य के अनुरूप टोकन किसानों को दिया जाए। श्री मौर्य ने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्रों में इस तरह से व्यवस्था हो कि जिस दिन का टोकन रहेगा उस दिन ही पूरे धान की खरीदी हो जाए। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि उनके हित में ही हर दिन के लिए टोकन देने की व्यवस्था की गई हैं ताकि उन्हें धान बेचने के लिए भटकना न पड़े। कलेक्टर श्री मौर्य ने उपार्जन केन्द्रों में टोकन जारी पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने नमी मापक मशीनों से धान की नमी की भी जांच कराई। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों के प्रभारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी केन्द्र में कोचियों से धान खरीदी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। किसी भी केन्द्र में इस तरह की शिकायत मिली और जांच में सही पाई गई तो प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई होगी।

मुंगेली निकायों के लिए छिड़ी जंग

■ प्रमुख पार्टियों के साथ निर्दलियों के नामांकन भरने से चुनाव दिलचस्प होने के आसर बढ़े

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। आज नामाकन के अंतिम दिन अंततः कांग्रेस ने भी भारी जद्दोजहद के बाद जारी की, प्रमुख दलो द्वारा आज नामांकन दाखिले को देखते हुए प्रशासन ने पुरी चाक चौबंध व्यवस्था की थी। दोनो प्रमुख पार्टियों के साथ कुछ पार्टियों से टिकट न मिलने से नाराज उम्मीद्वारों ने निर्दलिय प्रत्याशियों के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया ।

नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन फार्म भरने के आज अंतिम तारीख थी जिसमें भाजपा ने रैली निकाल कर कलेक्टोरेट पहुचे जहॉ उन्होने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये कांग्रेस के सभी प्रत्याशी नामांकन फार्म भरने के लिये जिले के कलेक्टर परिसर में नजर आये दोनों ही पार्टीयों के कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह नजर आया प्रत्याशी अपने नामांकन फार्म भरने के लिए परिसर पहुचे एवं काग्रेस के सभी प्रत्याशी फार्म भरने के लिये हौड़ में लगे रहे जिसके चलते कलेक्टर परिसर में गहमागर्मी छाई रही।

कलेक्टॉरेट में नगर पालिका क्षेत्र के अलग-अलग वार्डो के लिए फार्म भरने के लिए तीन जगहों की सुविधा की गयी थी जिसमें दोनों ही पार्टीयो के प्रत्याशीयों द्वारा लम्बी लाईन लगाये हुये थे फार्म भरने वाले पार्टी के लोगों का कहना था कि चुनाव आयोग के द्वारा ऑनलाईन फॉर्म भरने की सुविधा दी गयी थी उसके बाद भी मेनुअल में सारी प्रक्रियाओं का पालन किया गया जिससे एक-एक प्रत्याशियों को भारी जदौजहद करना पडा और कलेक्टर ने इन स्थानों का निरिक्षण करने स्वंय पहुचे।

नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बगावत बिगाड़ सकता है समीकरण

नगरीय निकाय चुनाव की तारिख आने के बाद अब राजैनेतिक सरगर्मी बढने लगी है 6 तारीख नांमाकन का आखरी दिन है और अब नगर पालिका के पूरे 22 वार्डो में भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषण कर दी है किन्तु कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषण नही हो पायी है जहां बीजेपी के प्रत्याशियों के घोषणा के बाद बगावती तेवर नजर आने लगे है वही दूसरी ओर लोगों का कयास है कि काग्रेस के प्रत्याशी घोषणा के बाद काग्रेस मे भी बगावती तेवर सामने आयेगे। भापजा पार्टी के प्रत्याशी की लिस्ट जारी होने के बाद से ही अब कई वार्डो में पार्षद प्रत्याशी की दौड़ में शामिल लोगों को पार्टी से टिकट नही मिलने के कारण बागवती सुर सुनाई पड रहे है सोसल मिडिया के माध्यम से वे लोग, अपनी नाराजगी जाहिर करते हुये निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नांमाकन जमा करने की बात भी कर रहे है जिससे भापजा कांग्रेस दोनों ही पार्टी में अंतः कलह की स्थिति बन रही है।

25 पार्षदों के चुनाव के लिए 64 नामांकन दाखिल

जांजगीर। नगर पालिका नैला-जांजगीर के वार्डो के पार्षछ पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिले के अंतिम दिन आज 6 दिसंबर को कुल 64 अभ्यर्थियों द्वारा अपने नामांकन के पर्चे दाखिल किये गये। रिटर्निंग आफिसर एवं कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने उम्मीदवारों से नामांकन पत्र प्राप्त किया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के नगरीय निकाय चुनाव 2019 के लिए नियुक्त प्रेक्षक मुख्य वन संरक्षक श्री अनिल सोनी ने रिटर्निंग आफिसर के कक्ष में आज की नामांकन प्रक्रिया का अवलोकन किया। सहायक निटर्निंग आफिसर श्रीमती लीना कोसम भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। वार्डवार दाखिल किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संख्या इस प्रकार है- वार्ड क्रमांक एक में 2 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक दो से 5 अभ्यर्थियों ने, वार्ड क्रमांक तीन से 1 अभ्यर्थी ने, वार्ड क्रमांक चार से 3, वार्ड क्रमांक पांच से 1, वार्ड क्रमांक छः से 2, वार्ड क्रमांक सात से 4, वार्ड क्रमांक आठ से 3, वार्ड क्रमांक नौ से 3, वार्ड क्रमांक दस से 3, वार्ड क्रमांक ग्यारह से 2, वार्ड क्रमांक बारह से 1, वार्ड क्रमांक तेरह से 4, वार्ड क्रमांक चौदह, पंद्रह व सोलह से 2-2, वार्ड क्रमांक सत्रह से 4, वार्ड क्रमांक अठ्ठारह से 1, वार्ड क्रमांक उन्नीस से 2, वार्ड क्रमांक बीस से 3, वार्ड क्रमांक इक्कीस से 3, वार्ड क्रमांक बाइस से 3, वार्ड क्रमांक तेईस से 3, वार्ड क्रमांक चौबीस से 2 और वार्ड क्रमांक पच्चीस से 3 अभ्यर्थियों ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया।

कांग्रेस ने 22 वार्डो के लिऐ 36 पार्षद प्रत्याशियों का भरा नामांकन

■ अंतर्कलह के चलते अंतिम दिवस तक प्रत्यासियों की तस्वीर साफ न हो सकी कांग्रेस की

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मुख्यालय के नगर पालिका पार्षद प्रत्याशियों के सिंगल नाम को लेकर नामंकन के अंतिम दिवस शुक्रवार 6 दिसम्बर को भी सस्पेंस बरकरार रहा जिससे कांग्रेस में चल रही अंतर्कलह साफ़ झलकने लगी है। कोंडागांव नगरीय निकाय चुनाव के लिऐ आज नामांकन के आखरी दिन भी किसी वार्ड से किसी प्रत्यासी की तस्वीर साफनही हो सकी जिसके चलते 22 वार्डो के लिऐ 36 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है जिससे एक वार्ड से कांग्रेस के 2 से 3 दावेदार सामने आये ।अब देखना ये होगा कि पीसीसी चिफ़ मोहन मरकाम पार्टी का बी फॉर्म की सौगात किस प्रत्याशी को देते हैं।बहरहाल इस नामंकन प्रक्रिया में कांग्रेस पार्टी में आपसी कलह साफ देखने को मिल रहा है।

शहजादी ने कांग्रेस छोड़ी, निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। काँग्रेस छोड़ जोगी काँग्रेस में जाने के बाद फिर से काँग्रेस में लौटी पार्षद शहजादी कुरैशी को काँग्रेस ने पार्षद की टिकट नही दी जबकि काँग्रेस में वापसी के पहले ही उन्होंने अपने वार्ड में काँग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी को बढ़त दिलाई थी ।उन्होंने लोकसभा चुनाव में भी अपने वार्ड से कांग्रेस पतयाशी को लीड दिलाई इसके बाद भी पार्टी द्वारा निगम चुनाव में टिकट से वंचित रखे जाने पर शहजादी कुरैशी ने कांग्रेस छोड़कर अपने वार्ड से पार्षद चुनाव लड़ने का फैसला किया है । अपनी टिकट कटने से व्यथित शहजादी कुरैशी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंची और वार्ड नंबर 31 लाला लाजपत राय नगर से निर्दलीय पार्षद उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया । वह लगातार पिछले चार चुनावों से इस इलाके से पार्षद निर्वाचित होती रही हैं ।पर्चा दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंची शहजादी कुरैशी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस में रहकर पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम किया और उनके दोनों पोलिंग बूथ से कागेस को बहुमत मिला था। लेकिन उन्हें इस चुनाव में कांग्रेस ने पार्षद की टिकट नहीं दी । उनका कहना था कि उन्हें किसी से कोई गिला शिकवा नहीं है । लेकिन यह भी बताया कि उनके वार्ड के नागरिक पिछले 20 साल से उन्हें चुनाव जिताते आ रहे हैं । कांग्रेसी पार्षद उम्मीदवारों की लिस्ट आने के बाद लोगों में काफी आक्रोश है और वह दुखी हैं। शहजादी कुरैशी ने बताया कि वार्ड के लोगों ने उनके घर पर धरना देकर उन्हें चुनाव लड़ने के लिए कहा ।

प्रत्याशियों की घोषणा के साथ कांग्रेस ने निकाली रैली

नवप्रदेश संवाददाता

■ नाराज कई दावेदारों ने निर्दलीय फार्म भरा तो अंतिम समय मे भी बदलाव की उम्मीद से कई ने काँग्रेस प्रत्याशी के रूप में जमा किया फार्म

बिलासपुर। नगर निगम चुनाव के लिए पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार काँग्रेस खेमे में नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिवस दोपहर को खत्म हो गया । रायपुर से सूची जारी होते ही प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट की दौड़ लगाई और आनन फानन में फार्म जमा कर रैली में शामिल होने लालबहादुर शास्त्री स्कूल के मैदान में पहुंच गए उधर सूची में नाम गायब पाकर कई दावेदार मायूस हो गए और आनन फानन में निर्दलीय प्रत्याशी का पर्चा भर दिए । कई दावेदारों को अभी भी उम्मीद है कि नाम वापसी तक परिवर्तन हो सकता है इसलिए ऐसे लोग आज काँग्रेस प्रत्याशी के रूप में पर्चा भर दिया है । कई वर्तमान पार्षदो की या तो टिकट कट गई है या फिर दूसरे वार्डो से उन्हें प्रत्याशी घोषित किया गया है । टिकट वितरण को लेकर भाजपा काँग्रेस दोनो में नाराजगी है ।

निगम चुनाव के लिए पार्षद प्रत्याशियों के नामंकन दाखिले की आज अंतिम तिथि थी । काँग्रेस खेमे में बदहवास की स्थिति रही क्योकि कई दिनों की माथापच्ची और मैराथन बैठक के बाद भी आज सुबह तक काँग्रेस प्रत्याशियों के नामो की अधिकृत घोषणा नही हो पाई थी । दोपहर 11बजे नामों की घोषणा के बाद सारे प्रत्याशी हरकत में आये और दौड़ते हुए कलेक्ट्रेट पहुच कर आनन फानन में पर्चा दाखिल किया । उसके बाद सभी एक एक कर रैली में शामिल होने निकल गए ।

काँग्रेस नेताओं और सभी प्रत्याशियों की रैली लालबहादुर शास्त्री स्कूल से निकली जो शहर भृमण पश्चात नेहरू चौक पहुंची ।

उधर टिकट नही मिलने और पैनल में सिंगल नाम होने के बाद भी नाम काटकर दूसरे को प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध करते हुए कई दावेदारों ने स्वतंत्र उम्मीदवार की हैसियत से नामांकन दाखिल करने में देरी नही की । टिकट से वंचित कई दावेदारों ने अपना दर्द बयां करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी नेताओं ने टिकट वितरण के लिए बनाए सारे मापदंडों को दरकिनार कर अपने अपने लोगो को टिकट दिलवा दिए है । उन्हें अब वही लोग जितवाएँगे। संगठन के पदाधिकारियों तक ने टिकट पर कब्जा कर लिए उन्हें जनता सबक सिखाएगी ।

सारे नेताओ ने अपने समर्थकों को टिकट दिलाने दबाव बनाया

काँग्रेस की सूची देखने से स्पष्ट होता है कि संगठन के नेताओ के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत , मत्रियों टी एस सिंहदेव अमरजीत सिंह भगत आदि के समर्थक टिकट पाने में सफल रहे वही कुछ प्रत्याशी ऐसे भी है जिनके लिए स गठन के पूरे लोग टिकट कटवाने में लगे रहे मगर वे सफल नही हुए हालांकि पार्षद शैलेंद जायसवाल और काँग्रेस सचिव संध्या तिवारी का नाम कटवाने में उन्हें सफलता मिल गई ।

474 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

नमांकन दाखिले के आज अंतिम दिवस 181 महिला और 293 पुरूष उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। कुल 474 उम्मीदवारों में से कितने शेष रह जाते हैं यह 9 दिसंबर को नाम वापसी की तिथि के दिन स्पष्ट हो जाएगा। प्रत्याशियों द्वारा जमा की गई निक्षेप राशि के रूप में शासन 15 लाख 50 हजार रूपए की प्राप्ति हुई है।

कांग्रेस प्रत्याशियों ने नामांकन से पहले की मंदिर में पूजा

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डी। डौण्डी नगर पंचायत चुनाव में पार्षद उमीदवारों कब साथ नामांकन जमा करने पहुँची क्षेत्रीय विधायक ने चुनाव के बारे में पूछने पर कहा कि डौण्डी नगर पंचायत में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष कांग्रेस का ही बनने का का दावा किये। आज नामांकन के अंतिम दिन डौंडी नगर के 13 वार्डो से कांग्रेस प्रत्यासी अपना नामांकन दाखिल करने पूर्व नगर के जिमिदारीन मंदिर में माता का पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर स्वयं प्रदेश की महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया ने जिमिदारीन माता की आरती उतारकर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत का आशीर्वाद मांगा

मंदिर प्रांगण में ही दावेदारों को कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर उनका सम्मान किया। मंत्री अनिला भेड़िया ने वार्ड नम्बर 3 के बुजुर्ग व वरिष्ठ कांग्रेसी सुखदेव का मान सम्मान करते उनका चरण स्पर्श कर सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाने अनुभव बाटकर प्रत्यासियो को आशीर्वाद देने कहा। पश्चात कांग्रेस समर्थकों के साथ ढोल नगाड़ों की धुन पर नगर में विशाल रैली निकाल नामांकन भरने सीधे तहसील कार्यालय पहुँचे।जहां स्वयं मंत्री अनिला भेड़िया ने दावेदारों का नामांकन फार्म जमा करवाने और उनका हौसला अफ्जाई करने पूरे प्रकिया में साथ रही। इस दौरान पिछले तीन कार्यकाल से नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करते आ रहे वार्ड 14 व 15 उकारी को पृथक वार्ड हेतु चुनाव बाद पृथक प्रक्रिया पूर्ण करने की बात कही

■ अनिला भेड़िया ने जिमिदारीन माता की आरती उतारकर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत का आशीर्वाद मांगा

नामांकन पत्रों की संवीक्षा आज

जांजगीर। जांजगीर जिले में 15 नगरीय निकायों के आम चुनाव के लिए 6 दिसंबर को नाम निर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही पूरी हो चुकी है, सभी नगरीय निकायों में वार्ड पाषदों के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की संवीक्षा 7 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से रिटर्निंग आफिसर्स द्वारा की जाएगी। 9 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लिये जा सकेंगे। नाम वापसी के बाद 9 दिसंबर को चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी और चुनाव चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। मतदान 21 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न कराया जाएगा।

भाजपा से टिकट कटी तो बताया षड़यंत्र, रामा राव ने कांग्रेस प्रवेश से किया इंकार

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। भाजपा से काँग्रेस प्रवेश कर दो दिनों तक सुर्खियों में रहने वाले रेलवे क्षेत्र के व्ही रामराव ने आज साफ इंकार कर दिया वे काँग्रेस में शामिल हुए है बल्कि उन्होंने अपने को भाजपा का सच्चा सिपाही और निष्ठावान कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि पार्षद की टिकट से उन्हें षणयंत्र पूर्वक वंचित किया गया है पार्टी के बड़े लोग नही चाहते कि वह राजनीति में आगे बढ़े फिर भी पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौपेगी उसे निभाएंगे ।

भारतीय जनता पार्टी पार्षद टिकट आबंटन के नाटकीय घटनाक्रम के केंद्र बिंदु में रहे रेलवे क्षेत्र के चार बार के पार्षद वी रामाराव इस दौरान पूरे वक्त सुर्खियों में रहे। संगठन के समर्थन के बावजूद पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने विधानसभा चुनाव के दौरान उनका प्रचार नहीं करने की अदावत भुनाते हुए उनका टिकट काट दिया। जिसके बाद चर्चा यह थी कि शहर विधायक शैलेश पांडे के साथ जाकर उन्होंने रायपुर में कांग्रेस की सदस्यता ले ली है। लेकिन भीतर खाने से यह भी खबर आई कि अटल और शैलेश की तनातनी में कांग्रेस में भी रामाराव के टिकट पर संशय की तलवार लटक रही थी। जिसके बाद बीजेपी के बड़े नेताओं द्वारा समझाने पर रामाराव एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी में लौट आए । सुबह का भूला शाम को लौटा तो फिर इसकी खबर भी मीडिया को देने शुक्रवार को रामाराव बिलासपुर प्रेस क्लब पहुंच गए।

भारी खींचातान के बाद जारी हुई कांग्रेस की सूची

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। पीसीसी रायपुर में गुरूवार दिन भर चली बैठक के बाद देर रात को जिले के नगर पालिका के 22 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों के नाम घोषित किये गये नामांकन भरने के लिए आज 6 दिसंबर अतिम दिन है अंतिम तिथि के एक दिन पूर्व गुरूवार देर रात कांग्रेस के पार्षद पद के प्रत्याशियों की सूची जारी हो सकी, कुछ वार्ड में अलग-अलग नेताओं की अलग-अलग पसंद के चलते तीन दिन से सहमति नही बन पा रही थी जिसके चलते सूची जारी करने के मामले में कांग्रेस पीछे रही, सूची जारी होने के बाद कई के चेहरे खुशी से चमकते नजर आये तो कईयों के चेंहरे की रंगत गायब नजर आयी, टिकट से वंचित लोगों द्वारा बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने की स्थिति में कांग्रेस के लिए बडी चुनौती हो सकती है सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार 4-5 वार्ड में एक नाम पर सहमति नही बन पाने के कारण ही सूची जारी होने में तीन दिन देर हुई नगर के सुभाष वार्ड, शिवाजी वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, जैसे में भारी रस्साकसी अंतिम समय तक जारी रही कांग्रेस के दिग्गज अपने - अपने चहेतों के लिए एडी चोटी का जोर लगाते रहे।

नगर पालिका परिषद जिले के पार्षदों की सूची जारी

क्रं.	वार्ड का नाम	प्रत्याशीयों के नाम			
1	रामगोपाल तिवारी वार्ड	संजय ठाकुर	12	ठक्करबाबा वार्ड	संजय चंदेल
2	सरदार पटेल वार्ड	श्रीमति सावित्री सोनी	13	अम्बेडकर वार्ड	हेमेन्द्र गोस्वामी
3	सुभाष वार्ड	रोहित शुक्ला	14	काली माई वार्ड	राहुल कुर्रे
4	महामाई वार्ड	मनुराज सोनी	15	मो,बसीर खान वार्ड	दिलीप सोनी
5	शंकर वार्ड	सुलोचना मल्लाह	16	कबीर वार्ड	संजय पनीक
6	परमहंस वार्ड	एजाज खोखर	17	तिलक वार्ड	चित्रलेखा पात्रे
7	राजेन्द्र वार्ड	राखी स्वतंत्र तिवारी	18	डा हीरा लाल वार्ड	लक्ष्मीन राजू जायसवाल
8	शिवाजी वार्ड	संजय यादव	19	एण्ड्रूज वार्ड	ललिता सोनकर
9	गांधी वार्ड	अरविंद वैष्णव	20	महाराण प्रताप वार्ड	श्रवण सोनकर
10	विवेकानंद वार्ड	कुसुमलता देवांगन	21	विनोवा नगर वार्ड	श्रीनिवास ठाकुर
11	जवाहर वार्ड	मकबूल खान	22	दीनदयाल उपाध्याय वार्ड	अभिलाष सिंह

चुनाव | प्रत्याशियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर किया नामांकन दाखिल

भाजपा पार्षद प्रत्याशियों ने नामांकन रैली में दिखाई ताकत

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। भाजपा ने किया था प्रत्याशियों का सूच जारी जो की आज 15 पार्षदों ने नगर में शक्ति प्रदर्शन कर भरा नामांकन। नगर पंचायत चुनाव में पार्षद प्रत्याशी नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि आज 6 दिसम्बर है। वही भाजपा ने आज आपने सभी 15 प्रत्याशीयो की रैली निकाल कर गाजे बाजे फटाका के साथ नगर में पार्टी की ताकत दिखने में जुटी हुई है। रैली में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी शामिल है। आगामी नगर पंचायत चुनाव हेतु 15 प्रत्याशियों ने आज गाजे बाजे के साथ तहशील कार्यालय में पहुच कर नामांकन दाखिल किया। वही भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता का कहना है 10 साल में हमने जो पाखंजुर नगर पंचायत में विकास कार्य किये उस से भी ज्यादा इन 5 सालो में करके दिखायँगे,पाखंजुर नगर पंचायत बनने के बाद भाजपा के ही नगर पंचायत अध्यक्ष बने 10 सालो में दो अध्यक्ष बनने के बाद भी आज तक पाखंजुर नगर पंचायत के विकास कार्य के लिए कोई कसर नही छोड़ी है। पूर्व अध्यक्षा श्रीमती माया रानी सरकार और वर्तमान अध्यक्ष अशीम राय ने कहा है कि हमने नगर के विकास के लिए ओर हर वार्ड में वार्डवासियो के मांग के अनुरूप कार्य करवाये जिसको देखते हुए इस बार भी हर वार्ड के लोगो ने भाजपा के साथ देने की बात कही है।

नगर पंचायत पखांजूर वार्ड क्रमांक भाजपा प्रत्याशी-

1 तपन सिकदर, 2 विकास पाल,3- सिरगो बाई,4- मायारानी सरकार,5- कमलेश पटेल,6- रुकमनी बेसरा,7- अशीम राय, 8- शंकर नाग,9- सुरेश शील,10- संगीता कांगे,11-बाबलु सरकार,12- कानन कर्मकार,13- आरती साहू,14- नारायण साहा,15- मोनिका साहा अदि ने आज एक साथ नामांकन दाखिल किया है।

भाजपा पार्षद प्रत्याशियों ने आतिशबाजी और रैली निकालकर नामांकन भरा

■ पार्टी से नाराज होकर गजानंद ने भरा निर्दलीय पर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

भानुप्रतापपुर। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेता सहित कार्यकर्ता के साथ आज शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के 15 वार्डो के पार्षद प्रत्याशी हेतु तहसील कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया गया। वही नगरीय निकाय चुनाव के लिये भाजपा के द्वारा सलिहापारा स्थित कार्यलय से सैकड़ो की संख्या में गाजेबाजे एवं आतिशबाजी के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय के पास स्थित राम जानकी मंदिर में सभी प्रत्याशी के द्वारा पूजाअर्चना कर नामांकन दाखिल करने के लिए कार्यालय में प्रवेश किया गया। भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रबल दावेदार निखिल सिंह राठौर से चर्चा करने पर बताया गया कि इस बार हमारी पार्टी बड़ी बदलाव के साथ नगर के विकास के लिए काम करेंगी एवं हमारे द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर, सर्व सुविधा युक्त मैदान का निर्माण, एवं सभी वार्डो में मूलभूत सुविधा पहुचना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी।

भाजपा-कांग्रेस के नामांकन में उमड़ी भीड़

70 प्रत्याशियों ने भरा फॉर्म

■ आखिरी दिन भाजपा, कांग्रेस और बागी प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। प्रदेश में सत्ता में काबिज कांग्रेस सरकार ने काफी कसमकस के बाद गुरुवार की देर शाम अपने प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी की। हालांकि सूची में जारी नाम कुछ दिनों से सोशल मीडिया में वायरल जरूर हो रही थी लेकिन पार्टी का मोहर नही लगने के कारण अंतिम समय तक प्रत्याशियों के नाम को लेकर संशय बना हुआ था नामांकन के आखिरी दिन शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों ने क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू के मार्गदर्शन में नगर के महामाया मंदिर में माथा टेककर कसडोल के रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। वही भाजपा के प्रत्याशियों ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव के दिशा निर्देश में नगर भ्रमण करतें हुये गाजे-बाजे के साथ पर्चा भरा। वही नगर पंचायत के निर्वतमान अध्यक्ष योगेश बंजारे को कांग्रेस से टिकट नही मिलने पर अपनी पत्नी मोनिका योगेश बंजारे को वार्ड क्रमांक 7 से नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा टिकट नही मिलने के कारण कांग्रेस से बागी होकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष श्रीमति निर्मला साहू ने वार्ड क्रमांक 08 से निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है जिससे अब नगरीय निकाय चुनाव पूरे सबाब पर दिख रहा है। नगरीय निकायो में नामांकन पत्र भरने की आखिरी दिन भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों में खासा उत्साह दिखा। नामांकन के आखिरी दिन नगर पंचायत कसडोल के लिए कुल 70 आवेदन दाखिल हुये। तो वही पार्टी से टिकट नही मिलने पर कई प्रत्याशियों में पार्टी के प्रति काफी नाराजगी देखने को मिली। दोंनो ही राजनैतिक दल बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुऐ मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। लेकिन पार्टी ने जिसे अपना प्रत्याशी घोषित नही किया वह पार्टी के खिलाफखुलकर विरोध जताया। कसडोल कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला साहू ने पार्टी पर आरोप लगाते हुये कहा कि उनके द्वारा 20 वर्षो से पार्टी की सेवा कर रही थी लेकिन अभी आश्वासन देने के बावजूद टिकट नही दिया गया। जिससे वो बागी होकर निर्दलीय फार्म भरा है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी के ही युवक कांग्रेस के जिला सचिव सतीश कैवर्त ने भी टिकट नही मिलने पर बागी हो गए है। इधर क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू ने कहा कि निकाय चुनाव में ब्लाक अध्यक्ष के सहमति लेने के बाद ही जिलाध्यक्ष के पास आवेदन भेजा गया था चुनाव में ऐसी परिस्थितिया बनती है लेकिन सभी बागी प्रत्याशियों को मना लिया जाएगा। इधर भाजपा ने वार्ड क्रमांक 08 से कम ऊँचाई के रूपचंद साहू को टिकट देकर पूरे नगर में चर्चा गर्म कर दी है। कुलमिलाकर नगरीय निकाय चुनाव दोनों ही पार्टियों के आगामी नतीजे काफी मसक्कत भरा नजर आ रहा है।

पत्रकार को दी टिकट : इस पूरे चुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने दोनों तरफ से पासा खेला है, यहाँ भाजपा ने नगर के समाजसेवी और पत्रकार गुनिराम साहू को वार्ड नंबर 09 से अपना प्रत्याशी बनाया है तो वही कांग्रेस ने भी नगर के वरिष्ठ पत्रकार ऋषि श्रीवास को वार्ड नंबर 04 से टिकट दी है। इधर अब नामांकन दाखिल करने के बाद नगर में इन दोनों वार्डो में लोगों की नजर टिकी हुई है, जिससे लोग अब चौक चौराहों पर बात करते नजर आ रहे है। कुलमिलाकर अब दोनों की पत्रकार अपनी जीत के लिए ऐड़ी चोटी का जोड़ लगा रहें है।

प्रचार में जुटें प्रत्याशी : नामांकन दाखिल के बाद अब पूरा नगर चुनावी संग्राम में तब्दील हो चुका है। यहाँ प्रत्याशी अपने-अपने वार्डो में प्रचार करना प्रारंभ कर दिया है तो कुछ मतदाताओं को रिझाने के लिए रात्रि भोज का भी आयोजन कर रहे है। जगह-जगह प्रत्याशी चुनाव में लगे दिख रहे है। अब देखना यह है कि आज अंतिम दिवस के बाद कुल कितने लोग यहाँ से चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाते है।

इनका कहना है

● महामाया माता के दर्शन के बाद नगर भ्रमण करते हुए पूरे वार्डो के प्रत्याशियों के साथ नामांकन दाखिल किया गया है। बागी प्रत्याशियों को जल्द समझा लिया जाएगा।
सुश्री शकुंतला साहू
विधायक, कसडोल

● भाजपा पूरे वार्डो में विकाश का मुद्दा लेकर चुनाव लड़ रही है इस बार पार्टी ने अनुभवी सहित युवा प्रत्याशियों को मौका दिया है। हम पूरा वार्डो में जीतेंगे।
डॉ अजय राव
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा

● मेरे पति 5 वर्षो तक नगर में अध्यक्ष के रूप में कार्य किये है, उनके कुछ अधूरे कार्यो को मैं जीतकर पूरा करूँगी।
श्रीमती मोनिका योगेश बंजारे,
निर्दलीय प्रत्याशी

● मैने कांग्रेस पार्टी की सेवा 20 वर्षो से करते आ रही हूँ। कांग्रेस पार्टी ने मुझे टिकट नही दिया है जिसके कारण मैंने निर्दलीय फॉर्म भरा है। और मैं चुनाव जीतूंगी।
श्रीमती निर्मला साहू, निर्दलीय प्रत्याशी

कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

खरोरा। कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियो ने किया अपना नामंकन दाखिल , नगर पंचायत भवन से लेकर तहसील आफिस तक निकला जोर दार रैली प्रदर्शन ,उमड़ी सैकड़ो की भीड़ इस अवसर पर अध्यक्छ प्रतिनिधि जनपद पंचायत तिल्दा श्री वेदराम मनहरे , अध्यक्छ ब्लॉक काँग्रेस कमिटी खरोरा श्री देवव्रत नायक जी , अध्यक्छ प्रतिनिधि श्री अरविंद देवांगन जी, ,कांग्रेस प्रदेश सचिव बबलू भाटिया,खरोरा नगर एल्डरमैन नीलेश चंद्रवंशी जी, जुबैर अली ,देव सिंग नायक, फैजान अली,आकाश धुरंधर,भागवत सारथी,सालिक देवांगन, मिथलेश साहू, एवं सेकड़ो की तादात में कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद थे । नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 से रूपेश मनहरे , वार्ड क्रमांक 2 से जुगाला रात्रे वार्ड क्रमांक 3 से राहुल मरकाम ,वार्ड क्रमांक 4 से सरस्वती देवांगन , वार्ड क्रमांक 5 से बालकिशन निर्मलकर ,वार्ड क्रमांक 6 से लता नशीने , वार्ड क्रमांक 7 से अरविंद देवांगन ,वार्ड क्रमांक 8 से सरबजीत बबलू भाटिया , वार्ड क्रमांक 9 से भरत कुम्भकार ,वार्ड क्रमांक 10 से जुबैर अली , वार्ड क्रमांक 11 से राजू पाल ,वार्ड क्रमांक 12 से इमरान खान वार्ड क्रमांक 13 से प्रभा शर्मा ,वार्ड ,क्रमांक 14 से शिवचरण देवांगन ,वार्ड क्रमांक 15 से कृष्ण कुमार साहू ने तहसील आफिस में तिल्दा तहसीलदार तहसीलदार राकेश ध्रुव, खरोरा के तहसीलदार कृष्णा कुमार ध्रुव, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश यादव के समक्ष नामांकन दाखिल किया । युवाओ को मौका कई पुराने लोगो का टिकट भी कटा , जुबैर अली, अरविंद देवांगन, सरबजीत बबलू भाटिया, रूपेश मनहरे, भरत कुंभकार जीत के प्रबल दावेदार माने जा रहे ।

कांग्रेस ने जारी की अपने प्रत्याशियों की सूची

भाटापारा। छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के व्दारा नगरीय निकाय चुनाव 2019 प्रदेश चुनाव समिति व्दारा अनुमोदित सूची ,नगरपालिका परिषद भाटापारा का पार्षद पद के उम्मीदवारो की सूची गिरीश देवांगन महामंत्री व कार्यालय एवं प्रशासनिक विभाग व्दारा जारी किया गया जिसमें वार्ड क्रमांक 01 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड से संतोषी गेन्दू साव, वार्ड क्रमांक 02हथनीपारा वार्ड से कुमारी साहू , वार्ड क्रमांक 03 महाबीर वार्ड से अशोक साहू, वार्ड क्रमांक 04 सुभाषवार्ड से संजयशर्मा, वार्ड क्रमांक 05 ईश्वरीप्रसाद धुरंधर वार्ड से रामेश्वरी लोकेश यादव, वार्ड क्रमांक 06 शक्तिवार्ड से घासीनबाई खूंटे, वार्ड क्रमाक 07 नयापारा वार्ड से रानी राजेन्द्र वर्मा, वार्डक्रमांक 08 परशुराम वार्ड से प्रकाश देवांगन, वार्ड क्रमांक 09 दाउ कृष्ण कुमार वार्ड से चंदन सेन, वार्ड क्रमांक 10 गांधीमंदिर वार्ड से श्वेता आलोक मिश्रा, वार्ड क्रमांक 11 से शंकरवार्ड से अयूब बाठिया, वार्ड क्रमांक 12 सदर वार्ड से सुनीता गुप्ता, वार्ड क्रमांक 13 संजय वार्ड से गोपालशर्मा, वार्डक्रमांक 14 नेहरू वार्ड से त्रिलोक सलूजा, वार्ड क्रमाक 15 नयागंज वार्ड से लालू मानिकपुरी, वार्ड क्रमांक 16 भगतसिंह वार्ड से वैशाली शैलेन्द्र अहिरवार, वार्ड क्रमांक 17 महासती वार्ड से संजय बघेल, वार्ड क्रमांक 18 संत माता कर्मा वार्ड से नंदनी ध्रुव, वार्ड क्रमांक 19 बलभद्रवार्ड से मेनका ठाकुर, वार्ड क्रमाक 20 गुरूनानक वार्ड से रामाधार खूंटे, वार्ड क्रमांक 21 संत रविदास वार्ड से भुलूराम कुर्रे , वार्ड क्रमांक 22 रामसागरवार्ड से अरूण यादव, वार्ड क्रमांक 23 मुंशीईस्माईल वार्ड से विनोद साहू, वार्ड क्रमांक 24 शहीदवीर नारायण वार्ड से रामखिलावरन समीर ध्रुव, वार्ड क्रमांक 25 लाल बहादूरशास्त्री वार्ड से रामनारायण साहू, वार्ड क्रमांक 26 मातादेवालय वार्ड से सुशील सबलानी, वार्ड क्रमांक 27 बजरंग वार्ड से जयप्रकाश केशरवानी एवं वार्ड क्रमांक 28 स्टेशन वार्ड से उषा घूटे, वार्ड क्रमांक 29 पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से सीरीज जांगडे, वार्ड क्रमांक 30 संत कंवरराम वार्ड से दीपक निर्मलकर एवं वार्ड क्रमांक 31 शहीद हेमूकलानी वार्ड से नरेन्द्र नानू सोनी का नाम अधिकृत प्रत्याशी के रूप में घोषित किया गया है ।

नामांकन का कार्य संपन्न

बिलाईगढ़। अनु विभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ के नगर पंचायत निर्वाचन में आज नामांकन दाखिल करने का कार्य संपन्न हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के तहत नगर पंचायत बिलाईगढ़ के लिए नामांकन का कार्य विगत 30 नवंबर से जारी था तथा आज नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिवस होने से नामांकन का कार्य संपन्न हो गया। कार्यालयींन सूत्रों के मुताबिक नगर पंचायत बिलाईगढ़ के कुल 15 वार्ड के लिए पार्षद पद हेतु कुल 49 अभ्यर्थियों के द्वारा 55 नामांकन पत्र दाखिल किया गया इनमें से 6 अभ्यर्थियों के द्वारा डबल आवेदन जमा किया गया तथा बाकी सभी अभ्यर्थियों ने सिंगल सिंगल नाम निर्देशन पत्र जमा किया। अब नामांकन पत्रों की समीक्षा के बाद ,प्रतीक चिन्ह का आवंटन 9 दिसंबर को किया जाएगा ।

खरोरा में निकाली गई योग जागरूकता रैली

खरोरा। 'पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान मे ग्राम पंचायत बिटिया,निःशुल्क योग शिविर का दिनाँक 06दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक का आयोजन किया गया है इसमें जिला योग प्रचारक रायपुर योगाचार्य जय प्रताप साहू के साथ शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला, विकासखंड तिल्दा, बिटिया शाला परिवार के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सहयोग से योग जागरूकता रैली निकाला गया।जिसमें पहले दिन के योग शिविर में योग का महत्व एवं प्रतिदिन की दिनचर्या के बारे में बताया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साह के साथ योग मे स्वास्थ्य रहने की विधि तथा रोगमुक्त सीखना चाहते हैं । जिसमें शाम को आरोग्य सभा के माध्यम से ग्रामीण को जो आसपास के वातावरण में पेड़ पौधे एवं जड़ी बूटी के बारे बताए जाते हैं जैसे कि नीम,तुलसी, आम ,एलोवीरा,गिलोय, नागदोन पपीता, पत्थरचट्टा इत्यादि।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे प्रत्याशियों ने नामांकन भरा

खरोरा। नगर - जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने खरोरा नगर मे अपने छै प्रत्यासी वाड पार्षद चुनाव मे उतारा है पहली बार नगरीय निकाय चुनाव मे अपनी भागीदारी करते हुए जहा नगर मे जिस वाड मे उनके प्रत्यासी चुनाव जितने की स्थिति मे है वहा उतारा गया है। खरोरा नगर पंचायत के प्रभारी चुनाव समिति के अध्यक्ष श्री घना राम नशीने ने बताया की हमें सभी 15 वाड से आवेदन प्राप्त हुए थे। लेकिन जहाँ जितने वाले व जिनका आवेदन पुन पाया गया उन्हे हमारे जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण डाँ अब्दुल अमीन खान ने सहमति प्रदान कर बी फाम प्रदान कर पार्टी टिकट दिया व जिन कार्य कर्ता को चुनाव मे भाग लेने का मौका नही मिला उन्हे पंचायत जनपद व जिला पंचायत मे मौका दिया जाएगा कहकर अभी सभी रायपुर ग्रामीण के नगर इकाई मे जो कार्य कर्ता चुनाव लड़ रहे है उन्हे अपनी शुभकामनाये व बधाई प्रेषित की है।

पुण्य तिथि पर डॉ आंबेडकर को याद किया गया

बिलाईगढ़। भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर याद किया गया ।उनके द्वारा भारत देश को दिए गए योगदान को बच्चों को बताया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला छपोरा विकासखंड बिलाईगढ़ मैं 6 दिसंबर को याद किया गया सर्वप्रथम उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।

सेवानिवृत्त प्र.पा. धनीराम देवदास को दी गई विदाई

भाटापारा। शासकीय प्राथमिक शाला मधुबन के प्रधानपाठक पद से स्वेच्छिक सेवानिवृत्त हुए धनीराम देवदास को संकुल केन्द्र दतरेंगी के समस्त शिक्षको की उपस्थिति में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई । इस अवसर पर शा.उ.मा.वि.दतरेंगी की छात्राओ गीतांजली ,घृतकुमारी ,कविता ,ईश्वरी, किरण, ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत ,सांस्कृतिक नृत्य एवं विदाई गीत की मनोरम प्रस्तुति देकर सबको भावविभोर कर दिया । देवदास जी को संकुल के समस्त शिक्षको की ओर से शाल श्रीफल रामचरितमानस एवं दैनिक उपयोगी सामाग्री भेंटकर सम्मानित किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राम-राम के बाद रमन सिंह...

कराई है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार, सोनी सोरी और वकील भी सारकेगुड़ा गांव ग्रामीणों के साथ मौजूद थे। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार और सोनी सोरी सुप्रीम कोर्ट के दिए एक फैसले का तर्क देकर अभी एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड़े थे। वहीं एसडीओ विनोद मिंज का कहना है कि इस मामले में शासन को पत्र भेजा जाएगा, जो निर्णय आएगा उसके बाद एफआईआर दर्ज करेंगे।

विदित हो कि बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के सारकेगुड़ा गांव में 2012 में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ बताते हुए जवानों ने 17 ग्रामीणों की हत्या कर दी थी. इस बात का खुलासा न्यायिक जांच आयोग ने किया था. 28-29 जून 2012 में की दरम्यानी रात त्यौहार मना रहे ग्रामीणों पर जवानों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। फायरिंग में 17 निर्दोष आदिवासियों की जान चली गई थी। न्यायिक जांच रिपोर्ट में जवान दोषी पाए गए हैं।

मुठभेड़ को पूर्व गृहमंत्री चिदंबरम ने कहा था 72 जवानों की शहादत का बदला

सारकेगुड़ा में 28-29 जून 2012 को घटना घटित हुई, जिसमें 17 की मौत हुई थी और तब केंद्रीय गृहमंत्री पी चिदंबरम ने इसे 72 जवानों की शहादत का बदला बताया था। उसके बाद इस मामले में क्राईम नंबर 4/2012 दर्ज किया गया था। इसमें चालीस पचास नक्सलीयो का ज़िक्र था जिनमें नामज़द भी थे, इस क्राईम नंबर में धारा 147,148,149 के साथ धारा 307 और अनलॉफूल एक्टिविटिस एक्ट कायम किया गया था। इस मामले में पुलिस ने 2017 में मड़कम सोमा और काका चेंटी को गिरफ्तार किया था, जबकि शेष फरार हैं। इस प्रकरण में अब तक गिरफ़्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया। मामले का चालान कोर्ट में जमा हो चुका है, और शेष फरार नक्सलियों की तलाश जारी है।

पीड़ित परिवार सुबह से...

परिसर में डटे हुए हैं। सारके÷ुड़ा फर्जी मुठभेड़ मामले में जांच आयो÷ की रिपोर्ट आने के बाद से ही मुद्दा ÷रमाया हुआ है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए 17 पीड़ित परिवार के सदस्य बासा÷ुड़ा थाना पहुंचे हैं। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज की है। एसडीओ विनोद मिंज का कहना है कि इस मामले में शासन को पत्र भेजा जाए÷ा। निर्णय आने के बाद एफआईआर दर्ज किया जाए÷ा। लेकिन सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार और सोनी सोरी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मां÷ पर अड़े रहे।

'किस्सा खत्म' सुबह...

हमला भी किया और भागने की कोशिश की। 2 आरोपियों ने पुलिस के ऊपर गोली भी चलाई। घटना 5.45 से 6.15 के बीच हुई।'

आरोपियों के पास 2 हथियार बरामद

कमिश्नर सज्जनार ने बताया कि आरोपियों के पास से 2 हथियार भी बरामद किए गए। पुलिस ने बताया, 'हमने गोली चलाने से पूर्व हमने सरेंडर के लिए कई बार कहा, लेकिन वह पुलिस पर ही हमला कर रहे थे। ऐसी हालत में हमारे कर्मियों को गोली चलानी पड़ी। मृतक आरोपियों के शव को जब्त कर स्थानीय अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। हमारे 2 अधिकारी घायल हुए हैं जिनमें से एक की स्थिति गंभीर है।'

बढ़ते दुष्कर्म मामले पर...

सुरक्षा के लिए कारगार संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने के लिए सीएम श्री बघेल ने समय भी सुनिश्चित कर रिपोर्ट देने को कहा है। प्लान के तहत मल्टीपल मोबाइल एप के साथ ही साथ 112 एक्को नंबर सब्बो बर को भी माध्यम बनाने और ज्यादा प्रभावी बनाने को कहा है। उन्होंने कहा है कि राज्य के विकास में भी महिलाओं की महती भागीदारी है। समाज में महिलाओं को सुरक्षित एवं सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराना सरकार का अहम दायित्व है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार भी कृत संकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में महिलाओं के साथ लगातार घटित घटनाओं के कारण सरकार की चिंता उनकी सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की है। पुलिस प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के स्तर पर महिलाओं के कल्याण एवं सुरक्षा के संबंध में अलग-अलग योजनाएं संचालित हो रही है। जिसे समन्वित रूप से एक साथ संचालित करने की आवश्यकता है। बघेल ने कहा है कि गृह विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में दो सप्ताह के भीतर इंटीग्रेटेड प्लान तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने डायल 112 की व्यवस्था को व्यवहारिक एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए है ताकि डायल 112 से सहायता मांगने की स्थिति में पुलिस न केवल प्रभावित या पीड़ित तक तत्काल पहुंचे बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसे पुलिस वाहन में उसके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचना भी सुनिश्चित किया जा सके।

विपक्ष सोमवार को महिला...

किया जाना चाहित तो स्मृति ने कहा, 'संसद में खड़ा होकर मैं मारूंगा का पोज लेता है, बांह चढ़ाकर मारने के लिए आता है तो उसके खिलाफ क्या करना चाहिए?' गौरतलब है कि उन्नाव में बलात्कार पीड़िता को जलाए जाने की घटना पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को लोकसभा में कांग्रेस के कुछ सदस्यों और स्मृति इरानी के बीच तीखी नोंकझोक हो गई। सरकार ने कांग्रेस सदस्यों के 'धमकी भरे लहजे' पर गहरी आपत्ति व्यक्त करते हुए दो सदस्यों टीएन प्रतापन एवं डीन कुरियाकोस से माफी की मांग की है।

डीएमएफ का सवा करोड़....

नहीं हो पा रहा है।

अग्रगमन में अधिकतम अंक पाने वाले छात्रों की संख्या

ब्रांच- कुल छात्र- 90 से 100- 80 से 90- 70 से 80- 60 से 70
मैथ्स- 27- 0- 6- 11- 10
बायो- 27- 0- 8- 10- 9
कुल- 54- 0- 14- 21- 19

एकलव्य स्कूल का राजेंद्र मेरिट लिस्ट में 10वें नंबर पर

एकलव्य स्कूल के प्राचार्य जीआर राजपूत ने बताया कि संस्था में 6 अतिथि व्याख्याता हैं, जो 9वीं व 10वीं की क्लास लेते हैं। आवासीय विद्यालय होने के कारण बच्चों को वे अतिथि व्याख्याताओं के साथ मिलकर सतत कोचिंग देते हैं। संस्था का एक बच्चा मेरिट में आया है। मेरिट में आने वाले राजेंद्र को हिंदी में 98, अंग्रेजी में 89, संस्कृत में 96, गणित में 98, सामाजिक विज्ञान में 99 व विज्ञान में 100 अंक मिले हैं। 96.6 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 10वें स्थान पर है। कुल 600 में से 580 अंक राजेन्द्र ने प्राप्त किए हैं।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी खिलौरा, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-160, श्रीमती करूणा मिश्रा पति श्री डी.के. मिश्रा के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का सेलडीड दिनांक 31.01.2018 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्रीमती करूणा मिश्रा पति श्री डी.के. मिश्रा निवासी- हनुमान मंदिर के सामने, कायस्थ पारा, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती किरण पाण्डेय पति श्री प्रदीप कुमार शर्मा पता- भरत किराना स्टोर्स के पास, करण नगर, थाना-डीडी नगर, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्रीमती किरण पाण्डेय पति श्री प्रदीप कुमार शर्मा, पता- भरत किराना स्टोर्स के पास, करण नगर, थाना-डीडी नगर, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन/ भूखण्ड के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-05, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत आरंग, रायपुर में निर्मित भवन क्रमांक- एलआईजी-319, आबंटी श्रीमती भावना कुकरेजा पति श्री मुकेश कुमार कुकरेजा पता- फाफाडीह, छोटी लाईन, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भू-खण्ड/ भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भूखण्ड/ भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन/ भूखण्ड के फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-05, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख आरिफ पिता शेख हिदायत निवासी ग्राम शंकर नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1007/9 रकबा 0.005 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता रामकिशोर राजपूत अन्य 4 पिता धनीराम राजपूत निवासी ग्राम शंकर नगर तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 22.11.2019 द्वारा प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र के आधार पर स्वयं का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखते हुए शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मोहियुद्दीन अहमद आ. बशिरुद्दीन अहमद साकिन कोसानगर भिलाई द्वारा ग्राम कोसानाला प.ह.न. 54 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 24/1/85 रकबा 0.010 हे. जो उसके स्व. उनीसा बेगम के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.12.2019 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश साहू पिता निवासी देवेन्द्र साहू शक्तिनगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 254/1 का टु. रकबा 1020 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार तिजबती पिता/ पति सालिकराम से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गायत्री साहू पति निवासी सीताराम साहू शक्तिनगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 254/1 का टु. रकबा 630 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार तिजबती पिता/ पति सालिकराम से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिलोचन देवांगन पिता निवासी नारायण देवांगन बजरंग नगर उरला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 254/1 का टु. रकबा 1050 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार तिजबती पिता/ पति सालिकराम से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रीना पाल पति नारायण पाल निवासी शिवाजी नगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न.19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 6747 रकबा 0.020 हे. अर्थात 2000 वर्गफीट हें भूमि को विक्रेता राजेश वर्मा आ. प्रेम कुमार वर्मा से रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.12.2019 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
235/अ-2 /2019-20	कुमुद बटघरे	201911100400120

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कुमुद बटघरे पति श्री विनोद कुमार बटघरे निवासी जूनियर एमआईजी 08 वैशालीनगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न 19 अ तह.व जिला दुर्ग	1480/4	0.006 हें 703.125 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप यादव पिता निवासी मंगलूराम यादव मोहन नगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 254/1 का टु. रकबा 748 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार तिजबती पिता/ पति सालिकराम से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

करण जौहर की फिल्म में दीपिका संग जमेगी विकी कौशल की जोड़ी!

फिल्म 'पद्मावत' के समय विकी कौशल के साथ काम करने से इनकार कर देने की रिपोर्ट्स के बाद अब दीपिका के विकी संग करण जौहर की मूवी में साथ दिख सकने की रिपोर्ट्स हैं। दीपिका पादुकोण के एक बार फिर से करण जौहर के प्रॉजेक्ट से जुड़ने की रिपोर्ट्स हाल ही में सामने आई थीं। फिलहाल इसकी पुष्टि तो नहीं हुई है लेकिन उससे पहले ही एक अन्य रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा जा रहा है कि करण की इस फिल्म में दीपिका के साथ विकी कौशल जोड़ी जमाते दिख सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण की फिल्म के लिए लीड हीरो की तलाश की जा रही है। इसके लिए फिलहाल विकी कौशल और सिद्धांत चतुर्वेदी के नाम सामने आए हैं। इन दोनों में से किसे चुना जाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बता सकेगा। वैसे बता दें कि फिल्म 'पद्मावत' के समय ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि राजा रतन सिंह के लिए संजय लीला भंसाली ने पहले विकी कौशल को पसंद किया था लेकिन दीपिका ने उनके साथ स्क्रीन शेयर करने से इनकार कर दिया था। कहा जाता है कि विकी उस वक्त तक स्टैब्लिश ऐक्टर नहीं थे, इस वजह से दीपिका उनके साथ काम नहीं करना चाहती थीं, लेकिन अब चूंकि वह खुद को साबित कर चुके हैं तो ऐक्ट्रेस उनके साथ काम करने को राजी हो गई हैं। दीपिका को कुछ दिन पहले करण जौहर के ऑफिस पर स्पॉट किया गया था।

इस स्टार को अपना 'पति' और 'वो' बनाना चाहती हैं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे यूं तो वरुण धवन की काफी बड़ी फैन हैं, लेकिन एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने 'पति' और 'वो' बनाने के लिए किसी और ही ऐक्टर का नाम चुना। अनन्या पांडे की दूसरी फिल्म 'पति पत्नी और वो' रिलीज हो चुकी है। इसमें ऐक्ट्रेस एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं जो एक शादीशुदा पुरुष के झूठ पर यकीन कर उसके साथ रिलेशनशिप में आ जाती है। वैसे एक इंटरव्यू में जब अनन्या से पूछा गया कि अगर उन्हें किसी ऐक्टर को अपना 'पति' और 'वो' बनाना हो तो वह किसे चुनेंगी, तो अदाकारा ने अपने फेवरिट ऐक्टर वरुण की जगह दबंग खान का नाम लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनन्या ने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वह सलमान खान को अपना 'पति' बनाना चाहेंगी क्योंकि उन्होंने अभी तक शादी नहीं की है। वहीं ऐक्टर ने फिल्म 'जुड़वा' में डबल रोल किया था इसलिए वह उन्हें ही अपना 'वो' भी बनाएंगी। वैसे अनन्या का यह जवाब उन फैन्स को हैरान कर सकता है जो जानते हैं कि यह ऐक्ट्रेस किस तरह से वरुण धवन पर फिदा हैं। इस बारे में तो अनन्या खुद कई बार अपनी फीलिंग्स जाहिर कर चुकी हैं।

QUIZ TIME

1) हिंदू पौराणिक कथाओं में, ऋषि वशिष्ट किस कबीले के पूर्वज थे?
(क) इक्ष्वाकु (ख) पौरव (ग) कुरू (घ) निषाद
2) अपनी स्थापना के बाद से, हर एक वर्ष में नोबेल पुरस्कार की किस श्रेणी से सम्मानित किया गया है? (अर्थशास्त्र / भौतिकी)
3) किस ऐतिहासिक या पौराणिक नाम पर श्रीलंका ने अपने पहले उपग्रह का नाम रखा?
(क) कुबेर (ख) बुद्ध (ग) रावण
4) आईपीएल में कप्तान के रूप में 100 मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी कौन थे?
5) भारतीय महिला का नाम बतायें जिन्हें 2019 का जोआन मिरो पुरस्कार दिया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) इक्ष्वाकु (2) अर्थशास्त्र (3) रावण (4) महेंद्र सिंह धोनी (5) नलिनी मालिनी

ऋषि कपूर ने रणबीर का निक नेम नहीं रखने की वजह बताई

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता ऋषि कपूर का कहना है कि उन्हें निक नेम अच्छे नहीं लगते हैं इसलिये उन्होंने अपने बेटे रणबीर कपूर का निक नेम नहीं रखा।

बॉलीवुड में स्टार्स के निकनेम होना आम बात है। कपूर खानदान में लगभग सभी सितारे अपने असली नाम के साथ निक नेम से भी जाने जाते हैं। करीना कपूर को बेबो और करिश्मा कपूर का निक नेम लोलो है। इसके अलावा ऋषि कपूर को चिंटू के नाम से जाना जाता है।

ऋषि ने ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने निक नेम की तस्वीर लगाई हुई है। वहीं दूसरे ट्वीट में ऋषि कपूर ने लिखा, ऋषि कपूर के नाम पर वापस आने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। पैरेंट्स को अपने बच्चों का निक नेम नहीं रखना चाहिए, मैंने ऐसा कभी नहीं किया। ऋषि कपूर ने कहा कि मुझे निक नेम अच्छे नहीं लगते। माता-पिता को अपने बच्चों को निक नेम नहीं देना चाहिए।

ऐक्ट्रेस बनने से पहले यहां नौकरी करती थीं कियारा आडवाणी

कियारा आडवाणी खूबसूरत और टैलंटिड ऐक्ट्रेस में से एक हैं, लेकिन यह अदाकारा हमेशा से ही एंटरटेनमेंट की दुनिया से नहीं जुड़ी थी, बल्कि इससे पहले वह कुछ और काम किया करती थीं। कियारा आडवाणी इन दिनों फिल्ममेकर्स के बीच डिमांड में हैं। फिल्म 'कबीर सिंह' में उनकी शानदार ऐक्टिंग देखने के बाद ऐक्ट्रेस के पास ऑफर्स की भरमार हो गई है। वैसे क्या आपको पता है कि बीटाउन में एंट्री करने से पहले कियारा क्या काम किया करती थीं ? रिपोर्ट्स की मानें तो कियारा ने खुद एक इंटरव्यू में अपने पहले जॉब के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह ऐक्ट्रेस बनने से पहले अपनी मां के प्री-स्कूल में काम किया करती थीं। कियारा स्कूल में अन्य टीचर्स की तरह बच्चों के साथ खेलती थीं।

'आज कल' का लास्ट सीन शूट कर भावुक हुए कार्तिक आर्यन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी आने वाली फिल्म 'आज कल' का लास्ट सीन शूट करने के दौरान भावुक हो गये। कार्तिक आर्यन की अगली रिलीज होने वाली फिल्म इम्तियाज अली की 'आज कल' होगी। इस फिल्म में कार्तिक पहली बार सारा अली खान के साथ दिखाई देंगे। यह फिल्म सैफअली खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'लव आज कल' का सीक्वल बताई जा रही है। कार्तिक ने बताया कि फिल्म आज कल के लास्ट सीन को शूट करते हुए वह भावुक हो गए थे।

टैक्स बचाने के लिए करना है फिक्स्ड डिपॉजिट? जाने किस बैंक में कितना मिलेगा इंट्रेस्ट रेट

- **टैक्स बचाने के लिए टैक्स सेविंग फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश का अच्छा जरिया**
- **निवेश के इस माध्यम में पाई जा सकती है 1.5 लाख रुपये तक की छूट**

नई दिल्ली। टैक्स बचाने के लिए टैक्स सेविंग्स फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश का बढ़िया माध्यम है। आयकर अधिनियम के सेक्शन 80C के तहत टैक्स सेविंग्स फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर इनकम टैक्स बेनिफिट मिलता है। टैक्स सेविंग्स एफडी में निवेश कर 1.5 लाख रुपये तक टैक्स छूट पाई जा सकती है। इक्विटीज के मुकाबले एफडी को कम रिस्की माना जाता है। हाल में कई बैंकों जैसे एसबीआई, पीएनबी, एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक ने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में कटौती की है। टैक्स सेविंग्स फिक्स्ड डिपॉजिट में न्यूनतम कितना निवेश किया जा सकता है, यह बैंक पर निर्भर करता है।

SBI टैक्स सेविंग एफडी

एसबीआई अपने टैक्स सेविंग्स एफडी पर आम ग्राहकों को 6.25% का इंट्रेस्ट रेट तथा सीनियर सिटिजंस को 6.75%का ब्याज देता है। एसबीआई के टैक्स सेविंग एफडी में एक साल में न्यूनतम निवेश 1,000 रुपये और अधिकतम निवेश 1.5 लाख रुपये तक किया जा सकता है।

HDFC बैंक टैक्स सेविंग्स एफडी

एचडीएफसी न्यूनतम 100 रुपये की टैक्स सेविंग्स एफडी करने की मंजूरी देता है। इस बैंक में 10 साल तक की मैच्योरिटी के लिए एफडी किया जा सकता है। टैक्स सेविंग एफडी पर बैंक 6.30त का इंट्रेस्ट रेट दे रहा है। सीनियर सिटिजंस को 0.50% अतिरिक्त इंट्रेस्ट मिलता है।

ICICI बैंक टैक्स-सेविंग एफडी

आईसीआईसीआई बैंक पांच से 10 साल के टैक्स सेविंग एफडी पर आम ग्राहकों को 6.6% की ब्याज दर और सीनियर सिटिजंस को 7.10% का इंट्रेस्ट देता है। इस बैंक में न्यूनतम 10 हजार और अधिकतम 1.50 लाख रुपये की एफडी की जा सकती है।

PNB टैक्स-सेविंग एफडी

पंजाब नैशनल बैंक में न्यूनतम 1,000 रुपये की टैक्स-सेविंग एफडी की जा सकती है। पीएनबी पांच साल के टैक्स सेविंग एफडी पर 6.30% का इंट्रेस्ट रेट देता है।

बिजनेस जेट की उड़ानों पर भारी पड़ रही आर्थिक सुस्ती, बेचने को मजबूर

नई दिल्ली। भारतीय उद्योगपति आर्थिक सुस्ती के दौर में अपने खर्च घटा रहे हैं। इसका असर बिजनस जेट की उड़ानों पर भी पड़ रहा है। अनिल अंबानी की रिलायंस ट्रांसपोर्ट ऐंड ट्रैवल्स ने अपने तीन बिजनस जेट में से एक ग्लोबल 5000 को एक विदेशी चार्टर कंपनी को लीज पर दे दिया है। इस डिवेलपमेंट की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, 'यह वही जेट है, जिसका इस्तेमाल अनिल अंबानी अपनी ट्रैवलिंग के लिए करते थे।' कंपनी के पास दो अन्य फिक्स्ड-विंग प्लेन और एक हेलिकॉप्टर है।

अभिनेता और आंत्रप्रेन्योर सचिन जोशी की वाइकिंग एविएशन, इंडियाबुल्स की एयरमिड एविएशन और रेलिगेयर की लिगार एविएशन भी वित्तीय मुश्किलों का सामना कर रही हैं और अपने प्लेन बेचने की कोशिश में हैं। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (छत्रष्ट) के डेटा के अनुसार, देश में सितंबर में 99 नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर (हस्न्क्क) थे। यह संख्या पिछले वर्ष 130 की थी। इस बारे में रिलायंस ट्रांसपोर्ट, वाइकिंग, इंडियाबुल्स और लिगार ने ईटी की ओर से भेजे गए प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया।

180 रुपये पर पहुंची प्याज की कीमत

- **प्याज की कीमत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गोवा की राजधानी पणजी में यह 165 रुपये किलो तो देश के कुछ हिस्सों में 180 रुपये तक किलो बिकने की खबरें भी आ रही हैं।**

नई दिल्ली। देशभर में प्याज की बढ़ती कीमत ने लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ रखा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के पास मौजूद आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार को पणजी में प्याज की कीमत 165 रुपये किलो पर पहुंच गई, जो अब तक प्याज की कीमत का सबसे उच्च स्तर है। हालांकि, देश के कुछ हिस्सों से यह भी खबर आ रही है कि कहीं-कहीं प्याज 180 रुपये किलो भी बिकी है।

पिछले कुछ दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों में प्याज की कीमतों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 25 नवंबर से लेकर बीते पांच दिसंबर तक प्याज की कीमतें लगभग दोगुना महंगा हुआ है।

नई दिल्ली में प्याज

राजधानी नई दिल्ली की बात करें तो उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी में 25 नवंबर को प्याज 76 रुपये किलो तो पांच दिसंबर को यह 94 रुपये किलो पर पहुंच गया।

मुंबई का हाल

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 25 नवंबर को प्याज 89 रुपये किलो तो बीच में 30 नवंबर को इसकी कीमत थोड़ी घटकर 82 रुपये किलो तो पांच दिसंबर को प्याज का भाव 120 रुपये किलो रहा।

चेन्नै में प्याज

चेन्नै में बीते 25 नवंबर को प्याज का भाव 59 रुपये किलो, 30 नवंबर को 80 रुपये किलो, जबकि पांच दिसंबर को 120 रुपये किलो रहा।

कोलकाता में प्याज का भाव

कोलकाता में 25 नवंबर को प्याज के रेट 90 रुपये किलो, 30 नवंबर को 80 रुपये किलो तो पांच दिसंबर को 120 किलो पर रहा।

पणजी का हाल बुरा

गोवा की राजधानी पणजी में प्याज सबसे महंगा बिक रहा है। 25 नवंबर को पणजी में प्याज 100 रुपये किलो, 30 नवंबर को 110 रुपये किलो तो पांच दिसंबर को 165 रुपये किलो बिक रहा था।

औसत भाव

तारीख	सभी शहरों का औसत भाव
25 नवंबर	59 रुपये
30 नवंबर	80 रुपये
5 दिसंबर	120 रुपये

भाव प्रति किलो में

सभी शहरों में औसत कीमत

सभी प्रमुख शहरों में प्याज की औसत कीमत की बात करें तो 25 नवंबर को प्याज का भाव 60 रुपये किलो, 30 नवंबर को 75 रुपये किलो, जबकि पांच दिसंबर को 100 रुपये किलो रहा।

दमदार फाइनैंशल पोजिशन वाली इन कंपनियों में करें निवेश, मिल सकता है अच्छा रिटर्न

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार का हालिया प्रदर्शन देश की आर्थिक स्थिति से मेल नहीं खा रहा है। बाजार लगातार ऊंचाई के नए नए कीर्तिमान गढ़ रहा है, जबकि अहम आर्थिक संकेतक अर्थव्यवस्था की बदतर तस्वीर दिखा रहे हैं। कोर सेक्टर ग्रोथ में गिरावट, कंजम्प्शन में कमी, फिस्कल डेफिसिट में बढ़ोतरी के आसार और कम जीडीपी ग्रोथ के अनुमान अर्थव्यवस्था में कमजोरी के बारे में बता रहे हैं। कुछ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मैक्रो फंडामेंटल में कमजोरी की वजह ढांचागत समस्याएं हैं, जो आर्थिक स्थिति में सुधार की राह में रोड़े अटकाएंगी। शेयर बाजार खुद को लंबे समय तक आर्थिक कमजोरी से बचाए नहीं रख पाएगा, इसलिए निकट भविष्य में शेयर बाजार में तेज उतार-चढ़ाव का माहौल बन सकता है।

आमतौर पर शेयर या इंडेक्स में उतार-चढ़ाव का विश्लेषण उनके रिटर्न के आधार पर किया जाता है और रिटर्न का कैलकुलेशन अलग-अलग टाइम फ्रेम यानी साप्ताहिक, मासिक, तिमाही या सालाना आधार पर होता है। उतार-चढ़ाव का अनुमान लगाने के अलावा, स्टेबल और कम वोलैटिलिटी वाले स्टॉक्स की पहचान में अक्सर स्टैंडर्ड डेविएशन और बीटा जैसे स्टैटिस्टिकल टूल्स का इस्तेमाल होता है।

ऑटो उपकरण कारोबार दस प्रतिशत घटा: एक लाख लोगों की नौकरी पर असर

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश के ऑटोमोबाइल उद्योग में पिछले एक साल से छाई सुस्ती के कारण ऑटो उपकरण उद्योग के कारोबार में 2019-20 की पहली छमाही में 10.1 प्रतिशत की गिरावट आई और यह पिछले साल की इसी अवधि के 199849 करोड़ रुपए से घटकर 179662 करोड़ रुपए रह गया। भारतीय ऑटोमोटिव कम्पोनेंट निर्माता संघ के अध्यक्ष दीपक जैन और महानिदेशक विन्नी मेहता ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में उद्योग के प्रदर्शन की जानकारी देते हुए कहा कि मंदी की वजह से इस वर्ष जुलाई तक एक लाख लोगों के रोजगार गए।

ब्याज दरों को यथावत रखने से फिक्की नाराज

- **एसोचैम आरबीआई के साथ**

नयी दिल्ली (वार्ता)। आर्थिक गतिविधियों में आयी सुस्ती के मद्देनजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति द्वारा अनुमान के अनुरूप नीतिगत दरों में कम से कम एक चौथाई फीसदी की कटौती नहीं किये जाने पर उद्योग संगठन एक राय नहीं हैं। फिक्की ने जहां इस पर गहरी नाराजगी जतायी है वहीं एसोचैम ने कहा कि वह इस फैसले में रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांता दास के रूख से सहमत है।

फिक्की के अध्यक्ष संदीप सोमानी ने कहा कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की इस पांचवीं द्विमासिक समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय फिक्की के अनुमान के उलट है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 महीने में नीतिगत दरों में की गयी कटौती का लाभ अब तक उपभोक्ताओं को नहीं मिला है जो चिंता की बात है। लेकिन अर्थव्यवस्था में आयी सुस्ती के मद्देनजर नीतिगत दरों में कटौती नहीं किया जाना बहुत ही निराशाजनक है।

स्कूल निर्माण की आड़ में काट दिए दर्जनभर से ज्यादा पेड़

■ **तहसीलदार ने दी थी केवल पांच पेड़ काटने की अनुमति**

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद/लोहारा। जिले के ग्राम अछोली के ग्राम पटेल, सरपंच की मिलीभगत से दो दर्जन से अधिक पेड़ काटकर हजारों रूपये गबन कर लिया गया। इस कृत्य को करने से किसी तरह का आरोप न लगे इसलिए गांव के जिम्मेदारों ने स्कूल निर्माण करने के नाम पर केवल पांच पेड़ काटने की अनुमति तहसीलदार से ले ली और इसी अनुमति की आड़ में दो दर्जन से अधिक पेड़ो की बली दे दी गई। मामला दो माह पूर्व का है। डौण्डी लोहारा क्षेत्र के अछोली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के निर्माण के लिए शासन की ओर एक करोड़ 22 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। चूंकि स्कूल भवन को विकसित करने के लिए और भी जमीन की आवश्यकता थी इसलिए पास की जमीन को स्कूल भवन निर्माण के लिए चयनित किया गया। उस स्थल में पांच बबूल के पेड़ थे जिसे तहसीलदार से अनुमति लेकर व पटवारी द्वारा पंचनामा तैयार कर पांचों पेड़ को काटा गया। स्कूल से लगी हुई सेवा

सहकारी समिति भी है जहां 25 से अधिक वर्ष पूराने बबूल के दर्जनों पेड़ थे। दो माह पूर्व पांच पेड़ की अनुमति की आड़ में सरपंच, ग्राम पटेल सहित अन्य जिम्मेदारों ने सोसायटी के दर्जनों पेड़ों के साथ ही आसपास के और कई पेड़ को कटवा दिया।

20 हजार 500 रुपये में बेचे कुछ पेड़

स्कूल व सोसायटी के थोड़ी दूर में एक आरा मिल है। जिसके मैनेजर से ग्राम पटेल व सरपंच ने संपर्क किया और पेड़ कटे होने की जानकारी दी। आरामिल सोसायटी के मैनेजर सदाराम ढोरिया ने बताया कि उनके पास सरपंच, ग्राम पटेल सहित अन्य लोगों ने 11 बबूल की मोटी-मोटी लकड़ियां लाई थी जिसके एवज में मैनेजर ने उन्हें 20 हजार 500 रूपये भी दिये हैं। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि दो दर्जन से अधिक लकड़ी की कटाई की गई और केवल 11 लकड़ी के गोले को बेचा गया। बाकी अन्य लकड़ियों को कहां ले गये इसकी जानकारी नहीं।

छांव के लिए भटक रहे किसान

मामले में जब नवप्रदेश संवाददाता ने ग्राम सरपंच यादराम से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की सहमति से पेड़ को काटा गया है। लेकिन जब मौके पर नवप्रदेश की टीम पहुंची और सोसायटी में धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि सोसायटी परिसर के भीतर पेड़ होने से छांव मिलता था और सोसायटी में पेड़ होने से किसी तरह की परेशानी नहीं होती थी। लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम पटेल ने अपनी मनमानी करते हुए पेड़ को काट दिया।

इनका यह कहना

मैं इस मामले में फोन पर जानकारी नहीं दे सकता। व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे।

-यादराम, सरपंच अछोली

दो माह पूर्व पेड़ो की कटाई की जा चुकी है। जिसके लिए हमारी ओर से कोई अनुमति नहीं ली गई है। जब एक दिसंबर से धान खरीदी की शुरूआत हुई तब हम सोसायटी पहुंचे और पेड़ कटे होने की जानकारी मिली।

-संतोष साहू, प्रबंधक अछोली सोसायटी

स्कूल निर्माण के लिए लगभग 5-6 पेड़ को काटने की अनुमति ली गई थी। लेकिन सोसायटी के पेड़ को काटने के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं ली गई। जिसके बारे में मैं तहसीलदास को जानकारी दे चुकी हुं।

-माया मरकाम, पटवारी अछोली

धान की आवक अधिक, रखने का स्थान नहीं तो कोतवाल के माध्यम से गांव में मुनादी करा दी

...और पांचवें दिन बंद रही धान खरीदी

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद/गुरूर। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी की शुरूआत 1 दिसंबर से की जा चुकी है। खरीदी के शुरूआती दिन से किसान अपने धान को सेवा सहकारी समितियों में ले जाकर बेच रहे हैं। किसानों में काफी उत्साह है कि इस वर्ष भी सरकार धान की कीमत 2500 रूपये के हिसाब से देगी। लेकिन दूसरी ओर किसानों में शंका भी है कि उनका धान सेवा सहकारी समिति में समय पर बिक जायेगा या नहीं और शंका इसलिए क्योंकि सेवा सहकारी समिति में जितनी आवक धान की हो रही है उतना उठाव नहीं हो रहा है। सिस्टम की चूक है तो इसमें किसान भी क्या करे। केवल आवाज उठा सकते हैं लेकिन मजबूर है सिस्टम को सूनने पर।

गुरूर ब्लॉक से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम धनेली के सेवा सहकारी समिति मर्यादित धनेली पंचायत क्रमांक 305 मे धान खरीदी के पांचवे दिन गुरुवार को धान खरीदी बंद कर दिया गया है। कारण केवल इतना है कि उक्त समिति में आवक जितना है उतना उठाव नहीं हो पा रहा है यह बात समिति के प्रबंधक से सवाल करने पर कही गई। जिसको लेकर गांव में कोटवार के माध्यम से बाकायदा

मुनियादी भी कराई गई है। लेकिन किसानों में इस मामले को लेकर नाराजगी व आक्रोश देखा गया। मामले की जानकारी नवप्रदेश को होते ही 11 बजे मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

किसानों को आक्रोशित देख नदारत हुए प्रबंधक

5 दिसंबर को जिन किसानों को धान खरीदी के लिए टोकन मिला था वह किसान सुबह से ही अपने धान को लेकर सोसायटी पहुंच चुके थे। जिसके बाद जैसे ही किसानों को जानकारी हुई उक्त दिवस को धान खरीदी नहीं होगी वैसे ही किसानों का गुस्सा फुंटने लगा और वह आक्रोशित हो गये। किसानों को आक्रोशित देख प्रबंधक नरेन्द्र कुमार ढाले सोसायटी से चलते बने और दोबारा मौके पर नजर नहीं आये।

मुझे दर्रा के सेवा सहकारी समिति की भी जिम्मेदारी दी गई है, टोकन काटने के विषय में मुझे जानकारी नहीं है, पांचवे दिन धान खरीदी हुई है, मुझे दो जगह का कार्य करने की वजह से गुरूवार को मुझे दर्रा सेवा सहकारी समिति में जाना पड़ा।

नरेन्द्र कुमार ढाले, प्रबंधक से.स.मि.धनेली

किया जा रहा भेदभाव

धान की खरीदी बंद होने को लेकर किसान आक्रोशित दिखे और कहा कि सीमा से अधिक टोकन काटना और चुपके से टोकन काटा जा रहा है। किसानों ने प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम धनेली के किसानो का टोकन केवल 16 और 17 तारीख को का काटा गया है तो वही ग्राम भानपुरी, डढहारी और बोडरा के किसानो का टोकन 29-30 तारीख तक काटा जा रहा है। किसानो का कहना है कि जहा केवल 3000 टोकन बस काटना था वहां 4933 टोकन काटा गया है।

धान की खरही में आग लगने से लाखों का नुकसान

नवप्रदेश संवाददाता

दशरंगपुर। ग्राम पनेका निवासी हेमराज साहू पिता कृष्णा साहू के कोठार में रखे धान की खरही में दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई । कृषक हेमराज साहू अपनी 4 एकड़ में लगे धान की फसल की कटाई करने के बाद अपने कोठार में खरही लगा कर रखा था जो अचानक ही आज 12 बजे के लगभग कोठार में ही रखे पैरावट में आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग इतना भयावह हो गया कि धान की

खरही को अपनी चपेट में ली लिया । आग की लपटें उठते देख ग्रामीण एंव परिवार के लोगो ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी गई साथ ही दशरंगपुर पुलिस चैकी को खबर कर की गई । फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुचने में लगभग आधा घंटा लग गया जिसके चलते आग इतना भयानक हो चुका था कि धान की खरही पूरी तरह से जल रही थी जिसको दमकल की गाड़ियों और ग्रामीण जनो की मदद से काफी मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका । जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक कृषक की फसल पूरी तरह जल चुकी थी जिसकी कीमत तकरीबन ड़ेढ लाख रुपये बताई जा रही है ।

प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ पहुंचकर नांमाकन किया दाखिला

पिपरिया। नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन का आज आखरी दिन था । आज सभी पार्टियों ने जोर आजमाए । पार्षद बनने की कामना रखने वाले सभी प्रत्याशी आज अपने समर्थको के साथ नामांकन दाखिल करने पहुँचे । भाजपा से नामांकन रैली में चुनाव प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष शिवकुमार चन्द्रवंशी,पूर्वमंडल अध्यक्ष-द्वारिका चन्द्रवंशी,वरिष्ठ कार्यकर्ता-बलुक चन्द्रवंशी,महामंत्री-दिनेश जायसवाल,वरिष्ठ-महेतरू कश्यप,उपाध्यक्ष-दानी चन्द्रवंशी,बिरझु पटेल,मनोज चन्द्रवंशी,रमेश साहू, परस साहू,तुलसी साहू, मिथलेश बंजारे की उपस्थिति में नगर पंचायत पिपरिया के 15 वार्डो हेतु भाजपा अधिकृत पार्षद प्रत्याशी- वार्ड न. 1- रामकली शिवचरण पटेल वार्ड न. -2 विक्की श्यामसुंदर अग्रवाल, वार्ड न.3 मेलन बुधरु पटेल ,वार्ड न.4 अनिल लतेल राम नाई,वार्ड न.5 मिथला श्रवण केशरी,वार्ड न. रंजना रामकुमार केशरी, वार्ड न.7 मुकेश राजेंद्र सोनी,वार्ड न.8 कमलकान्त सुखनंदन नाविक, वार्ड न.9 नंदा हिंसा पटिला, वार्ड न.10 कजला लाला पटिला, वार्ड न.11 प्रेमलाल दुकलहा साहू,वार्ड न.12 गणेश सुखराम चन्द्रवंशी, वार्ड न.13 तुकाराम जगदीश साहू, वार्ड न.14 झगराम मेहत्तर साहू, वार्ड न.15 लोकेश जोधन साहू ने नामांकन दाखिल किया ।

पार्षद दावेदारों ने नगर में बाजे-गाजे के साथ रैली निकाल किया नामांकन दाखिल

डौण्डी। भाजपा मंडल डौंडी ब्लाक अध्यक्ष मनीष झा व पूर्व एल्डरमेन दिनेश अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा समर्पित पार्षद दावेदारों ने नगर में बाजे गाजे के साथ रैली निकाल कर भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर ही दी। इस चुनावी शंखनाद का जोरदार आगाज करते हुए भाजपा ने अपना दमखम दिखाया। डौण्डी नगर से जुटे पुरूष व महिला कार्यकर्ताओं ने पूरे नगर में भ्रमण कर भाजपामय माहौल बना दिया रैली डौण्डी दुर्गा चौक से भाजपा कार्यकर्ता अपनी पार्टी का झंडा लेकर मुख्य मार्ग से होत्ते सभी एक रैली के रूप में पूरे नगर का भ्रमण किए। रैली आरंभ होने से पहले पूर्व मण्डल अध्यक्ष मदन जैन ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह यह दर्शाता है कि निकाय चुनाव में पुनः पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों की जीत होगी व अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भाजपा बनने जा रही है।

खाद्य सचिव और कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

■ **आर्द्रतामापी यंत्र से धान की आर्द्रता का कराया माप**

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। राज्य शासन के खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और कलेक्टर श्रीमती रानू साहू आज गुरूर विकासखण्ड के मिर्रीटोला, कनेरी, गुरूर और धनोरा धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर वहॉ उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में तराजू बांट, आर्द्रतामापी यंत्र, बारदाना की उपलब्धता और धान के रखरखाव आदि का अवलोकन किया। उन्होंने धान विक्रय के लिए पहुँचे किसानों से रू-ब-रू होकर बातचीत की। किसानों ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में कोई शिकायत नहीं है।

खाद्य सचिव और कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में अपने समक्ष आर्द्रतामापी यंत्र से धान की आर्द्रता का माप कराया। धान निर्धारित मानक के अनुरूप पाया गया। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 69 सहकारी समितियों के 110 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से खरीदी का कार्य किया जा रहा है। समितियों में बारदाना उपलब्ध है। समितियों में हमाल पर्याप्त है।

राजनीतिक दलों ने दलबल के साथ किया नामांकन

गंडई पंडरिया। गंडई के नगर पंचायत चुनाव के नामांकन का कल अंतिम दिन था । दोनों ही राष्ट्रीय दल ने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया । भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार की सूची दो दिन पहले जारी हो चुकी थी । कांग्रेस के सूची में नमाँकन के अंतिम दिन संशय बना रहा । निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी दमखम से चुनाव का पर्चा दाखिल किया है ।

गंडई मे देखा जाए तो नगर मे सभी वार्डो के विवरण ही वार्ड नंबर 01 से पूर्व दिनांक तक एक भी फार्म जमा नहीं किए गए थे लेकिन आज कि स्थिति मे 4 फार्म सामने आ रहे है । वार्ड 02 मे पूर्व मे 2 और आज 2 फार्म देखने को मिले । वार्ड 3 मे जो की अन्य पिछड़ा वर्ग महिला उस वार्ड से 3 फार्म भरे गए । वार्ड 04 से 2 फार्म ही जमा हुये है ईएसए लगता है की इस वार्ड के निर्दलीय पार्षद नहीं है । उसी तरह वार्ड 5 बात की जाए तो आज 2 फार्म और पहले 3 फार्म जमा किए गए है इस वार्ड से 3 निर्दलीय पार्टी सामने आ रहे है । वार्ड 06 मे 3 फार्म , वार्ड 07 से 4 फार्म , वार्ड 08 से 4 फार्म , वार्ड 09 से 5 फार्म , वार्ड 10 से 3 फार्म , वार्ड 11 से 3 फार्म , वार्ड 12 2 ही फार्म नामांकन किए गए है । वार्ड 13 से 3 प्रत्याशी , वार्ड 14 से 3 और वार्ड 15 से 4 नामांकन पत्र भरे गए है ।

भाजपा की रैली

सबसे पहले नामांकन के अंतिम दिन मां गंगई मंदिर से भाजपा की रैली निर्वाचन कार्यालय पार्षद प्रत्याशी के साथ पहुंची । रैली में समर्थक बाजेगाजे के साथ आये । मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के 14 पार्षद प्रत्याशियों ने नामांकन भर लिया था केवल अश्वनी ताम्रकार ने आखिरी दिन नामांकन भरा । भाजपा से अधिकृत अश्वनी ताम्रकार, रामकुमार साहू, चन्द्रिका नामदेव, राकेश ताम्रकार, निर्मला साहू, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश मेहता, निराशा कुर्रे, पार्वती पटेल, पूर्णिमा कुंजाम, यतीश कुंजाम, टेकन देवांगन, राजू , जीवन दास रात्रे नामांकन भरा ।

कांग्रेस की रैली

कांग्रेस की रैली मां गंगई मंदिर से मेन चौक, विश्राम गृह, मंडी कार्यालय के सामने से होते हुए निर्वाचन कार्यालय पहुंची । सभी पार्षद प्रत्याशी आपने वार्डों के समर्थक सहित पहुंचे ।कांग्रेस उम्मीदवारों को कार्यकताओं ने माला से स्वागत किया । कई उम्मीदवार ने पहले ही आनलाईन फार्म भर दिया था केवल कार्यकर्ताओं में उत्साह व माहौल बनाने के लिए निर्वाचन कार्यालय पहुंचे ।कांग्रेस से अधिकृत भिन्नेश यादव, कमलेश यादव, रेवती बाई निर्मलकर, सूरज नामदेव, मालती साहू, क्रांति ताम्रकार, लियाकत अली, भुवनेश्वरी रात्रे, मोहसीन खान, बेदन बाई पटेल, मंजू नेताम, प्रीतम छेदैया, चेतन देवांगन, नारायण चतुर्वेदी, दीलिप ओगरे ने नामांकन भरा है ।

नामांकन कार्य संपन्न

तिल्दा-नेवरा । नगरपालिका चुनाव हेतु नामांकन का आखिरी दिन शुक्रवार को तहसील कार्यालय तिल्दा में भारी गहमा गहमी रहा पार्षद पद के दावेदार अपने समर्थकों के साथ बाजे गाजे के साथ नामांकन फार्म भरने तहसील कार्यालय पहुंचे कांग्रेस भाजपा , जनता कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में भी दावेदार नामांकन भरकर दावेदारी पेश किए है जिनमें प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस भाजपा के वे दावेदार भी है जो टिकट से वंचित होने के चलते असंतुष्ट हैं भाजपा के अपेक्षा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियो का पत्ता हालांकि विलंब से खुला। प्रत्याशियो के चयन प्रक्रिया को लेकर नगर में तर्क वितर्क का बाजार गर्म रहा जिनका खुलासा नामांकन तिथि के आखिरी दिन स्पष्ट रूप से हो गया। नगरपालिका तिल्दा-नेवरा 22वार्डो से सीमांकित है जिनमें से प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस भाजपा ने प्रत्याशियों की चयन की है ।

भाजपा प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

डौंडीलोहारा। वार्ड नंबर 6 कीभाजपा प्रत्याशी श्रीमति माया जयेश ठाकुर ने जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल, जिलाभाजपा नेता दिनेश कुमार लोढ़ा, पूर्व मण्डल महामंत्री महेन्द्र जायसवाल तथा युवामोर्चा के जिला पदाधिकारी पलाश गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति मेअपना नामांकन फार्म चुनाव अधिकारी आर. आर. दुबे के समक्ष प्रस्तुत किया। इसी तरहशेष 14 वार्ड प्रत्याशियों मे नरेन्द्र जैन, कोमल प्रसाद चंद्राकर, श्रीमति हेमलतागुप्ता, श्रीमति अम्बिका निषाद, श्रीमति पायल सोनी, प्यारे लाल निषाद, सुश्रीआरती संचेती, श्रीमति सुभद्रा टांडेकर, श्रीमति रहिमत कोसमा, जीवराखन कौमार्य,धर्मराज रजक, मनी बघेल, शिव कुमार भुआर्य, श्रीमति मीनू ठाकुर ने भीअपना-अपना नामांकन फार्म चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राजपरिवार से श्रीमति छाया भूपेंद्र टेकाम, मण्डल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, पार्षद श्रीमतीअनुराधा उपाध्याय, श्रीमति लिनेश्री ठाकुर,जिला भाजपा नेता दिनेश जैन,मण्डल उपाध्यक्षयतेंद्र देवांगन, पूर्व मण्डल महामंत्री महेन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमतीबुधियारिन कुमेटी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जयेश ठाकुर,वरिष्ठ भाजपा नेता मोती संचेती, पूर्व नपा,.उपाध्यक्ष राजू सिन्हा, धीरेन्द्रटांक, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय दूबे,धर्मेन्द्र निषाद, संदीप भंसाली, पूनम जैन, राजेंद्र तिवारी, पुष्कर तिवारी,हेमंत चंद्राकर, गिरधारी लाल, गोविंदा टांक, बलदाऊ सेन, पिंटू भाँडेकर, टाईगरयादव तथा हीरा लाल यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

महंगाई | **80 से 90 रुपये किलो पहुंचे प्याज के दाम, बिगड़ रहा जायका**

आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रहे प्याज के दाम

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्याज के दाम भी पुरे उछाल मे आ गया है। आज की स्थिति में प्याज के दाम 80 से 90 रूपय बढते हुए आम आदमी की पहुंच से बाहर नजर आ रहा है। प्याज की कीमत बढने से मानो सब्जी का जायका पुरी तरह बिगड रहा है। एक माह से अधिक समय से प्याज की बढ़ती हुई कीमत ने एक और बार रसोई घर का बजट बिगाड़ रखा है वहीं आम लोगों की आंखों में आंसू भी ला दिया है। प्याज के दाम कम होने का नाम ही नहीं ले रहा, जबकि भाव और भी बढ़ता ही जा रहा है।

व्यापारियों के अनुसार पिछले तीन सप्ताह से बाजार में प्याज की पर्याप्त आवक नहीं हो रही है। जिसके चलते



प्याज के दाम बढते ही जा रहे है। बाजार में ज्यादातर प्याज रायपुर, राजनांदगांव व नासिक की मंडी से आता है। फिलहाल मांग के अनुरूप आवक नहीं होने के कारण इसकी कीमतों में एक बार फिर तेजी की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान में प्याज थोक में 80 प्रति किलो की दर से मिल रहा है यही कारण है कि उपभोक्ताओं को चिल्लर में 90 से 100 प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है।

प्याज के बढ़ते दाम कहीं जमाखोरी तो नहीं

प्याज के मामले में ऐसा होता है कि जैसे ही इसके दाम एक बार बढ़ता है बड़ी व्यापारी इसकी जमाखोरी कर देते हैं। जानते हैं कि अभी नया प्याज लोक बाडियों से नहीं आ रहा। ऐसे में स्टॉक कर देने से स्वतः ही दाम में उछाल आएगा। जैसे ही दाम बढ़ता बड़े व्यापारी धीरे-धीरे प्याज निकालने लगते हैं। अभी वर्तमान में प्याज के दाम कम होते दिखाई नही दे रहे है। प्याज के बढते दामो ने रसोई का पूरा जायका ही बिगाड दिया है।

टमाटर के भी दाम बढ़े

दूसरी ओर बाजार में लोकल बाडियों से आवक नहीं होने के कारण टमाटर की कीमतें भी लगातार बढ़ती जा रही है। गुरुवार और रविवार को कवर्धा बाजार के दिन जहां टमाटर 20 रुपए प्रति किलो की दर से बिकता है वहीं अन्य दिनों में इसकी कीमत बढ़ कर 30 रुपए प्रति किलो हो जाता है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार बाहर से भी पर्याप्त आवक नहीं होने के कारण टमाटर की कीमतों में तेजी बनी हुई। लोकल बाडियों से जैसे ही आवक होगी। सब्जियों के दाम में कमी आने की संभावना है।

वाहन दुर्घटना में तीन युवक घायल

सहसपुर लोहारा। पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी बिरोड़ा के बीच एक अज्ञात स्विफ्ट की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार 3 ग्रामीण युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार पश्चात जिला चिकित्सालय के लिए रिफर किया गया है मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिला के साजा संबलपुर निवासी परस सेन उम्र 28 वर्ष लखन सेन गुलाब सतनामी 22 वर्ष अपने प्लैटिना गाड़ी से सिल्हाटी से साजा मार्ग के लिए जा रहे थे इसी बीच स्विफ्ट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर तीनों युवक घायल हो गए बताया जाता है कि एक ग्रामीण युवक को स्विफ्ट कार लगभग 50 मीटर तक मुख्य सड़क में ले गया जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

न्यूज गैलरी

कोलाज स्पोर्ट्स की दूसरी जीत में चमके वरुण- जिया

नई दिल्ली (वार्ता)। वरुण खन्ना और जिया ऊल हक की घातक गेंदबाजी और सारूल की शानदार बल्लेबाज़ी की बदौलत कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने रविंदर फगना अकैडमी को एकतरफ़ा मुकाबले में 5 विकेट से पराजित कर कादरपुर के युग स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मैदान पर खेले जा रहे प्रथम आर एन सिंह टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। टॉस जीत कर कोलाज के कप्तान जयांशु चतुर्वेदी ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। फगना अकैडमी की टीम 19.5 ओवर में 124 रन बनाकर आउट हो गयी जिसमें दीपक ने 43 राहुल ने 31 रनों की पारी खेली। कोलाज की तरफ से वरुण खन्ना ने 4, जिया ऊल हक ने 4 और दिग्वेश ने 2 विकेट लिए। जबाब में कोलाज ने जीत को 18.5 ओवर में 5 विकेट पर 130 रन बना कर हासिल कर लिया।

विजय मर्चेंट : यूपी सेमीफाइनल में

कानपुर (वार्ता)। बड़ौदा के खिलाफ खेले गये चार दिवसीय ड्रा मैच में पहली पारी में बढ़त के आधार पर मिले तीन अंको की मदद से मेजबान उत्तर प्रदेश ने गुरूवार को विजय मर्चेंट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। कमला क्लब मैदान पर उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 287 रन बनाये थे जिसके जवाब में बडौदा की पहली पारी 157 रनों पर ढेर हो गयी थी। पहली पारी में 130 रनों की लीड के साथ यूपी के कप्तान जीत दर्ज करने की कोशिश करने की बजाय बल्लेबाजों को अभ्यास का मौका देने को तरजीह दी जिसके चलते यूपी की टीम दूसरी पारी में 528 रन बनाकर आउट हुयी। मेजबान टीम की ओर से शुभांकर शुक्ला (107), मोहम्मद अमान (110) और राव अब्दुल वाहिद ने 91 रनों का योगदान दिया। बडौदा के डाक्स बबारिया ने सर्वाधिक पांच विकेट चटकाये जबकि हेत ठक्कर ने दो और करन उमत ने एक विकेट लिया।

भारत ने टेनिस में जीते दोनों टीम स्वर्ण

काठमांडू (वार्ता)। भारत ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में क्लीन स्वीप करते हुए पुरुष और महिला टीम वर्ग के स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर लिया। पुरुष वर्ग में भारत ने पाकिस्तान को 2-0 से और महिला वर्ग में नेपाल को 3-0 से पराजित किया। श्रीराम बालाजी ने मुजम्मिल मुर्तजा को 4-6, 6-3, 6-3 से हराया जबकि साकेत मिनेनी ने अकील खान को 6-2, 6-2 से हराया। पाकिस्तान के ऐसाम उल हक़ और अकील खान की जोड़ी भारत के विष्णु वर्धन और मनीष सुरेशकुमार के खिलाफ युगल मुकाबला खेलने नहीं उतरी ताकि वे एकल प्रतियोगिता के लिए अपनी ऊर्जा बचा सकें। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल में मेजबान नेपाल को 3-0 से हराया था।

भड़के मियांदाद, बोले- इमरान ने किया क्रिकेट बर्बाद

अपने समय में पाकिस्तान के शीर्ष बल्लेबाजों में शुमार किए जाने वाले जावेद मियांदाद ने पाकिस्तानी क्रिकेट की दुर्दशा के लिए प्रधानमंत्री और पूर्व क्रिकेटर इमरान खान को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा है कि इमरान खुद ही देख लें कि उन्होंने देश में क्रिकेट का क्या हाल कर दिया है।

- पाकिस्तान के दिग्गज पूर्व खिलाड़ी जावेद मियांदाद इस वक्त पीएम इमरान पर भड़के हुए हैं
- उन्होंने पाकिस्तान में क्रिकेट की खराब हालत के लिए पीएम को जिम्मेदार ठहराया है
- मियांदाद ने कहा- पीएम को देखना चाहिए कि उन्होंने देश में क्रिकेट का क्या हाल कर दिया है
- टीम में पेशेवर रूख की कमी है और डिपार्टमेंट क्रिकेट बंद किए जाने से देश की क्रिकेट को नुकसान हुआ

कराची। अपने समय में पाकिस्तान के शीर्ष बल्लेबाजों में शुमार किए जाने वाले जावेद मियांदाद ने पाकिस्तानी क्रिकेट की दुर्दशा के लिए प्रधानमंत्री और पूर्व क्रिकेटर इमरान खान को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा है कि इमरान खुद ही देख लें कि उन्होंने देश में क्रिकेट का क्या हाल कर दिया है। 'जंग' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'जियो न्यूज' से बातचीत के दौरान मियांदाद ने इमरान की क्रिकेट नीति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इमरान खुद देख सकते हैं कि क्रिकेट टीम का क्या हश्र हो गया है। उन्होंने कहा कि टीम में पेशेवर रुख की कमी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में पेशेवर रुख डिपार्टमेंट की टीमों से खेलने से आता है। गौरतलब है कि इमरान अलग-अलग सरकारी व गैर सरकारी विभागों-संस्थाओं की टीमों के पक्ष में कभी नहीं रहे। इसके बजाए वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट को क्षेत्रवार कराने के पक्षधर रहे। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद क्रिकेट बोर्ड ने यह बदलाव किया और अब डिपार्टमेंट की टीमों के बजाए घरेलू क्रिकेट में क्षेत्रवार टीमें मैदान में उतर रही हैं। डिपार्टमेंट की टीमों पर आधारित प्रथम श्रेणी क्रिकेट को बंद किए जाने का मियांदाद ने पहले भी विरोध किया था। मियांदाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के कहने पर डिपार्टमेंट क्रिकेट को बंद करने से देश की क्रिकेट को बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने आस्ट्रेलिया में टीम की शर्मनाक हार पर कहा कि इसके लिए कप्तान अजहर अली को जिम्मेदार ठहराना गलत है। उन्होंने कहा कि मान लें कि अगर कोई टीम महज 70 रन पर ही आउट हो जाए तो फिर इसमें कप्तान क्या कर लेगा। जब टीम बड़ा स्कोर करती है, उस समय कप्तान की प्लानिंग देखी जाती है। मियांदाद ने पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का पक्ष लेते हुए कहा कि उनकी टीम में जगह बनती है। उन्हें टीम से निकालकर उनके साथ अन्याय किया गया है। उन्होंने कहा कि मिसबाह उल हक को एक साथ मुख्य चयनकर्ता, मुख्य कोच व बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी देना समझ से बाहर है।

धोनी-धोनी की आवाजें लगाकर पंत पर दबाव ना बनाएं : विराट

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने क्रिकेट प्रशंसकों से अपील की है कि वह स्टैंड में धोनी-धोनी की आवाजें लगाकर युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत पर दबाव ना बनाएं।

विराट ने भी कहा, हमें पंत की क्षमताओं में विश्वास है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि किसी भी खिलाड़ी पर दबाव ना बनाएं और उसे खुद के साबित करने का मौका दें। यदि वह कोई मौका चूकता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि लोग धोनी-धोनी चिल्लाने लगे। यह सम्मानजनक नहीं है। कप्तान ने कहा, कोई भी खिलाड़ी ऐसा होता देखना नहीं चाहता है। यदि आप अपने देश में खेल रहे हैं तो आपको समर्थन मिलना चाहिए ना कि लोग यह ढूंढे कि उस खिलाड़ी की क्या गलती है। कोई भी खिलाड़ी ऐसी स्थिति में रहना नहीं चाहता है। बंगलादेश के खिलाफराजकोट टी-20 के बाद रोहित ने पंत का बचाव किया था और कहा था कि पंत पर दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। विराट ने भी कहा कि रोहित ने सही कहा था कि पंत को अपना गेम खेलने देना चाहिए। वह एक मैच विजेता खिलाड़ी है और वह इस बात को साबित कर देगा।

हैदराबाद (वार्ता)। विराट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले पहले टी-20 मुकाबले की पूर्व संध्या पर आज संवाददाता सम्मेलन में यह अपील की। विराट ने इस तरह पंत को अपना समर्थन दिया जो पिछले कुछ महीनों में स्टंप्स के आगे बल्ले से और स्टंप्स के पीछे दस्तानों से भारी दबाव झेल रहे हैं। इससे पहले सीमित ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा ने भी पंत का समर्थन किया था। भारतीय कप्तान ने प्रशंसकों से अपील की कि वह स्टैंड में धोनी-धोनी की आवाजें ना लगाएं क्योंकि इससे पंत पर भारी दबाव बन जाता है। धोनी जुलाई इंग्लैंड में एकदिवसीय विश्वकप के बाद से भारतीय टीम के लिए नहीं खेले हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपने संन्यास की घोषणा नहीं की है जिसके कारण यह अटकलें लग रही हैं कि वह ऑस्ट्रेलिया में अगले वर्ष होने वाले टी-20 विश्वकप में जगह बना सकते हैं। इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफघरेलू वनडे सीरीज के फिरोजशाह कोटला मैदान में खेले गए निर्णायक मुकाबलों में दर्शक उस समय धोनी-धोनी की आवाजें लगाने लगे जब पंत द्वारा लिया गया डीआरएस असफल रहा था। बंगलादेश के खिलाफ हाल की सीरीज में राजकोट में खेले गए मैच में जब पंत ने लिटन दास की स्टंपिंग का मौका गंवा दिया तब भी दर्शक धोनी-धोनी चिल्लाने लगे। सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद भी कह चुके हैं कि अब धोनी से आगे बढ़ने का समय है और टीम प्रबंधन पंत पर अपना सारा फोकस कर रहा है।

भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने नेपाल को 3-0 से हराया

कानपुर (वार्ता)। भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने नेपाल को गुरुवार को तीसरे और आखिरी वनडे मैच में 126 रनों से हराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और उसकी सलामी जोड़ी लोकेश और रवि ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलायी। लोकेश 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे जबकि रवि 46 के स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठे। सलामी जोड़ी के आउट होने के बाद कप्तान सुनील ने फैजल के साथ मिलकर भारतीय पारी को आगे बढ़ाया और दोनों बल्लेबाजों के अर्धशतक की बदौलत टीम ने 40 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 254 रन बनाए। सुनील ने 76 और फैजल ने 59 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके चार विकेट सस्ते में गिर गए। भारतीय गेंदबाजों की धारदार गेंदबाजी के आगे नेपाल की टीम ज्यादा देर टिक नहीं सकी और मात्र 128 रन पर ऑलआउट हो गयी। सुनील को उनकी अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफद मैच चुना गया।

मुंबई सिटी और केरला ब्लास्टर्स ने खेला ड्रॉ

मुम्बई (वार्ता)। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईपीएल) के छठे सीजन में गुरुवार रात मुंबई फुटबाल एरेना में मेजबान मुंबई सिटी एफसी और केरला ब्लास्टर्स ने रोमांचक ड्रॉ खेला। पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद दूसरे हाफ में दोनों गोल हुए और दोनों टीमें 1-1 के स्कोरलाइन के साथ अंक बांटने पर मजबूर हुईं। मैच के दोनों गोल दूसरे हाफमें सिर्फदो मिनट के अंतराल पर हुए। केरला ने पहला गोल कर बढ़त ली लेकिन दो मिनट बाद मेजबान टीम बराबरी कर ले गई। इस बराबरी के गोल ने मुंबई को अंक तालिका में एक स्थान का फायदा पहुंचा दिया।

कार्यकाल बढ़ाने नये साल का इंतजार करेंगे गांगुली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली को अपना कार्यकाल 2024 तक बढ़ने के लिए नये साल का इंतजार करना होगा।

बीसीसीआई के मौजूदा संविधान के अनुसार अगर किसी पदाधिकारी ने बीसीसीआई या राज्य संघ में कुल मिलाकर तीन साल के दो कार्यकाल पूरे कर लिए हों जो उसे तीन साल की कूलिंग अवधि में जाना पड़ेगा। भारत का पहला डे-नाईट टेस्ट कराने वाले गांगुली का कार्यकाल अगले साल जुलाई में खत्म हो रहा है और इसे 2024 तक बढ़ाया जा सकता है।

नई दिल्ली (वार्ता)। बीसीसीआई ने मुंबई में एक दिसंबर को आयोजित अपनी 88वीं वार्षिक आम बैठक में अपने पदाधिकारियों के कार्यकाल की सीमा में ढिलाई देने को मंजूरी देने के साथ-साथ अपने संविधान में कुछ और संशोधन भी किए थे। इसमें सबसे प्रमुख यह माना जा रहा है कि पदाधिकारी के तीन-तीन साल के दो कार्यकाल पूरा होने के बाद तीन साल की अनिवार्य कूलिंग अवधि को समाप्त कर दिया जाए। यदि ऐसा होता है तो गांगुली का कार्यकाल 2024 तक के लिए बढ़ सकता है। फिलहाल उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए अस्थायी तौर पर 14 जनवरी की तारीख तय की है। बीसीसीआई लोढा समिति की कुछ प्रमुख सिफारिशों को वापस करवाना चाहता है लेकिन इसके लिए उसे उच्चतम न्यायालय की अनुमति की जरुरत है। सर्वोच्च न्यायालय के 14 जनवरी की तारीख तय किए जाने के कारण बोर्ड को फिलहाल अपनी एजीएम में लिए गए फैसलों पर कोई अंतिम निर्णय आने का इंतजार करना होगा। तब तक गांगुली को अपने भविष्य के लिए इंतजार करना होगा। गांगुली ने 23 अक्टूबर को बीसीसीआई के नए अध्यक्ष का पद संभाला था और उन्हें अगले साल यह पद छोड़ना होगा लेकिन छूट दिए जाने के बाद वह 2024 तक बीसीसीआई के बॉस बने रह सकते हैं।

रस्सी कूदना सबसे आसान और बेहतर

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली ओलम्पिक संघ द्वारा दिल्ली ओलंपिक्स गेम 2019 का आगाज रोप स्किपिंग प्रतियोगिता से हुआ। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बैगपाइपर बैंड की देशभक्ति धुनों के बीच दिल्ली राज्य ओलम्पिक रोप स्किपिंग प्रतियोगिता का उदघाटन हुआ। दिल्ली ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप वत्स, सचिव संजीव शर्मा, डीएवी मैनजेमेंट कमेटी के खेल निदेशक जे पी शूर,रोप स्किपिंग प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष निर्देश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, आयोजन सचिव अशोक कुमार निर्भय ने दीप जलाकर प्रतियोगिता शुभारम्भ किया। वत्स ने इस अवसर पर कहा कि रोप स्किपिंग का यह खेल बहुत अच्छा है और इसे खेलने के लिए बहुत ऊर्जा और स्फूर्ति के

साथ साथ मानसिक संतुलन बनाये रहने में सहायता मिलती है। इस खेल की उपयोगिता को देखते हुए इस बार इसे दिल्ली ओलम्पिक में शामिल किया गया है। वत्स ने कहा, ÷रस्सी कूदना सबसे आसान और बेहतर व्यायाम माना जाता है, क्योंकि कुछ ही मिनटों में इसके जरिये पूरे शरीर का व्यायाम होता है। हम चाहते हैं कि बच्चे देशभर में अपना नाम इस खेल में माध्यम से रोशन करें। इसके लिए हमें जो प्रयास करने चाहिए हम करते रहेंगे। आज मैं इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई देता हूं। इस मौके पर दिल्ली ओलंपिक्स खेल रोप स्किपिंग प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निर्देश शर्मा ने कहा कि अगर आप तेजी से वजन कम करना चाहते हैं तो रोप स्किपिंग कीजिये। रस्सी कूदने की खास बात यह है कि इसे कभी भी और कहीं भी कर सकते हैं। रस्सी कूदने से दिल भी स्वस्थ रहता है।

भारत से दो डे-नाइट टेस्ट खेलना चाहता है ऑस्ट्रेलिया

मेलबोर्न (वार्ता)। भारत को 2021 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है और मेजबान ऑस्ट्रेलिया विश्व की मौजूदा नंबर एक टीम भारत से दो डे-नाइट टेस्ट खेलना चाहता है। भारत ने हाल में कोलकाता के ईडन गार्डन में बंगलादेश के खिलाफ अपना पहला डे-नाइट टेस्ट खेला था और इसे पारी से जीता था। ऑस्ट्रेलिया ने भी पाकिस्तान से अपना हाल का डे-नाइट टेस्ट पारी से जीता था। आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में भारत 360 अंकों के साथ पहले और ऑस्ट्रेलिया 176 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। यदि ऑस्ट्रेलिया की यह योजना कामयाब रहती है तो यह पहली सीरीज होगी जिसमें एक से ज्यादा डे-नाइट टेस्ट होंगे।

दक्षिण अफ्रीकी मिकी आर्थर बनाए गए श्रीलंका के नए मुख्य कोच

कोलंबो (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी मिकी आर्थर गुरुवार को श्रीलंका टीम के मुख्य कोच बनाए गए। आर्थर 11 दिसंबर से पाकिस्तान के साथ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान श्रीलंका टीम से जुड़ेंगे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने आज इसकी घोषणा की। आर्थर को दो साल के लिए टीम का कोच नियुक्त किया गया है। गत अगस्त को एसएलसी ने पूर्व तेज गेंदबाज रुमेश रत्नायके को टीम का अंतरिम कोच बनाया था। श्रीलंका ने मुख्य कोच चंडिका हथुरासिंघा को इस वर्ष इंग्लैंड में हुए एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद

कोच पद से हटा दिया था। आर्थर इससे पहले 2005 से 2010 तक दक्षिण अफ्रीका, 2011 से 2013 तक ऑस्ट्रेलिया और हाल ही में पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। आर्थर के कार्यकाल के दौरान ही 2017 में पाकिस्तान ने आईसीसी चैंपियंस ट्राफी जीती थी लेकिन टीम के विश्वकप में खराब प्रदर्शन के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनका अनुबंध नहीं बढ़ाया था।

श्रीलंका के मुख्य कोच नियुक्त होने पर आर्थर ने कहा, मैंने पाकिस्तान के साथ बेहतरीन तीन वर्ष बिताए। इसके बाद मुझे कुछ समय का आराम चाहिए था। श्रीलंका टीम में कोच का पद खाली था और मैंने इस बारे में चर्चा शुरु की। मैं इस टीम के खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

उपलब्धि | **81 किग्रा में हरियाणा की निर्मल के खिलाफ वॉकओवर मिला**

भाग्यवती और अंकुशिता चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

इंडिया ओपन में स्वर्ण पदक जीतने वाली भाग्यवती काचारी और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन अंकुशिता बोरो ने गुरुवार को चौथी इलीट महिला मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

कन्नूर (वार्ता)। इलीट महिला मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप मुंडायाड इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही है। असम की मुक्केबाज ने आरएसपीबी का प्रतिनिधित्व करते हुए पिछले वर्ष मध्य प्रदेश के लिए कांस्य पदक जीतने वाली जिज्ञासा राजपूत को 81 किग्रा वर्ग में 5-0 से हराया। काचारी की ही राज्य की अंकुशिता बोरो ने 64 किग्रा में आसान जीत हासिल की। अंकुशिता ने हिमाचल प्रदेश की एरिका शेखर को 5-0 से हराया। पिछले संस्करण में रजत पदक जीतने वाली हरियाणा की नुपुर को भी 75 किग्रा वर्ग में जीत हासिल करने में दिक्कत नहीं हुई। नुपुर ने हिमाचल प्रदेश की संध्या को 5-0 से हराया। नुपुर ने एशियाई चैम्पियनशिप के बाद पहली बार रिंग में वापसी की है। इसके अलावा ऑल इंडिया पुलिस की लालफाकमावी राल्ते ने केरल की शीतल शाजी को 81 किग्रा वर्ग में 5-0 से हराकर अंतिम-8 में जगह बनायी। मिजोरम के लिए अबिसाक वी. ने जीत हासिल की। अबिसाक ने तमिलनाडु की आर. प्रियदर्शिनी को 64 किग्रा वर्ग में पहले ही राउंड में बाहर कर दिया। हालांकि मध्य प्रदेश की खिलाड़ी निशा यादव उल्टफेर का शिकार हुई और उन्हें 64 किग्रा वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। उत्तर प्रदेश की अराधना पटेल ने राउंड-2 में आरएससी के आधार पर निशा को हराया। केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर पहली बार नेशनल्स में हिस्सा ले रहे लद्दाख को भी चौंकाने वाले परिणाम का सामना करना पड़ा। उसकी स्टार फरिना लियास को केरल की अंशुमोल बेनी के हाथों पहले राउंड में आरएससी से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली की तरफ से अंजलि ने 69 किग्रा और शलाखा सिंह ने 75 किग्रा में जीत हासिल करते हुए अंतिम-8 दौर में जगह बनाई। अंजलि ने पंजाब की गगनदीप कौर को 5-0 से हराया जबकि शलाखा ने महाराष्ट्र की मनीषा ओजा को इसी स्कोरलाइन से हराया। आंध्र प्रदेश के लिए गोम्पा गेया रुपिनी ने 81 किग्रा में जीत हासिल करते हुए अंतिम-8 में जगह बनाई।

बैडमिंटन में भारत के दो स्वर्ण और दो रजत पक्के

पोखरा (वार्ता)। भारत की अश्मिता चलिहा और गायत्री गोपीचंद ने गुरुवार को महिला वर्ग के सेमीफाइनल तथा सिरिल वर्मा और आर्यमन टंडन ने पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में अपने- अपने मुकाबले जीतकर 13वें दक्षिण एशिया खेलों के एकल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली। इस तरह दोनों एकल वर्गों में भारतीय खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंचने से देश के दो स्वर्ण और दो रजत पदक पक्के हो गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अश्मिता ने श्रीलंका की खिलाड़ी अचिनी रत्नासिरी को 21-5, 21-7 से हराया जबकि गायत्री ने भी श्रीलंका की दलिमी दियास को 21-17, 21-14 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों भारतीयों के फाइनल में पहुंचने से इस वर्ग में भारत के स्वर्ण और रजत पदक तय हो गए हैं।

पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में सिरिल वर्मा ने श्रीलंका के दिनुका करुणारत्ने को लगातार गेमों में 21-19, 21-12 से और आर्यमन टंडन ने दूसरी सीड नेपाल के रत्नाजीत तमांग को 21-18, 14-21, 21-18 से हराकर फाइनल में स्थान बना लिया। दोनों भारतीयों के फाइनल में पहुंचने से इस वर्ग में भारत के स्वर्ण और रजत पदक तय हो गए हैं।

मुंबई की डांसर से भिलाई में सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

पीड़िता ने लिखाई चार के खिलाफ एफआईआर

नवप्रदेश संवाददाता

ये आरोप भी लगाए पीड़िता ने

पीड़िता ने पुलिस में दर्ज शिकायत में यह भी कहा है कि आरोपियों ने दुष्कर्म करने के बाद उसके 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिए और वापस मुंबई चले जाने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, लूट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भिलाई। मुंबई की एक डांसर के साथ भिलाई में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। पीड़िता ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ सुपेला थाने में केस दर्ज कराया है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इनमें से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सुपेला थाने के टीआई गोपाल व्यास ने नवप्रदेश को बताया कि पीड़िता मुंबई की डांसर है और डांस शादी, पार्टी जैसी इवेंट में डांस परफॉर्म करती है। उसे सोनू कुमार नाम के शख्स ने मुंबई से किसी इवेंट के लिए ही बुलाया था। लेकिन उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। मामले में सोनू कुमार के अलावा तीन आरोपी कमलेश साहू, कबीर व राज भी हैं। इन चारों आरोपियों में से दो- कमलेश साहू व राज को गिरफ्तार कर लिया गया है। टीआई व्यास ने कहा कि मुख्य आरोपी सानू कुमार के पकड़े जाने पर ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा कि युवती को मुंबई से आखिर किस इवेंट के लिए बुलाया गया था।

हैदराबाद, उन्नाव के बाद अब छत्तीसगढ़ के भिलाई में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात ने महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नवपदस्थ एमडी वर्मा का अभियंता संघ ने किया स्वागत

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्टेट पॉवर कंपनीज में प्रबंध निदेषकों के पद पर कंपनी के ही अभियंताओं की नियुक्ति से पॉवर कंपनी के अभियंताओं में भारी उत्साह और खुशी का माहौल हैं। इसकी अभिव्यक्ति देने कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में छत्तीसगढ़ विद्युत अभियंता संघ ने आज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेषन कंपनी के नवपदस्थ प्रबंध निदेषक श्री राजेष वर्मा से सौजन्य भेंट कर उन्हें बधाई और षुभकामनाएं दी। छत्तीसग? पॉवर कंपनी अभियंता संघ के अध्यक्ष श्री राजेष पाण्डे, महासचिव श्री संजय तेलंग तथा ऑल इंडिया पॉवर इंडिया फैडरेषन के श्री सुरेन्द्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर भावी सफल कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं दी।

भाजपा नेताओं ने नामांकन के लिए प्रत्याशियों संग भरा जोश

- एकात्म परिसर से रैली निकालकर सभी पहुंचे कलेक्टोरेट

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन पूरे प्रदेश में भाजपा पार्षद पद के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से नामांकन रैली निकाली गई। रैली एकात्म परिसर से होकर शास्त्री चौक वहां से कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची जहां नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन रैली में सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी, नंदे साहू, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार अग्रवाल शामिल हुए। नामांकन रैली के दौरान जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा की। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि भाजपा के पार्षद बढ़ी संख्या में विजय हासिल करेंगे और महापौर भी भाजपा का ही बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर नाकाम है जनता जिसका जवाब देगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष कौशिक बिलासपुर के बोदरी में नामांकन रैली में शामिल हुए। नामांकन रैली चकरभाठा राम मंदिर से निकल कर ग्राम पंचायत कार्यालय बोदरी पहुंची। बड़ी संख्या में पार्षद पद के प्रत्याशी रैली में शामिल हुए। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन बेहतर होगा और हमारी जीत सुनिश्चित है। जनता के बीच हम 15 साल में किए विकास के कार्य और कांग्रेस के एक साल के नाकामी को लेकर जा रहे हैं। पूरे प्रदेश में विकास ठप है। शहर हो या गांव हर जगह हालात एक जैसे है और जनता कांग्रेस को जवाब देने का मन बना चुकी है।

नामांकन रैली के दौरान जयंती पटेल, श्यामसुन्दर अग्रवाल, सत्यम दुवा, बजरंग खण्डेलवाल, मुकेश शर्मा, अकबर अली, मुरली शर्मा, शिवजलम दुबे, कपील यादव, राजीव मिश्रा, व कृष्ण कुमार कौशिक, पेगन वर्मा, कुशल पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व पार्षद प्रत्याशी शामिल हुए।

आईटीबी कैंप फायरिंग में नया मोड़, जबर्दस्ती दी गई थी छुट्टी

नवप्रदेश संवाददाता

एक्सक्लूसिव

नारायणपुर/रायपुर। नारायणपुर के कड़ेनार स्थित आईटीबीपी कैंप में बुधवार को जवानों के बीच हुई फायरिंग को लेकर नई बात सामने आई है। 4 दिसंबर को हुई इस घटना के संबंध में आई अब तक की खबरों के मुताबिक साथी जवानों पर गोलियां चलाने वाला आरोपी जवान मसुदुल रहमान उस दिन छुट्टी पर जा रहा था।

लेकिन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मसुदुल उस दिन छुट्टी पर नहीं जाना चाह रहा था। वह 20 दिसंबर के बाद पश्चिम बंगाल स्थित अपने गांव जाना चाहता था। इसकी वजह दिसंबर के अंतिम व जनवरी के पहले हफ्ते में उसके घर-परिवार में कोई कार्यक्रम हो सकती थी। लेकिन सूत्रों के मुताबिक 4 दिसंबर को उसे एक तरह से जबर्दस्ती छुट्टी दी गई थी। लिहाजा उस दिन मसुदुल मन मारकर छुट्टी पर जा रहा था।

मसुदुल ने वायरलेस टेलिकम्यूनिकेशन के हेड कांस्टेबल से भी पूछा था कि उसने उसकी छुट्टी की एप्लिकेशन हेड ऑफिस को तो नहीं भेजी, जवाब हां मिला। गौरतलब है कि मसुदुल द्वारा की गई फायरिंग में एक वायरलेस टलिकम्यूनिकेशन (डब्ल्यूटी) वाले बैरक में घुसकर भी फायरिंग की थी, और मृत जवानों में एक डब्ल्यूटी का हेडकांस्टेबल भी था।

एफसीटीसी को लेकर रायपुर में बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में नई पीढ़ी को तम्बाकू उत्पादों से होने वाली स्वास्थ्य हानि और नशे की आदत से मुक्त बनाने के लिए रायपुर में आज तीन दिवसीय राष्ट्र स्तरीय बैठक का समापन हुआ। यह बैठक डब्लूएचओ-सीटीसी (विश्व स्वास्थ संगठन.फ्रामेवोर्क्स कन्वेंशन आन तंबाकू कण्ट्रोल)कन्वेंशन को प्रदेश में प्रभावी रूप से लागूकरवाने के लिए द यूनियन द्वारा किया गया था। सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 का पालन प्रदेश में सुनिश्चित करने पर भी इस बैठक में बात हुयी। समापन समारोह को संबोधित करते हुए निहारिका बारीक सिंह, सचिव स्वास्थ्य (छत्तीसगढ़)ने कहा स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले हुक्का बार बंद करने के लिए कानूनी मसौदा तैयार करने का समय आ गया है। धूम्रपान और तंबाकू के सेवन पर पाबन्दी लगाने के लिए कड़ाई से पालन करना होगा। सुश्री सिंह ने कहा चबाने वाला तंबाकू भी हानिकारक होता है जिसे रोका जाना चाहिए। इसके लिए रणनीति बनाना आवश्यक है। तंबाकू उत्पाद करने वाले इंडस्ट्री के इंटरफेयर को रोकने के लिए एफसीटीसी (विश्व स्वास्थ्य संगठन-फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल)5.3 सेक्शन उपयोग करने के लिए समिति बनाने का कार्य छत्तीसगढ़ में किया जाएगा।

इंस्पायर अवार्ड के लिए तीन हजार 78 विद्यार्थियों का चयन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ से इंस्पायर अवार्ड मानक योजनान्तर्गत सत्र 2019-20 के लिए तीन हजार 78 प्रतिभागी विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस सत्र में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत राज्य के 14 हजार 520 विद्यालयों के पूर्व माध्यमिक और हाई स्कूल स्तर की कक्षा छठवीं से दसवीं तक 37 हजार 359 होनहार बालक-बालिकाओं ने ऑन लाइन नोमिनेशन किया था। संचालक लोक शिक्षण एस. प्रकाश ने यह जानकारी देते हुए बताया की विगत सत्र 2018-19 में दर्ज कुल 10 हजार 363 विद्यार्थियों में से 681 विद्यार्थी चयनित हुए थे। इस सत्र में विगत सत्र 2018-19 की अपेक्षा अधिक विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान और स्वायत्तशासी संस्थान के द्वारा संचालित की जाती है।